
देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



पीएम मतलब पनौती मोदी: राहुल गांधी 12

हिन्दुस्तान ऐसा बने, जहां हर कोई अपने सपने... 10



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 41
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

बुधवार | 22 नवंबर, 2023

## सुरंग में कैद सभी श्रमिक सुरक्षित, तस्वीरें सामने आने के बाद मुख्यमंत्री बोले, जल्द सुरक्षित निकाला जाएगा

# इंतजार खत्म, जीत लेंगे सुरंग से 'जंग'

### मैं ठीक हूं मां, आप खाना टाइम पर खाना, 10 दिन से सुरंग में फंसे मजदूर की बातें सुनकर नम हुई रेस्क्यू टीम की आंखें

### सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, पहली बार दिखे टनल के अंदर मजदूर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। उत्तरकाशी

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिलक्यारा टनल में 10 दिन से फंसे 41 मजदूरों के रेस्क्यू के लिए मंगलवार दोपहर दो बजे दोतरफा ड्रिलिंग शुरू की गई है। सिलक्यारा में ऑगर मशीन से टनल के अंदर भेजे जा रहे 900 एमएम पाइप के अंदर अब 800 एमएम का पाइप डाला जा रहा है ताकि रुकावट हट सके। डंडालगांव की ओर से 6.5 मीटर टनल बना दी गई है। यहां पर कुल 480 मीटर टनल बनाई जानी है। इससे पहले अंदर फंसे मजदूरों को मंगलवार दोपहर सेब और संतरे भेजे गए हैं। इससे पहले उन्हें 24 बोतलों में गर्म खिचड़ी और दाल भेजी गई थी। अंदर फंसे मजदूरों का एंडोस्कोपिक कैमरे के जरिए मंगलवार सुबह 3 बजकर 52 मिनट पर पहला फुटेज सामने आया। मजदूरों से बात हुई, उनकी गिनती की गई। सभी मजदूर सुरक्षित हैं। मजदूरों की हर एक्टिविटी का पता लगाने के लिए अब दिल्ली से हाईटेक सीसीटीवी मंगाए जा रहे हैं।





टनल में फंसे 41 मजदूरों से पहली बार एंडोस्कोपिक कैमरे के जरिए बातचीत की गई, गर्म खिचड़ी-दाल पहुंचाई गई।

#### एक्सपर्ट ने अंदर फंसे लोगों से क्या कहा...

- एक्सपर्ट: वॉकी-टॉकी को ऑन करें।
- एक्सपर्ट: शबा जी वॉकी टॉकी को ऑन करें।
- एक्सपर्ट: शबा आवाज आ रही है क्या?
- एक्सपर्ट: सभी खुश लग रहे हैं, हंस रहे हैं। पाइप पर पानी डाला तो खुल गया। वहां धूल क्यों दिख रही है। उसे बोलो कैमरे के स्क्रीन को थोड़ा रूमाल या कपड़े से साफ करे।
- एक्सपर्ट: कैमरे पर सभी लोगों को दिखाओ। एक-एक करके गिनती करके साइड हो।
- एक्सपर्ट: शबा जी आप पाइप के पास आकर वॉकी-टॉकी से बात करें। अब कैमरा बंद कर रहे हैं। कंप्रेसर से पीछे हट जाएं।

#### ग्रीन कॉरिडोर से आएंगी दो रिगिंग मशीनें

गुजरात के बलसाड़ और ओडिशा के हीराकुंड से 2 हैवी पाइलिंग रिग मशीनें वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए आज शाम सिलक्यारा पहुंचेंगी। केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से इन्हें जल्द पहुंचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाने का निर्देश दिया है। मंगलवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी को फोन कर रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली।

#### 4 फ्रंट पर काम होना है...

- सिलक्यारा यानी टनल के एंट्री पॉइंट की तरफ से ऑगर मशीन की ड्रिलिंग शुरू हो गई है।
- डंडालगांव की ओर से टनल में टीएचडीसीआईएल की ड्रिलिंग शुरू हो गई है। 6.5 मीटर ड्रिलिंग हो चुकी है।
- डंडालगांव की ओर से ही ओएनजीसी की वर्टिकल ड्रिलिंग शुरू हो सकती है। सर्वे पूरा हो गया है।
- आरवीएनल ने सिलक्यारा के पास वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए जमीन में पानी और पत्थरों की जांच कर ली है। मशीनें मंगलवार शाम तक पहुंचेगी तो बुधवार से ड्रिलिंग शुरू हो सकती है।

#### रोबोट 'दक्ष' और माइक्रो ड्रोन भी रास्ता ढूंढ़ रहे

9वें दिन पहाड़ में तीन जगह ड्रिलिंग की गई। टनल के दूसरे मुहाने पर टीएचडीसी ने हल्के ब्लास्ट के जरिए 880 मी. टनल बनानी शुरू की है। दूसरी ड्रिलिंग पुरानी जगह हुई। तीसरी टनल के साइड थे। 84 मी. वर्टिकल ड्रिलिंग की तैयारी हो गई है। डीआरडीओ के माइक्रो ड्रोन और रोबोट दक्ष भी मलबे और टनल लाइनिंग के बीच के स्पेस से रास्ता ढूंढ रहे हैं।

#### ऑगर मशीन से दोबारा ड्रिलिंग शुरू

सिलक्यारा सुरंग में ऑगर मशीन से दोबारा ड्रिलिंग शुरू हुई है। जिससे अब तक करीब 34 मीटर तक ड्रिलिंग की जा चुकी है। पूर्व में 900 एमएम व्यास के पाइप 22 मीटर तक डाले गए थे। इनके अंदर ही 820 एमएम व्यास के 12 मीटर तक पाइप डाले जा चुके हैं। सब कुछ ठीक रहा तो आज शाम तक पाइपों के आर-पार होने की उम्मीद की जा रही है।

#### ये हैं बड़े अपडेट

1- टनल के भीतर रात तीन बजे छह इंच की पाइप लाइन ब्लॉक हुई थी, जिसे फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पानी के प्रेशर से साफ किया। इसके बाद ही कैमरा अंदर जा पाया।
2- एसजेवीएन की मशीन आज दोपहर तक टनल के ऊपर पहुंचने की उम्मीद। शाम या रात को शुरू हो सकती है वर्टिकल ड्रिल।
3- टनल के भीतर अमेरिकी ऑगर मशीन को जल्दी ही शुरू करने की तैयारी।
4- टनल में फंसे मजदूरों को फल जैसे संतरे भेजे गए।
5- परिजन टनल में पहुंचे। अपनों से बात करके संतुष्ट दिखे।
6- आज टनल के आसपास भारी बंदिशें हैं, सरकारी वाहन भी नहीं जाने दे रहे। यूपीसीएल के इंजीनियरों को टनल के ऊपर विद्युतीकरण करने जाना है लेकिन पास के बहाने उन्हें रोका गया।
7- आरवीएनएल ने टनल के ऊपर आठ इंच के लाइफलाइन पाइप की ड्रिल को बेस बनाया।

#### रेस्क्यू में ये संगठन जुटे


- भारतीय सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, बीआरओ, एनएचआईडीसीएल, उत्तराखंड पुलिस, एसजेवीएनएल, आरवीएनएल, लार्सन एंड टूब्रो, टीएचडीसी, आपदा प्रबंधन विभाग, जिला प्रशासन, ओएनजीसी, आईटीबीपी, राज्य लोनिवि, डीआरडीओ, परिवहन मंत्रालय, होमगार्ड्स आदि।

#### इंटरनेशनल एक्सपर्ट बोले- हम सबको बाहर निकाल लेंगे

ऑस्ट्रेलिया से आए इंटरनेशनल टनल एक्सपर्ट ऑर्नल्ड डिक्स ने मंगलवार सुबह रेस्क्यू ऑपरेशन की प्रोगेस पर संतोष जताया और कहा कि हम सभी लोगों को बाहर निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्टिकल ड्रिलिंग सटीक होनी काफी अहम है। वह आज वर्टिकल और हॉरिजॉन्टल ड्रिलिंग का भी जायजा लेंगे। सोमवार को रेस्क्यू ऑपरेशन में दो अहम सफलता मिली। पहली, 6 इंच चौड़ी नई पाइपलाइन डाली गई। दूसरी, ऑगर मशीन के साथ काम कर रहे मजदूरों को किसी अनहोनी से बचाने के लिए रेस्क्यू टनल बनाई जा चुकी है।

## यूपी बोर्ड की परीक्षा देने से पहले होगी फेस रीडिंग

### यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 में नकल और डमी कैंडिडेट्स को रोकने के लिए एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है



- बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स के चेहरे स्कैन किए जाएंगे
- फेस स्कैन करके मशीन डेटाबेस में मौजूद फोटो से उसे मैच कराएगी पहले से ही यूपी बोर्ड की परीक्षा में
- परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और वायस रिकॉर्डर लगाने और कॉपियों पर बार कोड जैसे उपाय शामिल

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** कभी नकल के लिए कुख्यात रहा यूपी बोर्ड अब हाईटेक तरीकों से परीक्षा को पारदर्शी बनाने मैं जुटा हुआ है। नकल के साथ ही अब 'मुन्ना भाइयों' के लिए कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 में नकल और डमी कैंडिडेट्स को रोकने के लिए एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। इसके लिए 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के केंद्रों पर फेस रीडिंग की भी व्यवस्था की तैयारी है। बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स के चेहरे स्कैन किए जाएंगे। फेस स्कैन करके मशीन डेटाबेस में मौजूद फोटो से उसे मैच कराएगी। पहले से ही यूपी बोर्ड की परीक्षा में परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और वायस रिकॉर्डर लगाने और कॉपियों पर बार कोड जैसे उपाय शामिल हैं।

#### परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया होगी ऑनलाइन

यूपी बोर्ड नकल रोकने के लिए इस बार परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया ऑनलाइन कर रहा है। यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों के जरिए निर्धारित परीक्षा केंद्रों की त्रुटि और छात्रों, अभिभावकों व प्रबंधकों की तरफ से मिली आपत्तियों के निराकरण के बाद फिर से सूची बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करने की लास्ट डेट दो दिसंबर है। जबकि 10 दिसंबर को परीक्षा केंद्रों की फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी।

#### परीक्षा देने वाले विद्यार्थी हुए कम

यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए कुल 55 लाख 8 हजार 206 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इसमें 29 लाख 47 हजार 324 स्टूडेंट्स हाईस्कूल के और 25 लाख 60 हजार 882 इंटरमीडिएट के हैं। यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए पिछले साल के मुकाबले 3 लाख 76 हजार 428 कम रजिस्ट्रेशन हुआ है। पिछले साल हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में कुल 58 लाख 84 हजार 634 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

## एडिशनल एसपी मां के सामने इकलौते बेटे की मौत

### एमिटी में पढ़ रहे सपा नेता के बेटे ने एसयूवी से मारी टक्कर, 15 फीट उछलकर सड़क पर गिरा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में एडिशनल एसपी श्वेता श्रीवास्तव के इकलौते बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई। 9 साल का नामिश घर से स्केटिंग करने के लिए निकला था। साथ में श्वेता श्रीवास्तव मौजूद थीं। मंगलवार तड़के जी-20 रोड पर कोच के साथ स्केटिंग प्रैक्टिस करने के दौरान तेज रफ्तार कार ने नामिश को टक्कर मार दी। तेज रफ्तार कार की टक्कर से नामिश हवा में करीब 15 फीट तक उछल गया। जमीन पर गिरने के बाद सिर-पेट में गंभीर चोट आईं। मुंह-नाक से ब्लीडिंग होने लगी। देर शाम एएसपी के बेटे को रौंदने वाले कार चालक सार्थक सिंह को पुलिस ने हिरासत में लिया है। उस पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। सार्थक एमिटी यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर रहा है। उसके पास से एसयूवी कार मिली है। उसके पिता रविन्द्र सिंह उर्फ पप्पू सपा नेता हैं। वह बाराबंकी रामनगर से पूर्व जिला पंचायत सदस्य रहे हैं।

#### स्केटिंग करते वक्त हुआ हादसा

यूपी पुलिस में एसपी श्वेता श्रीवास्तव इंदिरानगर में रहती हैं। उनका 9 साल का बेटा नामिश हर रोज जनेश्वर मिश्रा पार्क के स्केटिंग कोर्ट में जाता था। मंगलवार तड़के 5.30 बजे वह अपनी मां श्वेता के साथ पार्क के लिए निकला थ91। स्केटिंग ट्रेनिंग के दौरान जी-20 पर सड़क पर प्रैक्टिस कराने की बात हुई। साथ में नामिश के ट्रेनर भी मौजूद थे। लोगों ने बताया, इसी दौरान वहां सफेद रंग की एक कार आ गई। कार की स्पीड करीब 100 किमी रही होगी।

#### 15 फीट ऊपर तक उछल गिरा नामिश

लोगों ने बताया कि कार की टक्कर लगने के बाद नामिश हवा में करीब 15 फीट ऊपर तक उछल गया। नीचे गिरने पर उसके पेट-सिर में चोटें आईं। ब्लीडिंग ज्यादा हो रही थी। इसके बाद कार का ड्राइवर तो फरार हो गया। इधर श्वेता जल्दी से अपनी कार लेकर आईं। बेटे को लेकर अस्पताल पहुंचे। यहां नामिश को बचाने का प्रयास किया गया। लेकिन, सिर की गहरी चोट की वजह से नामिश की जान बचाई नहीं जा सकी। हादसे में इकलौते बेटे को खोने वाली श्वेता के दुख को बांटने के लिए यूपी कैडर के ढ्ढक्कस्न अधिकारियों का इंदिरानगर स्थित उनके घर पर आने का सिलसिला शुरू हो गया। हर व्यक्ति उन्हें ढांढस बंधवा रहा है। उनके रिश्तेदार भी यहां पहुंच चुके हैं।

## सबसे बड़ा अनुपूरक बजट लाने की तैयारी में योगी सरकार, 42 हजार करोड हो सकता है आकार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह सर्वोच्च प्राथमिकता है

विकास कार्यों की गति बरकरार रखने के लिए योगी सरकार इस बार सबसे बड़ा अनुपूरक बजट लाने की तैयारी में है। यह 42 हजार करोड़ रुपये तक हो सकता है जो कि पिछले बजट 33,768 करोड़ रुपये की तुलना में करीब 8500 करोड़ रुपये ज्यादा होगा। पिछले अनुपूरक बजट में पूंजीगत व्यय के लिए लगभग 20 हजार करोड़ और राजस्व लेखा के लिए करीब 13756 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। इस बार इसमें 25 फीसदी तक वृद्धि हो सकती है। 28 नवंबर से शुरू हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान अनुपूरक बजट में विकास योजनाओं पर खास प्रावधान हो सकता है। हाल में गठित तीन तीर्थ विकास परिषद और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की तर्ज पर राज्य राजधानी क्षेत्र को धरातल पर लाने के लिए धन की व्यवस्था हो सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले हफ्ते दो नये लिंक एक्सप्रेस वे की घोषणा की थी। कहा था कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को जोड़ने के 60 किलोमीटर के नये लिंक एक्सप्रेस-वे की जरूरत है। इसी तरह चार लेन के 14 किमी लंबे चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के लिए भी जल्द विकासकर्ता के चयन और फर्रूखाबाद को गंगा एक्सप्रेस वे से जोड़ने का प्रस्ताव बनाने को कहा था। पांच एक्सप्रेस के दोनों किनारों पर तीस औद्योगिक गलियारों की स्थापना के लिए प्रारंभिक राशि का प्रावधान होने की संभावना है। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में अयोध्या क्षेत्र के विकास के लिए अच्छी खासी राशि का प्रावधान किया जा सकता है। गन्ने के बकाया भुगतान के लिए स्पेशल पैकेज भी लाया जा सकता है।

**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

## जेल में बंद पूर्व विधायक विजय मिश्र की बढ़ी मुश्किलें बेटी सीमा की 23 करोड़ से अधिक की जमीन जब्त

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



आगरा जेल में बंद निषाद पार्टी के बाहुबली पूर्व विधायक विजय मिश्र की मुसीबतें बढ़ गई हैं। मंगलवार को उनकी पुत्री सीमा मिश्र के नाम फूलपुर के पट्टीधीना उर्फ लालापुर गांव में 23 करोड़ रुपये से अधिक की भूमि जब्त कर ली गई। यह जमीन जिला मजिस्ट्रेट भदोही के आदेश से कुर्क की गई। मंगलवार को नायब तहसीलदार फूलपुर धनंजय यादव आरआई बृजबली इंस्पेक्टर गोपीगंज संतोष कुमार श्रीवास्तव एसओ सुरियावां विनोद कुमार दुबे थानाध्यक्ष सरायइनायत आशीष कुमार पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और मुनादी कराकर हनुमानगंज क्षेत्र के पट्टीधीना उर्फ लालापुर गांव में प्रयागराज वाराणसी मार्ग पर स्थित चार बीघे सात विस्वा दस धुर जमीन की जब्तीकरण की कार्यवाई करते हुए नोटिस चस्पा कर सील कर दिया। प्रशासन के अनुसार यह जमीन गैंगस्टर एक्ट से संबंधित गैंग लीडर पूर्व विधायक विजय मिश्र निवासी खपटिहां, सैदाबाद, थाना हंडिया ने अपनी पुत्री सीमा मिश्रा पत्नी हरि शंकर मिश्र एवं वैष्णवी मिश्रा पुत्री हरि शंकर मिश्र निवासी आलोपीबाग के नाम अपराध से अर्जित अवैध धन से किया है। कुर्क की गई जमीन की बाजार में कीमत 23 करोड़ 20 लाख रुपये है।

## 2024 में नतीजे इंडिया के पक्ष में आए तो 2027 में भाजपा का जाना तय: अखिलेश

- पीडीए है, जो एनडीए को हराएगा। अब सभी दल जातीय गाणना के पक्ष में बोल रहे हैं: अखिलेश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



इलाहाबाद से शुरू हुई पीडीए साइकिल यात्रा मंगलवार को इटावा जिले के सैफई पहुंची। यहां यात्रा के समापन के दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि 2024 के नतीजे यदि आईएनडीए के पक्ष में आए, तो 2027 में भाजपा का जाना तय है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे में सबको 2027 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा 2024 से हिसाब किताब शुरू हो जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा में बहुत से साथी विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त भी हुए। इसमें एक बीमारी डेंगू जैसी थी। डेंगू जैसे बीमारी का सरकार इलाज नहीं करा पाई। अगर 2024 में लोकसभा जीतते हैं, तो 2027 का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उससे पहले ही यूपी का हिसाब किताब हो जाएगा। 2024 बहुत महत्वपूर्ण है, जो मैच गुजरात में हुआ है।

#### लखनऊ में मैच हुआ होता, तो इंडिया जीत जाती

अगर यह मैच लखनऊ में हुआ होता, तो भगवान के साथ अटल जी का आशीर्वाद मिलता और इंडिया जीत जाती। सुनने को आया कि वहां की पिच बहुत गड़बड़ थी। वहां की तैयारी आधी थी, अब समय उनका नहीं दूसरों का है। 2024 में साइकिल चलेगी और 2024 के बाद परिवर्तन दिखाई देगा, वो अलग होगा। पीडीए है, जो एनडीए को हराएगा। अब सभी दल जातीय गाणना के पक्ष में बोल रहे हैं।

#### बाबा जी को 46 और 56 की गिनती में फर्क नहीं पता

इन्होंने जातीय गाणना रोकी वो भी बात कर रहे हैं। अब कांग्रेस भी जाति का एक्सरे करने की बात कह रही है। जब बीमारी हो, तो उसका एक्सरे होना ही चाहिए। ताकि उसका इलाज हो सके। हमारे बाबा जी की गिनती सब जानते हैं। इन्हें 46 और 56 की गिनती में फर्क नहीं पता है। इस समय सबसे भ्रष्ट सरकार भाजपा की है। इस समय कोई काम नहीं बता पा रहे रहे हैं, सिर्फ सपा के काम गिना रहे हैं।

# डीएम ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को यूपीटी, रामघाट, बरहा के हनुमान मन्दिर, यात्री सुविधा स्थल पर हो रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने यूपीटी चौराहे पर बन रहे फाउंटेन के सम्बन्ध में उन्होंने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि आर्किटेक्ट से कहें कि इसे अच्छा बनाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि फाउंटेन पर जालीदार स्टोन लगवाएं, स्टोन ऑर्डर देकर जल्द से जल्द इसे पूर्ण कराएं। बोरिंग का कार्य व बिजली का कनेक्शन भी कराएं। उन्होंने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि म्यूरल वॉल को भी जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि चैराहे पर जो अतिक्रमण है, उसे हटाए, जिससे इसका सौंदर्यीकरण हो सके। उन्होंने कहा कि चारों चौराहे का सौंदर्यीकरण अच्छा होना चाहिए व सेल्फी प्वाइंट भी अच्छा होना चाहिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किये कि जो होर्डिंग लगी है, उनकों हटवाएं। टेंडर के माध्यम से होर्डिंग लगेगी, जिससे सरकार की आय में वृद्धि होगी। रामघाट पर बन रहे गेट के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि जो आर्किटेक्ट द्वारा दिया गया है, उसी के अनुसार स्टोन भी लगवाएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि रोड के किनारे जो दुकान हैं, उसको नोटिस दें। इसके बाद उन्होंने बरहा के हनुमान पर बने गेट व नाली निर्माण कार्यों को देखा। उन्होंने कार्यदाई संस्था से कहा कि जो पत्थर लगे हैं, उसकी घिसाई भी करवाएं व नाली के बगल में जो स्पेस है, उसमें मिट्टी फीलिंग कराएं। उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्यों में गुणवत्तापूर्ण रहनी चाहिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लेखपाल आलोक प्रसाद को निर्देशित किया की टॉयलेट के लिए जमीन का सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रेषित करें नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि बरहा के हनुमान के पास रोड पर जो गुमटी रखी है, उनको हटाएं। उन्होंने परिक्रमा मार्ग से हटाए गए अतिक्रमण की स्थल पर बनाए जा रहे 10 मीटर पर वियूग डेब का भी निरीक्षण किया। परिक्रमा मार्ग पर चोपड़ा तालाब का भी निरीक्षण किया एवं कार्यदाई संस्था से कहा कि इसमें फाउंटेन बनवाए व पानी भी भरवाए। उन्होंने कहा कि मिट्टी की साफ-सफाई कराकर एसटीपी बनवाए, जिससे पानी साफ रहे। उन्होंने कहा कि फाउंटेन कलर फुल रहनी चाहिए। इसके बाद उन्होंने यात्री सुविधा स्थल सीतापुर को निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से निर्देशित किया कि इसमें लाइट की भी व्यवस्था अच्छी सुनिश्चित कराएं। साथ ही बाउंड्री के सामने पौधे लगाए।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी कर्वी लाल जी यादव, प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# बोलेरो-रोडवेज की सीधी भिड़ंत में सात की मौत, कई लोग घायल

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



रोडवेज बस और बोलेरो की आमने सामने हुई भिडंत में सात लोगों की मौत हो गयी। साथ ही गम्भीर रूप से घायल चार लोग जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के पन्ना अजयगढ़ थाना क्षेत्र के लइचा गांव निवासी प्रताप पटेल (35) पत्नी अशोका (30), पुत्र सनद (11) और पुत्री आकांक्षा (13) के साथ प्रयागराज गंगा स्नान को गया था। उसके साथ उसके पिता आनंदी पटेल (66), बहनें सुनयना पटेल (23) पत्नी संजय और बेटा दीपक (5), रामबाई (30) पत्नी देशराज निवासीगण बैरागा देवगांव (अजयगढ़) के अलावा अरविंद (30) पुत्र तीरथ निवासी नगनेधी खुरहंड (बांदा), भूरा (35) पुत्र भवानीदीन निवासी करतल (बांदा) और जगदीश कुशवाहा (57) गया प्रसाद निवासी कोर्रापुरवा कमासिन (बांदा) भी थे। मंगलवार को सभी लोग बोलेरो से प्रयागराज से लौट रहे थे। पूर्वाह्न लगभग 11 बजे थाना रैपुरा बगरेही गांव के पास नेशनल हाइवे पर कर्वी से प्रयागराज जा रही जनरथ से आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई। जिससे बोलेरो रोडवेज बस में घुस गई। इसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे रैपुरा थानाध्यक्ष ने सभी को जिला चिकित्सालय एवं नजदीकी सीएचसी रामनगर भेजा। जहां तीन लोगों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बाकी को प्राथमिक इलाज देने के बाद प्रयागराज रिफर कर दिया। जहां आनंदी पटेल और अशोका की इलाज के दौरान मौत हो गयी। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द और पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने घायलों के संचित इलाज के निर्देश दिए हैं।

## विशेष न्यायाधीश ने सुनाया निर्णय

# नाबालिग के साथ अश्लील हरकतें करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

परचून की दुकान से घर लौट रही दुकानदार की नाबालिक बेटी के साथ अश्लील हरकतें करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश ने आरोपी को चार वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही तीन हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप ने बताया कि बीती 11 मई 2016 को कर्वी कोतवाली में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार वह गांव में परचून की दुकान करता है। घटना के दिन 10 मई 2016 को वह दुकान की खरीददारी के लिए कर्वी आया था। दुकान में उसका बेटा बैठा था। इस दौरान उसकी 16 वर्षीय छोटी बेटी घरेलू सामान लेने के लिए शाम सात बजे दुकान गई थी। वहां उसे कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत छेछरिया बुजुर्ग गांव का निवासी जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र हरी प्रसाद गोसाई गन्दी नियत से देख रहा था। इसके बाद जब उसकी बेटी दुकान से घर लौट रही थी, तो रास्ते में जितेन्द्र ने उसे पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। किसी तरह उसकी बेटी स्वयं को बचाकर घर आई तो पीछा करते हुए जितेन्द्र भी घर आ गया और गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने के बाद मारपीट भी की। परिवार के अन्य सदस्यों के आ जाने पर आरोपी इस मामले की शिकायत करने पर बर्बाद करने की धमकी देते हुए चला आया। पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को 21 मई 2016 को गिरफ्तार जेल भेज दिया और न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी जितेन्द्र उर्फ जीतू को चार वर्ष कारावास के साथ तीन हजार रूपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी जितेन्द्र उर्फ जीतू को चार वर्ष कारावास के साथ तीन हजार रूपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

# डीएम ने की राजस्व विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मंगलवार को सीएम डैशबोर्ड से सम्बन्धित राजस्व विभाग की योजनाओं की माह अक्टूबर की समीक्षा बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई। बैठक में ऊर्जा, बाटमाप, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना, खाद एवं औषधि प्रशासन, परिवहन, जीएसटी, कृषि भूमि से गैर कृषि, एंटी भू माफिया, कुर्रा बटवारा (धारा 116), पैमाइश (धारा 24), भू आवंटन पट्टा, भूलेख वसूली प्रमाण पत्र, स्वामित्व, सॉल्वेंसी सर्टिफिकेट, स्टांप का रजिस्ट्रेशन, लोक शिकायत आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड पर जिसकी स्थिति ठीक नहीं है उसमें सुधार कराएं। उन्होंने बाट माप के सम्बन्ध में कहा कि जितने भी आवेदन आते हैं, उनका निस्तारण कर फीड भी करते चले। प्रधानमंत्री आवास योजना के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि जिन लोगों की दूसरी किस्त चली गई है। इसकी एक लिस्ट सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को दें, जिससे अपने लेखपाल के माध्यम से पता कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि जिनको किस्त चली गई है और कार्य नहीं पूरा हुआ है उसको नोटिस दें की आवास जल्द से जल्द पूर्ण कराए। जीएसटी के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि महीने दर महीने प्रगति गिरती जा रही है, इसमें प्रगति नहीं हो पा रही है, जिससे कि सीएम डैशबोर्ड पर स्थिति ठीक नहीं है, इसमें सुधार कराएं।

# जनजातीय गौरव दिवस पर केवीके एवं जेएसएस ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया आयोजन

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवा एवं जन शिक्षण संस्थान चित्रकूट द्वारा जनजातीय गौरव दिवस एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को ग्राम गोपीपुर ब्लाक मानिकपुर में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन, मण्डलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, उप महानिदेशक पुलिस चित्रकूट धाम बाँदा विपिन कुमार मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मानिकपुर उप जिलाधिकारी रामजन्म यादव, ग्राम प्रधान श्यामलाल कोल एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. चंद्रमणि त्रिपाठी तथा जन शिक्षण संस्थान के निदेशक अनिल कुमार सिंह ने वीर बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष दीपप्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. चंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि भारत का जनजाति समाज अपनी आध्यात्मिक परंपराओं संस्कृति और श्रेष्ठ जीवन मूल्यों के साथ भारतीय सभ्यता और संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। जनजाति समाज ने अपने त्याग और बलिदान से राष्ट्र की रक्षा में अपना संपूर्ण योगदान दिया है। वैज्ञानिक उत्तम त्रिपाठी ने कहा कि जनजाति समाज द्वारा किए गए योगदान संघर्ष और बलिदान के स्मरण के लिए भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को जनजाति गौरव दिवस के रूप में हम सभी मना रहे हैं। जन शिक्षण संस्थान के निदेशक अनिल कुमार सिंह ने कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न रोजगार परख प्रशिक्षण कार्यक्रमों व अन्य गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान कर स्वावलंबी बनने की बात कही। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि आप सबकी ऊर्जा, उत्साह उत्तम है। शासन की योजनाएं आप तक पहुँचाने का कार्य हो रहा है। अभी भी नशा रूपी एक सामाजिक बुराई यहाँ बहुतायत में दिखाई पड़ती है। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा चेकडैम के मरम्मतीकरण एवं एक फेस विधुतीकरण को तीन फेस में परिवर्तित करने का कार्य शीघ्र योजना बनाकर पूर्ण करवाने का भरोसा दिलाया।

पुलिस उप महानिदेशक विपिन कुमार मिश्रा ने कहा कि यहाँ के वनवासी बन्धु, भगनी सदैव स्वभिमान पूर्वक अपना जीवन निर्वाह करने के लिए प्रयत्नशील रहे हैं। प्रशासन सदैव आपके सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। मण्डलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि भारतरत्न नाना जी देशमुख की सोच कितनी दूरदर्शी थी। वह कहते थे कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम मानव समाज के लिए संकल्प है। उन्होंने कहा कि राम ने लंका विजय के लिए स्थानीय समाज को एकजुट करके लंका पर विजय प्राप्त की, उसी प्रकार हम सब भी संगठित होकर सामूहिक प्रयत्न से अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र को बेहतर बनाने के लिए कृत संकल्पित हों। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से अपेक्षा की संस्थान जिन ग्राम आबादियों में सघनीभूत होकर कार्य कर रहा है। वहाँ कैम्प लगाकर शासन की सभी योजनाओं एवं प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन को लेकर डीएम ने की बैठक

जन एक्सप्रेस | बांदा



जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि विभिन्न योजनाओं से बचे व असंतृप्त लोंगो को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 23 नवम्बर से 21 जनवरी, 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से संवाद कर योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित कराया जायेगा। अभियान के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान में महत्वपूर्ण योजनाओं आयुष्मान भारत, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, पीएम आवास एवं उज्जवला योजना, केसीसी, जीवन ज्योति बीमा योजना, जन-धन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना, अटल पेंशन सुरक्षा बीमा योजना आदि योजनायें सम्मिलित की जायेंगी। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम सौभाग्य योजना, उज्जवला योजना, मुद्रा लोन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना आदि योजनायें सम्मिलित की जायेंगी।

उन्होंने निर्देश दिये हैं कि जिन गॉवों में यात्रा आयोजित की जायेगी, उसमें चैपाल लगाकर पात्र लाभार्थियों के फार्म भी भरवाये जाने के निर्देश दिये हैं। ब्लाक स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उक्त कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किये जाने के साथ ही ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रमों में महत्पूर्ण योजनाओं जैसे- पेंशन स्टाल में वृद्धावस्था, दिव्यांग का एक संयुक्त स्टाल, स्वास्थ्य स्टाल में वृद्धों, महिलाओं, बच्चों, युवाओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी एवं टीकाकरण तथा पशुओं के टीकाकरण कार्यक्रम, कृषि स्टाल में उर्वरक, बीज, पेस्टीसाइड सहित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं बैंक एवं सहकारिता के स्टाल भी लगवाये जायेंगे। सहकारिता विभाग द्वारा अभियान चलाकर नैनो यूरिया का प्रचार-प्रसार तथा सहकारिता के अधिक से अधिक सदस्य बनाये जायेंगे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन कार्यक्रम में रोस्टर के अनुसार ग्राम पंचायत के कार्यक्रम में प्रधान, सचिव तथा सम्बन्धित अधिकारी रहेगें तथा शहरी क्षेत्र में नगर पंचायत/नगर पालिका के अधिकारी द्वारा कार्यक्रम के आयोजन का प्रचार-प्रसार कराया जायेगा। कार्यक्रम में राजस्व विभाग, सहकारिता विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा प्रतिभाग करते हुए अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ लाभार्थियों को लाभान्वित किया जायेगा तथा बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रभात फेरी, पेन्टिंग प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी। बैंक के द्वारा कृषकों को ई-केवाईसी, आधार सीडिंग व अन्य बैंक सम्बन्धी समस्याओं की जानकारी दी जायेगी।

## वृद्ध की हार्ट अटैक से मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के बदौली क्योटरा निवासी प्रभुदयाल (60) पुत्र द्वारिका सोमवार की शाम अपने साले भुल्ला के यहां गया था। घर पहुंचा और कुर्सी में बैठते ही उसे दिल का दौरा पड़ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। मौत की खबर पाकर परिवारीजन भी मौके पर पहुंच गये। मृतक के दो पुत्र और एक पुत्री है। बड़े पुत्र दीपक ने बताया कि उसके पिता प्रभुदयाल सेतु निगम के रिटायर कर्मचारी थे।

## युवक की सर्पदंश से मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** मर्का थाना क्षेत्र के मऊ गांव निवासी सूर्यप्रकाश (22) पुत्र बीरेंद्र सोमवार की रात खेत में पानी लगा रहा था, तभी उसे सर्प ने डस लिया। उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजनों ने उसका उपचार कराया लेकिन उसकी मौत हो गयी। मौत हो जाने से परिजन बेहाल हो गये। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# भगवान श्रीकृष्ण ने हमें प्रकृति से जुड़कर रहना सिखाया है: आचार्य विनोद शुक्ला

जन एक्सप्रेस | बांदा



जिला मुख्यालय के धीरज नगर कालूकुआं में गोमती विला में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण की संगीतमयी कथा में आचार्य पंडित विनोद शुक्ला ने पांचवें दिन की कथा में बोलते हुए कहा कि ईश्वर एवं जीव के शुद्ध मिलन का नाम ही महारास है आचार्य विनोद शुक्ला ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की हर एक कथा एवं लीला अध्यात्म तत्व से परिपूर्ण है भगवान श्री कृष्णा पूतना का उद्धार करके अबिदयारू को नष्ट किया जब तक जीवन में वासना नष्ट नहीं होगी तब तक भय रूपी कंस को नहीं मारा जा सकता। जब हमारे जीवन में संशय नष्ट होगा तभी भय से मुक्ति मिलेगी। भगवान श्रीकृष्ण ने मिट्टी खाकर पृथ्वी तत्व का शोधन किया। कालिया नाग का मर्दन करके जल तत्व को शुद्ध करके पांच तत्वों की शुद्धि ही प्रभु के अवतार का प्रयोजन है। भगवान श्रीकृष्ण ने माखन खाकर गोपियों के विशुद्ध मन की चोरी किया। गिरिराज गोवर्धन की पूजा कर श्री कृष्ण ने संपूर्ण मानव समाज को सजक करते हुए भगवान ने हमें प्रकृति से जुड़कर रहना सिखाया। इस कथा को सुनने के लिए सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ नित्य प्रति उमड रही है मुख्य जजमान के रूप में राकेश शुक्ला एवं उनकी धर्मपत्नी सुमति शुक्ला नित्य प्रति भगवान का चरित्र सुन रही हैं उनके साथ शुक्ला परिवार के सारे परिजन परिवार के साथ कथा का श्रवण कर रहे हैं।

# हाईवे चौड़ीकरण के विवादित मामलों को तत्काल निस्तारित करें: डीएम

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर



भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचआई से संबंधित बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि एनएचआई के चैड़ीकरण का जो कार्य शेष है संबधित उप जिलाधिकारी से समन्वय बनाते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने के निर्देश परियोजना निदेशक एनएचआई को दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित तहसील क्षेत्र के जो प्रकरण विवादित हैं। एनएचआई के अधिकारियो के साथ शेड्यूल बनाकर प्रकरणों को निस्तारित कराये। जिन प्रकरणों में मुआवजे का भुगतान हो गया है। उनको नोटिस देते हुए नियमानुसार कार्यवाही पूरी करते हुए भवन ध्वस्तीकरण का कार्य कराया जाय। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों में पैमाइश नही हुई हैं उसके लिए टीम बनाकर पैमाइश करा लिया जाय। जहां पर डीमार्क सेशन का कार्य शेष रह गया है उसको जल्द से जल्द पूरा करा लें। जिससे चैड़ीकरण के कार्य में बाधा न आये और कार्य सुगमता से हो जाय। संबंधित उप जिलाधिकारी जिन लोगों के प्रकरण लंबित हैं उससे बात कर प्रकरण का निस्तारण करायें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी खागा नन्द प्रकाश मौर्य, उप जिलाधिकारी बिंदकी अनिल कुमार यादव, परियोजना निदेशक एनएचआई अमन रोहिल्ला, एनएचआई कानपुर मैनेजर पीएस पाण्डेय, लाईजिंग मैनेजर पीएनसी पवन सिंह, सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर पीएनसी आशुतोष सिन्हा, मैनेजर एनएचआई डीके शर्मा, प्रशासनिक मैनेजर पीएनसी अनुज तिवारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## रेलवे स्टेशन के सुन्दरीकरण के कार्य में तेजी लाने का निर्देश

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत् जनपद के रेलवे स्टेशन के कराये जाने डेवलपमेंट के काम में तेजी लाने के लिए सम्बंधितों को निर्देश दिये गये हैं। जिसके चलते एक सप्ताह के अंदर पीआरएस काउंटर को यूटीएस में शिफ्ट किये जाने की कवायद शुरू की जा चुकी है। पीआरएस काउंटर के शिफ्ट होने के बाद बिल्डिंग को जमींदोज किये जाने के बाद काम को गति दिया जा सके। जनपद मुख्यालय रेलवे स्टेशन को सुंदरीकरण कराये जाने के लिए लंबे समय से अनारक्षित टिकट घर के साथ ही आरक्षित टिकट घर काउंटर को शिफ्ट किये जाने की कवायद चल रही थी लेकिन काम में होने वाली लेटलतीफी के चलते पीआरएस काउंटर को शिफ्ट नहीं कराया जा सका।

जिससे सर्कुलेटिंग एरिया का विस्तार कराए जाने के काम को भी गति नहीं मिल पा रही। जिसको देखते हुए अफसरों ने एक सप्ताह के अंदर चल रहे काम को पूरा किये जाने के साथ ही पीआरएस को यूटीएस में शिफ्ट किये जाने के निर्देश दिया हैं।

# वन माफिया उजाड़ रहे प्रतिबंधित हरे पेड़, जिम्मेदार कर रहे अनदेखा

जन एक्सप्रेस | खागा, फतेहपुर



किशनपुर थाना क्षेत्र के नरैनी कस्बा के समीप रामनरेश ईट भट्ठा के करीब वन माफियाओं ने प्रतिबंधित हरे महुआ पेड़ों को इलेक्ट्रॉनिक आरो से काटकर धरासाई कर दिया। जहॉ सरकारे पौध रोपड व संरक्षण के लिए प्रतिवर्ष करोडो का बजट खर्च कर रही है। वही ईलाकाई पपुलिस व वन विभाग की मिली भगत से कटान माफिया वनो को उजाड़ कर रहे हैं। वन माफिया हरे भेरे पेड़ों को ईलाकाई पुलिस व वन विभाग की मिली भगत से इलेक्ट्रॉनिक आरो द्वारा प्रतिबंधित हरे वृक्षों के कटान तेजी से किया जा रहा है। रक्षक ही भक्षक बन जाय तो कैसे पूरी होगी सरकार की देश-प्रदेश को हरा-भर करने की मंसा।

वन विभाग के ढीले रवैया के चलते क्षेत्र के कई जगहों पर बीते पखवाड़े हरे विशालकाय के प्रतिबंधित वृक्षों की कटाई हो रही है। भले ही शासन-प्रशासन पर्यावरण के प्रति बहुत ही संवेदनशील हो, लेकिन वन माफियाओं को शासन-प्रशासन का तनिक भी भय नहीं रहा। हरे वृक्षों के कटान से वनों का अवमूल्यन समाप्त हो रहा है। साथ ही पर्यावरण के प्रति लकडी माफियाओं द्वारा गहरा आघात पहुंचा रहे हैं। बीते दिनों जिला अधिकारी सी. इंदुमती भले ही वन माफियाओं पर कड़ी नजर रखने के लिए विभागों समेत शासन-प्रशासन को अलर्ट किया हो लेकिन वन माफियाओं अपने तूती और सिस्टम के दम पर बेखौफ होकर दिनदहाड़े प्रतिबंधित हरे वृक्षों समेत वनों का अस्तित्व समाप्त करने में लगे हुए हैं। वहीं वन विभाग के जिम्मेदार जॉच कर कार्यवाही का रटारटाया जवाब दे रहे है।

## सड़क हादसे में तीन की मौत, आधा दर्जन घायल

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** बांदा-बहराइच मार्ग पर सोमवार देर शाम को टेम्पो की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन ट्रक की चपेट में आ गये और दोनों की कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। टेम्पो पलटने से बच्चे समेत आधा दर्जन सवारियॉ घायल हो गये। वही हाईवे मे खागा कोतवाली क्षेत्र के इस्कुरी मोड पर बाईक चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। गाजीपुर थाना क्षेत्र के बड़ागांव मछरिया निवासी रामजीत बाइक से बहन गायत्री को लेकर इलाज कराने जनपद मुख्यालय आये थे। देर शाम इलाज के बाद भाई-बहन वापस घर लौट रहे थे। राधानगर क्षेत्र में पीछे से आ रहे टेम्पो ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे भाई-बहन सड़क गिर पड़े और सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को रौंद दिया। हादसे में दोनों की मौत हो गई। बाइक को टक्कर मारने के बाद टेम्पो भी अनियंत्रित होकर पलट गया। उसमें सवार आयुष, देशराज समेत 5-6 यात्री घायल हो गये। सभी को अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी के मुताबिक हाईवे पर आवागमन बंद रहा।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 30.5 (+0.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 15.6 (+1.1)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 94 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 50 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.7 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर -पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# कानपुर के वैभव गुप्ता ने इंडियन आइडल के टॉप 14 में चयनित होकर बढ़ाया प्रदेश और जनपद का मान

* वैभव ने प्रदेश और जनपद की जनता से वोट और सपोर्ट करने के लिए की है अपील

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे

**कानपुर नगर।** पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है, मंजिलें उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, इस कथन को सही कर दिखाया है इंडियन आइडल के सीजन 14 के टॉप 15 में चयनित होने वाले वैभव गुप्ता ने जो उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर में नानकारी के रहने वाले हैं। इंडियन आइडल के ऑडिशन में लाखों की तादात में प्रतिभागी अपनी अपनी किस्मत आजमाने के लिए सिंगिंग के मैदान में उतरते हैं। लेकिन टॉप 14 में चयनित होना किसी कीर्तिमान से कम नहीं है। वैभव गुप्ता के परिजनों की माने तो बचपन से ही उन्हें सिंगिंग का बहुत शौक था। वैभव ने अपने इस टैलेंट के दम पर कई खिताब भी अपने नाम किये हैं। इंडियन आईडल सीजन 14 के टॉप 14 में चयनित होने वाले वैभव गुप्ता उत्तर प्रदेश के इकलौते सिंगर है। जिन्होंने अपने गीतों के माध्यम से न केवल जजों का मन जीता है बल्कि उत्तर प्रदेश की जनता भी उनके गीतों को खूब सराह रही है।





### परिवार को है वैभव पर नाज



वैभव गुप्ता के पिता विष्णु कुमार गुप्ता पेशे से एक व्यापारी हैं। मां ममता गुप्ता ग्रहणी हैं। इसके अलावा परिवार में छोटी बहन और छोटा भाई अनुभव गुप्ता हैं। टॉप 14 में चयनित होने के कारण उनके आसपास के जो पड़ोसी हैं वह तो खुश है ही साथ ही साथ उत्तर प्रदेश और कानपुर की जनता भी बेहद खुश दिखाई दे रही है। वैभव गुप्ता के पिता विष्णु कुमार गुप्ता ने बताया कि वैभव जब 6 साल के थे तभी से ही इन्होंने अपने सिंगिंग कैरियर की शुरुआत की थी। इसके बाद स्कूलिंग के दौरान कई बार उन्होंने शोज भी किये। वैभव गुप्ता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मंटोरा पब्लिक स्कूल से की है। मंटोरा पब्लिक स्कूल के म्यूजिक टीचर अनंत गुप्ता से क्लासिकल में गायकी सीखी। इसी प्रकार वैभव गुप्ता के सिंगिंग करियर की शुरुआत हुई। वैभव ने कई पुरस्कार भी जीते हैं । वॉइस का कानपुर के साथ-साथ रेडियो सिटी सुपर सिंगर 2022 को भी अपने नाम किया। इंडियन आईडल टॉप 15 में सेलेक्ट होने के बाद जब पहली बार वैभव गुप्ता अपने पैतृक निवास नानकरी पहुंचे तो क्षेत्रीय जनता ने उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। अब जबकि वैभव गुप्ता टॉप 14 में चयनित होकर इंडियन आइडल की ट्रैफिक की ओर अपने कदम बढ़ा रहे हैं तो उन्होंने कानपुर की जनता के साथ-साथ प्रदेश की जनता से भी अपील की है कि उन्हें वोटिंग कर इंडियन आइडल का विनर बनने में मदद करें।

## कार्तिक पूर्णिमा मेला व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे डी.सी.पी.



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

आगामी 27 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा मेले के दौरान बिठूर में 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इतनी तादाद में श्रद्धालुओं के पहुंचने की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर बीते दिन बुधवार को डी.सी.पी. विजय ढुल, एडिशनल डी.सी.पी. आकाश पांडे, ए.सी.पी. कल्याणपुर विकास पांडे, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी प्रवीण कुमार दुबे, बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह, एस आई धन सिंह ने आधा दर्जन कच्चे पक्के घाटों का निरीक्षण किया। साथ ही साथ मेला स्थल पर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया। डी.सी.पी. विजय ढुल ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मेले के दौरान सभी गहरें घाटों को बैरिकेड किया जाए और इन घाटों पर पूरी तरीके से स्नान प्रतिबंध रहेगा। किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी ना हो इसको ध्यान में रखते हुए घाटों पर गोताखोर के साथ-साथ अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। कल्याणपुर बिठूर रोड को वन वे किया गया है। जिसमें कल्याणपुर की रोड से आने वाले वाहन मंधना रोड से होकर ही जा सकेंगे।

## ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन में सतत व्यवसाय विकास चुनौतियां और संभावना रहा विषय

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में सतत व्यवसायिक विकास चुनौतियां एवं संभावनाओं विषय पर मंगलवार को एक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का ऑनलाइन आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के प्रो. राज कुमार सिंह ने सतत व्यवसाय विकास चुनौतियों और संभावना विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल सस्टेनेबिलिटी स्टैंडर्ड बोर्ड (आईएसएसबी) व्यवसाय के सतत विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहता है यह विभिन्न व्यवसायिक संस्थानों को अपने उद्देश्यों एवं प्राथमिकताओं के बारे में सजग करता है। ब्रिटेन में भी यूनाइटेड किंगडम सस्टेनेबिलिटी डिस्क्लोजर स्टैंडर्ड द्वारा व्यवसायिक संस्थानों को अपने स्तर को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जाता है। डॉ. मयंक जिंदल ने बताया कि यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 21 व 22 नवंबर 2023 को 9 सत्रों में आयोजित किया जा रहा है। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि विश्वविद्यालय सदैव अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ाने और दुनिया भर के शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और उद्योगपतियों को एक मंच प्रदान करने के लिए प्रयत्नशील है यह कॉन्फ्रेंस इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. विवेक सिंह सचान ने बताया कि हमें दुनिया के कई स्थानों से 109 पेपर प्राप्त हुए हैं। डीन प्रोफेसर सुधांशु पांडिया ने सभी आयोजको को बधाई दी और कांफ्रेंस के सफल होने की कामना की। स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. अंशू यादव ने बताया कि वर्तमान अर्थव्यवस्था के माहौल में सतत व्यवसाय विकास में चुनौतियां और संभावनाएं सबसे प्रासंगिक विषय है और अधिकांश व्यवसाय स्थायी व्यवसाय विकास पर काम कर रहे हैं और स्थायी व्यवसाय विकास के साथ भारत शीघ्र ही 5 ट्रिलियन इकोनामी बन जाएगा। डॉ. सुदेश श्रीवास्तव ने सत्र का समापन किया और सम्मेलन के पहले सत्र में उपस्थित सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन प्रदान किया




## कल्याणपुर क्रॉसिंग पर लगा भीषण जाम, कई एंबुलेंस फंसी






जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कल्याणपुर क्रासिंग मंगलवार को 40 मिनट तक बंद रहने से क्रासिंग पर एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक लंबा जाम लग गया, इस दौरान आने-जाने वालों को काफी कठिनाइयों का सामान करना पड़ा, क्रासिंग बंद होने की वजह से कुछ लोग गूबा गार्डन बगिया क्रॉसिंग से निकलकर गए, वहीं जो लोग क्रासिंग में फंसे थे उनको 40 मिनट तक क्रॉसिंग खुलने का इंतजार करना पड़ा, ऐसे में कई लोग ऐसे भी थे जिनको स्कूल अपने बच्चों को लेने जाना था, लेकिन समय पर नहीं पहुंच पाए, जाम में स्कूली वैन, और एंबुलेंस भी फंसी रही, इस बीच लोगों ने नाराजगी भी दिखाई और रेलवे कर्मचारियों को जल्दी क्रासिंग खोलने की बात कही, लोगों का कहना था कि क्रॉसिंग पर काम रात्रि के समय करना चाहिए था दिन में क्रॉसिंग बंद होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## भाजपा पूर्व उपाध्यक्ष कानपुर ग्रामीण अल्पसंख्यक आवारा गोवंश की टक्कर से घायल

* बिल्हौर कस्बे में प्रतिदिन कोई ना कोई घटना घटती रहती है जिसमें लोग हो रहे चोटिल

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर कस्बे में आवारा गोवंश की संख्या इतनी ज्यादा सड़कों पर हो गई है कि नगर पालिका प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। आए दिन मोटरसाइकिल सवार चोटिल होते रहते हैं कई बार तो फल का ठेला लगाने वाले उनकी टक्कर से फल आदि सड़कों पर फैल जाते हैं जिससे चौराहों पर अफरा तफरी मच जाती है। मंगलवार को ट्रांसपोर्टर मो अफजाल अपने ट्रांसपोर्ट पर जा रहे थे सांड आपस में लड़ रहे थे जिसमें से एक सांड तेजी से रोड की तरफ भागा जिसमें ट्रांसपोर्टर के जोरदार टक्कर लग गई वह करीब 30 फिट तक घसीटते चले गए वहां पर राहगीरो ने दौड़कर उनको किसी तरह बचाया डॉक्टर मुस्ताक अहमद के अस्पताल ले गए जहां पर एक्स-रे होने पर दाहिने हाथ की माइनर फैक्चर पंजे में और पैर के दाहिने अंगूठा में भी पिक्चर निकला है उन्होंने पट्टी आदि बांधकर कच्चा प्लास्टर के लिए कहा है की सूजन कम होने पर हो जाएगा। हालांकि बिल्हौर नगर के भाजपा नेताओं ने वहां पहुंचकर उनको सांत्वना दी और कहा कि नगर पालिका प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है जिससे आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। नगर के भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता त्यागी जी के काफी चोट आयी है । समाजसेवी सुमित गुप्ता ने बताया कि कस्बे में आवारा गोवंश से आए दिन घटनाएं घट रही हैं रास्ते में पैदल जा रहे बच्चे और बुजुर्गों को अक्सर टक्कर मार देते हैं इस ओर नगर पालिका प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है यह गंभीर समस्या है। बिल्हौर नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी अंजनी मिश्रा से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया जिससे यह ज्ञात नहीं हो सका की आवारा गौवंश को गौशाला में करने में क्या दिक्कतें आ रही हैं जो रोड पर घूम रहे हैं और आए दिन घटनाएं हो रही हैं।

## ककवन ब्लॉक सभागार में विकसित संकल्प भारत यात्रा में हो जन जन की भागीदारी पर गोष्ठी

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में जनपद में विकसित संकल्प भारत यात्रा का शुभारंभ हो रहा है जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्र के सभी गांव में राज्य व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित की तमाम योजनाओं के बखान के साथ अन्य प्रकार के सार्वजनिक कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित कर शासन के द्वारा बीते 10 वर्षों में जो जो योजनाएं आम आदमी तक पहुंची है उनके बारे में विस्तार पूर्वक बताया जाएगा सोमवार को ककवन विकासखंड कार्यालय में आयोजित हुई बैठक में सभी विभाग के अधिकारी ने पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान, आंगनवाड़ी, सहायिका, ग्राम पंचायत सचिव, आशा बहू आदि तमाम सार्वजनिक कर्मचारियों के साथ विकसित संकल्प यात्रा के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी शिव नरेश राजपूत द्वारा योजनाओं के बारे में हुआ ग्राम पंचायत स्तर पर कराए जाने वाले चौपाल की चर्चा करते हुए विशेष जानकारी दी उन्होंने पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान, अमृत योजना, पीएम जन औषधि योजना, उजाला योजना, सौभाग्य योजना, समाज कल्याण विभाग, पेंशन, शौचालय, राष्ट्रीय अजीविका मिशन के बारे मे बता कर लोगो को जागरूक करने की बात कही इसके साथ ही बैठक में वीआईपी आवाहन किया गया जिन ग्राम पंचायत में चौपाल का आयोजन होगा उसमें महिलाओं सहित पुरुष की भी जैन भागीदारी होनी आवश्यक है इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय कुमार यादव एडीओ पंचायत राजवीर कटियार, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नीरज पटेल, समाज कल्याण एडीओ शिवेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे

## आईआईटी पांडू नगर में मेले का आयोजन



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर कानपुर में मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ।जिसका उद्घाटन संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ.नरेश कुमार द्वारा किया गया। मेले में आई बीएमएस प्राइवेट लिमिटेड, एस्कॉर्ट्स कंस्ट्रक्शन, सनबीम लाइट वेटिंग सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों द्वारा प्रतिभागी 155 बच्चों में से 62 बच्चों का चयन किया गया।

## पुलिस आयुक्त ने बच्चों को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



यातायात माह नवम्बर में जागरूकता अभियान के अन्तर्गत पुलिस आयुक्त आर.के. स्वर्णकार द्वारा थाना क्षेत्र नजीराबाद स्थित अंध विद्यालय जूनियर हाई स्कूल में दृष्टिबाधित बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त यातायात सलमान ताज पाटिल, एसीपी स्वरूप नगर- शिखर, अंध विद्यालय के प्रधानाचार्य इन्द्रजीत सिंह,राम प्रकाश सिंह भदौरिया, वार्ड नं0 37 के पार्षद पवन गुप्ता, विकलांग एसोसिएशन कानपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तथा अन्य सम्भ्रांत व्यक्ति व सम्मानित पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। इस मौके पर पुलिस आयुक्त ने अंध विद्यालय के बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि सड़क पार करते वक्त कई चीजों का ध्यान रखना चाहिये भले ही ईश्वर ने किसी इंसान को आंख, हाथ, पैर या कोई भी दिव्यांगता दी हो लेकिन उन्हें अलग से सेंस दिया है जिसके चलते वे आम आदमी से ज्यादा एक्टिव रहते है। उनसे कई बच्चों ने कई सवाल भी किये।

## सीएसए में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन संपन्न

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मानव चिकित्सालय पर मंगलवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय नियमित रूप से अपने छात्र छात्राओं एवं कर्मचारियों की स्वास्थ्य के लिए इस तरह की पहल करता रहा है। जांच करने के साथ ही उचित स्वास्थ्य परामर्श दिया गया।

## सफेद नंबर प्लेट लगी वैन को बना दिया गया स्कूली वैन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शहर में अगर आप अपनी पर्सनल कार में थोड़ा सा सामान लेकर जाते हुए दिखाई दिए गए तो आपका चालान कब हो जाएगा आपको पता भी नहीं चलेगा लेकिन कानपुर की ट्रैफिक पुलिस प्रतिदिन सैकड़ो ऐसे वाहनों कुछ देखती रहती है जो धड़ल्ले से नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं साथ ही साथ मासूमों की जान से भी खिलवाड़ भी कर रहे हैं। हम बात कर रहे हैं प्राइवेट स्कूलों में लगी स्कूल वैन की जिसकी पहले तो नंबर प्लेट सफेद होती है और वह क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर उसे स्कूल से घर और घर से स्कूल तक पहुंचाते हैं और तो और इन पर किसी भी ट्रैफिक पुलिस कर्मी की नजर नहीं पड़ती है आखिर ऐसा क्यों जब नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए इन वैन/कार चालकों के संबंध में स्कूल से भी पूछा जाता है तो वह भी अपना पल्ला झाड़ लेते हैं ट्रैफिक माह में लोगों को जागरूक किया जाता है लेकिन ट्रैफिक पुलिस की नजर इन वाहनों पर क्यों नहीं पड़ती है जब इस संबंध में जन एक्सप्रेस के संवाददाता अंकित चौधरी ने डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताजपाटिल से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है और स्कूल संचालकों से भी बात की जाएगी।

## आशू दिवाकर को गिरफ्तार करने के लिए एसटीएफ चीफ से लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

राशिद एनकाउंटर के बाद शहर के थाना चकेरी क्षेत्र में रहने वाले मृतक किसान बाबू सिंह यादव के परिजनों ने राशिद कालिया को इनकाउंटर में ढेर करने वाली एसटीएफ से अब गुहार लगाई है। फरार चल रहे पूर्व भाजपा नेता आशू दिवाकर को अभी तक पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पायी है। आरोपी नेता पर एक लाख रुपए का इनाम भी घोषित हो चुका है। बाबू सिंह के परिवार का कहना है कि अब पुलिस से उनका भरोसा उठता जा रहा है। अपराधी राशिद कालिया का झांसी में एनकाउंटर होने के बाद रामबाबू के परिवार ने एसटीएफ चीफ से गुहार लगाई है कि वो फरार बीजेपी नेता को पकड़ें। किसान की बेटियों ने कहा कि पिता की आत्महत्या के ढाई महीने हो गए हैं, अभी तक हमें अनाथ बनाने वाला 1 लाख का इनामी फरार चल रहा आशू दिवाकर की अरेस्टिंग नहीं हो सकी है। इतना ही नहीं उसके गैंग के लोग भी ढ़ाई महीने से फरार हैं।

# सीएचसी अधीक्षक ने ऑपरेशन के नाम पर मरीज से लिया 8 हजार, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने हटाया

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर



ऑपरेशन के नाम पर मरीज से आठ हजार रुपए लेने के मामले का डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने संज्ञान लिया। भाजपा पदाधिकारी की शिकायत पर उन्होंने सीएमओ से जांच कराया। शुरुआती दौर में आरोपों की पुष्टि होने पर उन्होंने अधीक्षक को हटाकर दूसरी सीएचसी पर भेजा है। इसकी पुष्टि उन्होंने ट्वीटर हैंडल से की है।
जिले के बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार वसूली के मामले में अक्सर चर्चा में रहते थे। लेकिन इस बार वो बुरे फंसे हैं। यहां बीते दिनों मालती पत्नी सोनू की पेशेंट को परिवार वालों ने सीएचसी में भर्ती कराया था।
परिजनों का आरोप है कि सीएचसी अधीक्षक ने ऑपरेशन के एवज 8 हजार रुपये मांगे। परिवारीजनों ने ऑपरेशन से पूर्व चार हजार रुपये की व्यवस्था करके उन्हें दे भी दिया। बची हुई रकम ऑपरेशन के बाद देने का वादा किया था। और वादे के अनुरूप ऑपरेशन बाद बकाया धनराशि अधीक्षक को दे दी थी। यही नहीं आरोप है कि अधीक्षक ने दवा के लिए 15 हजार रुपये मरीज के परिजनों से लिए थे। अंत में मरीज का एक वीडियो वायरल हुआ। साथ ही भाजपा बल्दीराय के सेक्टर संयोजक अभिषेक अग्रहरि ने इसकी शिकायत डिप्टी सीएम से किया। इसे संज्ञान लेकर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सीएमओ को जांच के आदेश दिए थे। अपने ट्वीटर हैंडल से जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच डॉक्टर पर लगे आरोप सही मिले हैं। जिसके बाद आज उन्होंने बल्दीराय सीएचसी से अधीक्षक को हटाकर कादीपुर के बिजेथुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात किया। वही दो सदस्यीय टीम को जांचकर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगा है।

# बलात्कार के आरोपी को 20 साल का कारावास जानलेवा के हमले के आरोपी को 8 साल की जेल

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर

कोर्ट ने दो मामलों में अपना फैसला सुनाया है। कोतवाली देहात थाने के एक आरोपी को सवा साल पहले दर्ज रेप के मामले अदालत ने बीस साल का कारावास और बीस हजार का अर्थ दंड लगाया है। वही नौ वर्ष पूर्व धम्मौर में जानलेवा हमले के मामले के आरोपी को आठ साल की सजा और बीस हजार का अर्थ दंड लगाया है। पाक्सो कोर्ट ने मारपीट, रेप, पाक्सो एक्ट में नितिन सरोज उर्फ अपोले पुत्र विपिन सरोज निवासी पीथीपुर पलिया थाना कोतवाली देहात को बीस साल कठोर कारावास व बीस हजार का अर्थ लगाया है। वादी मुकदमा ने बीते वर्ष 20 सितंबर 2022 को थाने पर तहरीर दी थी कि आरोपी वादी की पुत्री को बहला-फुसलाकर नाजायज संबंध बनाकर भगा ले गया। उसे गर्भवती किया। मामले में विवेचक शिवाकान्त त्रिपाठी द्वारा विवेचना की गयी।
विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने के उपरान्त आरोप पत्र संख्याः ए-01 30 सितंबर 2022 को कोर्ट में प्रेषित किया गया था। उधर एएसजे04 पाक्सो सुल्तानपुर ने धम्मौर थाना अंतर्गत अर्जुन मिश्रा पुत्र स्व बब्बन मिश्रा निवासी सरूवांवा थाना धम्मौर को उक्त 8 वर्ष का कठोर कारावास व 20,000 रुपए अर्थदण्ड लगाया है। वादी मुकदमा ने 29 अगस्त 2014 को तहरीर दी थी कि आरोपी ने वादी के सिर पर धारदार हथियार से हमलाकर चोट पहुंचाई। जिस पर अर्जुन मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचक राममूर्ति सिंह द्वारा विवेचना की गयी। विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने के बाद आरोप पत्र संख्याः ए-01 दिनांक 23 सितंबर 2014 को कोर्ट में प्रेषित किया गया था।

# जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस | अमेठी



जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित शासन के सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक किया। बैठक में उन्होंने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने अपने विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें।
अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये। डीएम ने शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की विभागवार, योजनावार समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत चिकित्सकों,दवाओं की उपलब्धता स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, टीकाकरण आदि, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण के अन्तर्गत छात्रवृत्ति योजना, वितरण, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना, दिव्यांगजन सशक्तीकरण पेंशन योजना, प्रोबेशन विभाग की योजना, ग्राम विकास के अन्तर्गत मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, खाद्य एवं रसद के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, खाद्यान्न वितरण की प्रगति के बारे में जानकारी ली।उन्होंने समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत जनपद में सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त किये जाने आदि, विद्युत विभाग की समीक्षा में सरकार की मंशा अनुरूप रोस्टर के अनुसार विद्युत अपूर्ति, कृषि विभाग के अन्तर्गत खाद व बीज की उपलब्धता एवं वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, बाल विकास एवं पुष्टाहार आदि की योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। बैठक में डीएम ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं एवम कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये।
इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने का निर्देश दिया। और कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी। उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, ए आर कोऑपरेटिव मित्र सेन वर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर बैठक

जन एक्सप्रेस | अमेठी



विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनपद में सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी शैलेंद्र सिंह डिप्टी डायरेक्टर जनरल व संयुक्त सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स भारत सरकार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर जनपद स्तर पर की गई तैयारी के संबंध में एक प्रेजेंटेशन दिया गया।जिसमें उन्होंने नोडल अधिकारी को अवगत कराते हुए बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर जनपद स्तर पर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले में समस्त ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तिथि, समय व डे नोडल अधिकारी का रोस्टर जिलाधिकारी द्वारा जारी किया जा चुका है। साथ ही विकास खंडवार प्रभारी अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई जा चुकी है।इसके अतिरिक्त विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के प्रचार प्रसार हेतु शासन द्वारा जनपद में छह एलईडी वैन भेजी गई है।
बैठक में नोडल अधिकारी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार का बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जो राज्य सरकार के सहयोग से पूरा होगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा जो योजनाएं संचालित की गई हैं। यदि वे किन्हीं कारणों से पात्र व्यक्तियों तक नहीं पहुंची हैं,तो अभियान के दौरान उन योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाएगा साथ ही जिन लोगों को योजनाओं का लाभ मिला है। उनके द्वारा उस योजना का लाभ मिलने से उनके जीवन स्तर में बदलाव की कहानी लाभार्थियों के माध्यम से ग्रामीणों को बताई जाएगी।अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। इस अभियान के अंतर्गत शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के साथ ही पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जाए।उन्होने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में रोस्टर के अनुसार दो महीने तक चलने वाले इस संकल्प यात्रा में लोगो को जोड़ते हुये समाज के अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाय।
बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु चौपाल लगाये जाने हेतु तथा एलईडी प्रचार वाहन के रूट चार्ट चलाने व उनके रूकने, सुरक्षा आदि की व्यवस्था के लिये अलग-अलग अधिकारियों को नामित किया गया। उन्होने कहा कि जनपद में कार्यक्रम का वृहद प्रचार-प्रसार कराते हुये सफल क्रियान्वयन कराया जायेगा। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, डीपीआरओ श्रीकांत यादव, ए आर कोऑपरेटिव मित्रसेन वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रेल कर्मचारियों ने किया मतदान

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** रेल कर्मचारियों ने आज रेलवे स्टेशन स्थित के प्लेटफार्म नंबर एक पर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर मतदान किया। रेल कर्मचारी पुरानी पेंशन के पक्ष और विपक्ष में मतदान कर रहे हैं। नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारी केशव गुप्ता ने बताया कि मतदान के आधार पर यूनियन की अगली रणनीति तय होगी। वहीं नार्दन रेलवे मेन्स यूनियन के ब्रांच सेक्रेटरी सुरेश चंद्र द्विवेदी ने बताया कि हमारी पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सरकार से लड़ाई चल रही है। 10 अगस्त को रामलीला मैदान पर हम लोगों ने धरना प्रदर्शन किया था। उसी समय यह निर्णय किया गया था कि अगर सरकार इस पर कोई कदम नहीं उठाती है तो हम लोग जो है 21 और 22 नवंबर को हड़ताल करके लोगों से और कर्मचारियों से मत लेंगे। कर्मचारी अगर स्ट्राइक के पक्ष में रहेंगे और सरकार कोई निर्णय नहीं लेती है पुरानी पेंशन बहाली को लेकर तो रेल कर्मचारी ही नहीं फिर वह चाहे बस के कर्मचारी हो, चाहे वह सेंट्रल के कर्मचारी हो, चाहे वह राज्य सरकार के कर्मचारी हो हम सब मिलकर के भारत सरकार को बंद करने का काम करेंगे।

## महिला की जमीन पर ठेकेदार जबरन चलवा रहा जेसीबी

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर

धम्मौर थानाक्षेत्र के सोनबरसा गांव की एक महिला ने लेखपाल और ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि इन दोनों के प्रभाव में आकर कुछ ठेकेदार जेसीबी मशीन से मेरे भूखंड पर अवैध तरीके से खुदाई कर निर्माण कर रहे हैं। मैंने पुलिस बुलाकर निर्माण रुकवाया। लेकिन बावजूद इसके ठेकेदार धमकी दे रहा कि निर्माण तो होगा चाहे मर्डर क्यों ना हो। इसकी शिकायत आज पीड़िता ने अधिकारियों से की है। थानाक्षेत्र के सोनबरसा गांव निवासी शिवकुमारी पत्नी हृदय राम ने डीएम को आज प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरा घर 20 वर्षों पूर्व गाटा संख्या 120 व 113 में बना हुआ है। जो राजस्व और नवीन परती व बंजर के खाते में दर्ज है। जिसको लेकर मेरे पति पर 122बी भी चल रहा है। मेरे पति द्वारा यूपी की धारा 67 ए के प्रावधानों के अंतर्गत एक याचिका भी उप जिलाधिकारी सदर के यहां दायर की हुई है। अभी इस पर कोई निर्णय व निस्तारण नहीं हुआ है। यही नहीं पीड़िता के अनुसार उसने एक याचिका उच्च न्यायालय लखनऊ में जून माह में डाल रखा है। जिसमें कोर्ट ने आदेश किया कि उक्त वाद को 3 माह के अंदर निस्तारित किया जाए।

# राजेश अग्रहरि पर जमीन हड़पने का लगा आरोप

जन एक्सप्रेस | अमेठी

अमेठी की एक दलित महिला ने राजेश अग्रहरि पर जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। सीमा देवी नाम की पीड़ित महिला ने गुहार लगाई है कि राजेश ने मेरी जमीन हड़प ली है। दलित महिला ने बताया कि मैंने तहसील चकबंदी तथा थाने में रिपोर्ट की। लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। महिला ने डराने धमकाने का आरोप भी लगाया है। मामला भेटुवा विकासखंड के टिकरी ग्राम पंचायत का है, जहां राजेश की मिल्क फैक्ट्री बनी है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि फैक्ट्री से लगी हुई मेरी जमीन पर भी कब्जा कर लिया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि का नाम एक जमीन के विवाद में घसीटे जाने के बाद उन्होंने इसे मनगढ़ंत कहानी बताते हुए कहा कि विज्ञापन मांगने आये थे। नहीं दिया तो झूठी खबर चला कर छवि खराब करने की साजिश रची गयी। उधर सीमा देवी



एक साजिश के तहत मेरी छवि खराब करने का खड्यंत्र रचा गया है। मैं इस पर चुप नहीं बैठूंगा। कानूनी कार्यवाही करूंगा।
–राजेश अग्रहरि
जिला पंचायत अध्यक्ष, अमेठी

की शिकायत पर जांच के बाद राजस्व विभाग की तरफ से लगाई गयी रिपोर्ट बता रही है, की वहां सीमा देवी का कुछ नहीं है। राजस्व और चकबंदी विभाग की रिपोर्ट यह बता रही है कि यह जमीन राजेश मसाला ने बैनामा ली थी। और राजेश के द्वारा किसी भी तरह का अतिक्रमण किसी की जमीन पर नहीं किया गया है। सहायक चकबंदी अधिकारी की रिपोर्ट और कानून गो की रिपोर्ट में पूरे विवरण का उल्लेख करते हुए बताया गया की राजेश ने यह जमीन अपने दो बेटों की नाम बैनामा ली थी।और उसी पर काबिज हैं। सूत्र बताते हैं कि किसी उद्योग को लगाने के लिए अनुमति तभी मिलती है। जब जमीन सही होती है।नहीं तो लाइसेंस नहीं मिलता है। बताते चलें कि इसी मामले में शिकायत व आरोप गलत पाये जाने के बाद युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पर मानहानि का मुकदमा भी दर्ज हुआ था।

# 560 ग्राम पंचायतों में स्थापित होगी कचरा निस्तारण इकाई

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर

जिले की 560 ग्राम पंचायतों में कचरा निस्तारण इकाई की स्थापना होगी। कचरा निस्तारण इकाई की स्थापना कराकर गांवों को स्वच्छ बनाया जाएगा। शासन ने निर्माण के लिए धनराशि जारी कर दी है। धनराशि मिलने के बाद विभाग ने ग्राम पंचायतों को कार्य पूरा कराने का निर्देश दे दिया है। ग्राम पंचायतों को सूखा व गीला कचरा से मुक्त करके स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता मिशन के तहत करीब दो साल पहले से काम शुरू कराया गया है। इसके लिए शासन ने चरणवार प्रस्ताव मांगा था। पहले चरण में करीब दो साल पहले शासन ने 45 ग्राम पंचायतों में कचरा निस्तारण इकाई की स्थापना के लिए धनराशि जारी की थी। इसके बाद दूसरे चरण के लिए फिर प्रस्ताव मांगा था। जिले से दूसरे चरण में 560 ग्राम पंचायतों का प्रस्ताव पंचायतराज विभाग की ओर से भेजा गया था।

# सकारात्मक कार्य करने के लिए स्वस्थ रहना जरूरी

जन एक्सप्रेस | रायबरेली




मंगलवार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 वीरेन्द्र सिंह, एवं नोडल अधिकारी, डा0 अरुण कुमार रायबरेली के निर्देशन में जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी0एस0 अस्थाना की अध्यक्षता में प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी बृजलाल वर्मा जी के सहयोग से एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक संसाधन केन्द्र सभागार राही, रायबरेली में किया गया। कार्यशाला में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, इंचार्ज प्रधानाध्यापक व शिक्षको द्वारा प्रतिभाग किया गया है। रीजनल कोआर्डिनेटर पुनीत श्रीवास्तव, उ0प्र0 वॉलेन्ट्री हेल्थ एसोसिएशन द्वारा जनपद में कार्यरत तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की जाने वाली जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रणार्थ सचल / पर्वतन दल के कार्य एवं दायित्वों के अन्तर्गत कोटपा एक्ट 2003 के प्राविधानों के प्रभावी क्रियान्वयन किये जाने के बारे में बताया गया। कार्यशाला में जिला सलाहकार, पूनम यादव द्वारा तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के उद्देश्य तथा लक्ष्यों के बारे में उदाहरणार्थ जागरूकता, कानून का परिपालन तथा निगरानी पर विशेष चर्चा की गयी। कोटपा एक्ट 2003 के अन्तर्गत धारा 4 में सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान निषेध, धारा-5 सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबन्ध, धारा-6 नाबालिका एवं शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास रिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबन्ध, धारा-7, 8 व 10 बिना विशिष्ट स्वास्थ्य चेतावनियों के सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबना हेतु ।
साथ ही समाज में ई-सिगरेट का चलन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम को सुचारू रूप से जनपद में क्रियान्वित करने हेतु भारत सरकार की गाइडलाईन के अनुसार डिस्ट्रिक टोबैको सेल कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली के अधीन कार्यरत है जिसके द्वारा प्रत्येक माह एफ0जी0डी0 प्रशिक्षण/ उन्मुखीकरण कार्यशाला कर लोगों को तम्बाकू का सेवन न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है एवं जिलाधिकारी महोदया, रायबरेली की अध्यक्षता में गठित इन्फोर्समेन्ट स्क्वायड टीम द्वारा छापेमारी कर कोटपा अधिनियम 2003 का अनुपालन एवं अनुश्रवण भी किया जा रहा है, जिसके क्रम में सभी प्रतिभागियों को कोटपा एक्ट 2003 के अन्तर्गत धारा 4 में सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान निषेध का अनुपालन अपने-अपने कार्य क्षेत्र / कार्यालय को तम्बाकू मुक्त घोषित करें, ताकि सामान्य जनमानस में भी लोग इसका अनुपालन खुशी-खुशी करे न कि बाध्य होकर करें।
कार्यशाला के अन्त में जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी0एस0 अस्थाना द्वारा कार्यशाला में आए हुए प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपने विद्यालय, घर, परिवार व कार्य क्षेत्र को तम्बाकू मुक्त बनाने की अपेक्षा की गयी। कार्यशाला में, श्रेयजीत श्रीवास्तव कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# चौहान गुट ने मंडलायुक्त से मिलकर तीन इलेक्ट्रिक शव दाह मशीन लगवाने की मांग

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



जनपद में लावारिस शवों को लगातार चौहान गुट द्वारा गोद लेकर जलवाने का का सिलसिला जारी है, लालगंज थाना क्षेत्र मे फिर एक अज्ञात युवक मिला जिसका इलाज के बाद मौत हो गयी उस लावारिस शव को पुलिस ने पीएम के बाद दो दिन परिजनों का इंतजार किया जब कोई शव का वारिस नही आया तो लिखित रूप से उसे चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष को सूचना दी गयी। प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि लालगंज पुलिस ने लिखित तौर पर सीपी न. 192632036 का0 पंकज व महिला का. निकिता पाल पीएन न.212631320 PMno-1168/23 की मौजूदगी मे चौहान गुट टीम की सुपुर्दगी मे सौप दिया गया। जिसे विधि विधान से चौहान गुट ने उसका मुंशीगंज मे अंतिम संस्कार करवाया। अब तक 105 लावारिस शवों का चौहान गुट दाह संस्कार करवा चुका है। वही हाल ही मे 100 लावारिस शवों का दाह संस्कार व विसर्जन बाद उनका तेरहवीं संस्कार भी किया जा चुका। जनपद ही नहीं प्रदेश भर में अब चौहान गुट गरीबों का मसीहा बन चुका है, जिसकी चारों ओर सराहना भी हो रही है, वही जगह जगह इस कार्य के लिए चौहान गुट को सम्मानित भी किया जा रहा है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मो0 उमर संगठन, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज अहमद ख़ान, जिला संगठन मंत्री मो0 आरिफ, प्रदेश सचिव संदीप पाठक, मीडिया प्रभारी वसीम खान मौजूद रहे।

## मंडलायुक्त ने जनता दर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

मंडलायुक्त, लखनऊ डॉ0 रोशन जैकब ने कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में मंडलीय जनता दर्शन में लोगो की समस्याएं सुनीं। सबसे पहले मंडलायुक्त ने जनपद में लगभग दो माह पूर्व किये गए जनता दर्शन मे आयी हुई शिकायतों के निस्तारण में हुई अब तक की गयी कार्यवाही के बारे में विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। मंडलायुक्त के सामने बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, पेंशन, राजस्व से संबंधित मामले आये।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
खुली निविदा सूचना का प्रथम संशोधन
खुली निविदा सूचना सं. टीआरडी 14–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–23 दिनांक 15.11.2023, कार्य का नाम 'लखनऊ मंडल के विद्युतीकृत खंड में रेट्रो रिफ्लेक्टिव नंबर प्लेटों की आपूर्ति एवं निर्माण का कार्य' में निम्नलिखित संशोधन किए गए हैं: **निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि:** दिनांक 14.12.2023 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है।
सं.: टीआरडी–14–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–23 दिनांक 20.11.2023 3656/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सहज ध्यान से मन को शांत करना सीखें : प्रदीप पांडेय

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



मातृभूमि सेवा मिशन इकाई रायबरेली द्वारा संचालित दैनिक निःशुल्क योग शिविर राणा बेनी माधव पार्क शहीद स्मारक में आयोजित। सहज योग ध्यान की एक अनूठी विधि है जो आत्मसाक्षात्कार (कुंडलिनी ऊर्जा के जागरण) नामक एक अनुभव पर आधारित है जो प्रत्येक मनुष्य के भीतर हो सकती है। इस प्रक्रिया के माध्यम से एक आंतरिक परिवर्तन होता है जिसके द्वारा व्यक्ति नैतिक, एकाग्र, एकीकृत और संतुलित हो जाता है। कुछ लोग ध्यान को एक गतिविधि के रूप में मान सकते हैं- साँस लेने के व्यायाम, एकाग्रता, विभिन्न प्रकार के व्यायाम या बस शांत वातावरण में बैठकर आँखें बंद करके सुखदायक संगीत सुनना। इससे मन की लगातार गतिविधि पूरी तरह से नहीं रुकती है। हमारे दिमाग को एक साथ रोकना आम तौर पर बहुत मुश्किल है। ध्यान विचारहीन जागरूकता की स्थिति है। यह करने की क्रिया नहीं बल्कि जागरूकता की स्थिति है। सच्चा ध्यान गहन शांति की स्थिति है जो तब होती है जब मन शांत और मौन होता है, फिर भी पूरी तरह से सतर्क होता हैं। ध्यान करने के फायदे से आपको आंतरिक शांति और आनंद। मन, शरीर और आत्मा संतुलन। तनाव, चिंता और चिड़चिड़ापन से छुटकारा। बेहतर फोकस और एकाग्रता। संवाद कौशल में सुधार। आत्मसम्मान और आत्मविश्वास में बढ़ोतरी। बेहतर स्वास्थ्य और मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली। कार्यक्रम में उपस्थित साधक योग प्रशिक्षक बृजमोहन अग्रहरि,राजन सिंह, विजय सिंह बघेल, पिंकू सिंह, संतोष त्रिपाठी, रमानाथ सिंह, आरके सिंह, रविंद्र सिंह, मनोज चौधरी, उज्ज्वल सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# मोहित मोदनवाल पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



युवा पत्रकार मोहित मोदनवाल को हीरागंज, कुंडा, प्रतापगढ़ बाबागंज रोड स्थित सुख शांति पैलेस में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में रायबरेली के युवा पत्रकार मोहित मोदनवाल को पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि मोहित लगभग कई सालों से रायबरेली में पत्रकारिता की अलख जगाए हुए है और वहीं अलग-अलग मंचों पर सम्मान के हकदार भी रहे है और मंचासीन भी हुए हैं। युवा पत्रकार मोहित मोदनवाल ने समाज के लोगों को आवाहन करते हुए कहा कि हम जिस क्षेत्र में कार्य कर रहे हों, उसी क्षेत्र में अपना नाम रोशन करे और समाज को मजबूत बनायें।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# एक्शन में सीएम योगी: राजस्व मामलों की लापरवाही पर 10 मंडलायुक्त से मांगा जवाब, तलब किए गए 7 जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर राजस्व वादों के निस्तारण में लेटलतीफी, लापरवाही, अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अक्टूबर माह में राजस्व वादों के खराब निस्तारण पर प्रदेश के दस मंडलायुक्त और सात जिलाधिकारियों से जवाब तलब किया है। वहीं माना जा रहा है कि जवाब संतोषजनक जवाब न मिलने पर अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जा सकता है। अपर मुख्य सचिव राजस्व ने बताया कि प्रदेश के पांच मंडलों में लंबित मामलों के निस्तारण में लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि वाराणसी मंडल में चार राजस्व न्यायालय हैं, जहां पर 440 लंबित राजस्व वादों के सापेक्ष 82 वादों का ही निस्तारण किया गया। इसी तरह सहारनपुर मंडल में चार राजस्व न्यायालय हैं, जहां पर 280 लंबित राजस्व वादों के सापेक्ष 54 वादों का ही निस्तारण किया गया जबकि आजमगढ़ मंडल में पांच राजस्व न्यायालय हैं, जहां पर 481 लंबित राजस्व वादों के सापेक्ष 126 वादों का ही निस्तारण किया गया। वहीं अलीगढ़ मंडल में तीन राजस्व न्यायालय हैं, जहां पर 280 लंबित राजस्व वादों के सापेक्ष 83 वादों का ही निस्तारण किया गया जबकि बस्ती मंडल में तीन राजस्व न्यायालय हैं, जहां पर 280 लंबित राजस्व वादों के सापेक्ष 114 वादों का ही निस्तारण किया गया।

### इन जिलों के मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों से जवाब तलब

अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विभिन्न राजस्व न्यायालयों में लम्बित राजस्व वादों के त्वरित और समयबद्ध निस्तारण के लिए 60 दिन का विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये थे। साथ ही विशेष अभियान की हर मंगलवार को शासन स्तर पर समीक्षा करने के निर्देश दिये थे। ऐसे में अक्टूबर माह की समीक्षा बैठक में पाया गया कि प्रदेश के दस मंडलायुक्त (वाराणसी, सहारनपुर, आजमगढ़, अलीगढ़, बस्ती, चित्रकूट धाम, आजमगढ़, अयोध्या, सहारनपुर, अलीगढ़) और सात जिलाधिकारी (बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, चित्रकूट, ललितपुर, अमरोहा) द्वारा राजस्व के लंबित और नये वादों के निस्तारण में लापरवाही बरती जा रही है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने लापरवाह अधिकारियों से जवाब तलब किया है। साथ ही लम्बित राजस्व वादों का मानक एवं निर्धारित लक्ष्य के अनुसार समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के सख्त निर्देश दिये हैं। वहीं माना जा रहा है कि जवाब संतोषजनक न मिलने पर बड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

## देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गौ-आधारित कृषि का महत्वपूर्ण योगदान: धर्मपाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां लखनऊ के बंथरा स्थित तपोभूमि गुरुकुल वैदिक संस्कृत विद्यालय, पहाड़पुर में कृष्ण गोपाष्टमी संदर्भ और अक्षय नवमी के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर विधि विधान से गो पूजन किया। उन्होंने गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाया। उन्होंने परिसर में संचालित गौशाला की व्यवस्था की प्रशंसा की और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु सरकार से सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने विद्यालय के छात्रों का मार्गदर्शन किया और भारतीय संस्कृति और यहॉं की गौरवशाली परंपरा को शिक्षा के रूप में ग्राह्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। देश की सनातन परम्परा में कृषि, ऋषि और गाय का महत्वपूर्ण स्थान है। गाय हमारी आर्थिक ऊर्जा का स्रोत है, ऋषि और कृषि जीवन यापन, व्यवस्था, आस्था एवं सभ्यता के द्योतक हैं। इसलिए वर्तमान परिस्थितियों में देश की उन्नति एवं प्रगति में गौ आधारित कृषि का महत्वपूर्ण योगदान है। गाय एवं कृषि एक दूसरे के पूरक हैं। पशुधन मंत्री ने कहा कि ''गावो विश्वस्य मातरः'' अर्थात गाय सम्पूर्ण विश्व की माता है, इसलिए हम सबको गौ माता की सेवा का संकल्प लेना चाहिए।कार्यक्रम के आयोजनकर्ता आचार्य सप्तऋषि मिश्र ने आशीर्वचन देने के लिए मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आईएसआई जासूसों को फंडिंग करने वाले वसीउल्लाह को एटीएस ने किया गिरफ्तार

* मीना बेकरी के पास रहने वाला वसीउल्लाह साइबर अपराध के एक ऑनलाइन ग्रुप का सदस्य था

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



यूपी एटीएस ने आईएसआई जासूस शैलेश कुमार उर्फ शैलेंद्र सिंह चौहान के सहयोगी वसीउल्लाह को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। राजधानी के राजाजीपुरम इलाके में मीना बेकरी के पास रहने वाला वसीउल्लाह साइबर अपराध के एक ऑनलाइन ग्रुप का सदस्य था, जहां वह आईएसआई एजेंट्स व साइबर हैकर्स के संपर्क मे आया था। बाद में वह आईएसआई के इशारे पर शैलेश व अन्य जासूसों को पैसा देने के लिए अपने बैंक खाते का इस्तेमाल करने लगा। एटीएस उसे कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। एडीजी एटीएस मोहित अग्रवाल ने बताया कि विगत 25 सितंबर को कासगंज निवासी शैलेश उर्फ शैलेंद्र सिंह चौहान को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए नार्थ ईस्ट राज्यों के भारतीय सैन्य ठिकानों की जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इस प्रकरण की जांच में सामने आया कि लखनऊ के राजाजीपुरम में रहने वाला वसीउल्लाह भी आईएसआई एजेंट्स के संपर्क में है। उसने आईएसआई एजेंट के इशारे पर शैलेश व अन्य एजेंट्स को जासूसी के लिए अपने खाते का दुरुपयोग कर हजारों रुपये भेजे थे। इस दौरान अपनी गोपनीयता को बनाए रखने के लिए वह क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से भी डीलिंग करता था। इसकी पुष्टि होने पर उसे एटीएस मुख्यालय बुलाकर सख्ती से पूछताछ की गयी तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसने बताया कि कमाई के लालच में वह आईएसआई की साजिश में शामिल हुआ था। आईएसआई एजेंट के कहने पर अपने बैंक खाते का दुरुपयोग कर शैलेश व अन्य एजेंट्स को जासूसी करने के बदले पैसे भेजे थे। तत्पश्चात एटीएस ने उसे यूएपीए एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से बरामद दो मोबाइल फोरेंसिक जांच के लिए भेजे जाएंगे ताकि इस नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। यह भी पता लगाया जाएगा कि वसीउल्लाह के खाते में रकम किन बैंक खातों से भेजी जा रही थी।

## हापुड़ में पहली बार एयरो मॉडलिंग का प्रयोग

**लखनऊ।** 70वां आखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह 2023 के अन्तर्गत सहकारिता विभाग हापुड़ एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहकारी समिति लि लखनऊ के तत्वावधान में आज बी0-पैक्स हापुड़ पूर्वी पर ''सहकारिता में उभरते क्षेत्र और प्रौद्योगिकी का अंगीकरण'' विषय पर संगोष्ठी व कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसटीसीएस साइंस एंड टेक्नोलॉजी कॉर्पोरेटिव सोसाइटी लिमिटेड भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पहली ऐसी सहकारी समिति है और कई मायनों में अद्वितीय भी है।एसटीसीएस का प्राथमिक दृष्टिकोण भारत में उच्च तकनीक अग्रणी सहकारी बनने की प्रक्रिया में अपने ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण, ईमानदार, भरोसेमंद और प्रतिबद्ध तकनीकी सेवाएं और समाधान प्रदान करना है। इसके सदस्य आईआईटी, बैंगलोर, लंदन के इंपीरियल कॉलेज, आईआईएम और अन्य प्रमुख राष्ट्रीय संस्थानों से हैं जिनके पास उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने का अनुभव और विशेषज्ञता है।सोसायटी का उद्देश्य सहकारी नीति और कार्यक्रम के अनुरूप एक स्मार्ट आधुनिक, पेशेवर सहकारी समिति बनाना है।





# आर्यकुल कॉलेज में विश्व टेलीविजन दिवस मनाया गया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

विश्व टेलीविजन दिवस हर साल 21 नवंबर को मनाया जाता है। पहला इलेक्ट्रिक टेलीविज़न 1927 में एक अमेरिकी आविष्कारक फिलो टेलर फ़ार्नस्वर्थ द्वारा बनाया गया था। 1996 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा (हृव्र) ने 21 नवंबर को हर साल विश्व टेलीविजन दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। 1996 में 21 नवंबर और 22 नवंबर को, संयुक्त राष्ट्र ने पहली बार विश्व टेलीविजन फोरम की मेजबानी की। शुरुआत से ही टेलीविज़न ने दर्शकों का ध्यान समाचार योग्य घटनाओं और सामाजिक मुद्दों की ओर आकर्षित करके समाज की नब्ज़ पर अपनी उंगली रखी है। यह दर्शकों को उन सूचनाओं के साथ स्क्रीन से चिपकाए रखता है जिन पर उन्हें भरोसा है, उच्च गुणवत्ता वाली श्रृंखला जो मोहित करती है, फिल्में जो लुभाती हैं, सामग्री जो उनका ध्यान खींचती है और भी बहुत कुछ। विश्व टेलीविजन दिवस मनाने के लिए, आर्यकुल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, लखनऊ के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग ने कई गतिविधियों का आयोजन किया है। बीजेएमसी और एमजेएमसी के विद्यार्थियों ने टीवी शो बनाया। ÷कैसे टेलीविजन हमारी धारणा को आकार देता है÷ विषय पर एक भाषण सत्र भी आयोजित किया गया था।

इस दिन बोलते हुए प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह ने पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के शिक्षकों और छात्रों को विश्व टेलीविजन दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा की टेलीविजन महत्वपूर्ण मुद्दों को हमारे ध्यान में लाने और जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हम टेलीविजन के माध्यम से दुनिया को देखते हैं। यह लोगों को शांति और सुरक्षा से लेकर जलवायु परिवर्तन तक महामारी से लेकर असमानता तक महत्वपूर्ण विषयों पर सूचित रहने में मदद करता है। अब लोग अधिक सूचित और अधिक जानकार हैं और टेलीविजन इस संदर्भ में एक बड़ी भूमिका निभाता है।

सहायक प्रो. डॉ. रेखा सिंह ने जीवन में टेलीविजन के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने प्रसारण पैटर्न में सुधार के तरीकों और सहयोग के तरीकों पर चर्चा की। टेलीविजन हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है और यह वर्षों से प्रासंगिक बना हुआ है। सभी उम्र के लोगों के लिए टेलीविजन के पास कुछ न कुछ है। इस कार्यक्रम में उप निदेशक डॉ. अंकिता अग्रवाल, संकाय सदस्य-माधुरी शुक्ला, विनीता दीक्षित और अनामिका ओझा की उपस्थिति रही। बीजेएमसी तृतीय वर्ष के छात्र प्रभलीन कौर, लक्ष्मी, हर्ष वैभव और हर्ष पाल ने शो की स्क्रिप्टिंग और निर्माण किया, जबकि द्वितीय वर्ष के योगेश मिश्रा सानिया, समीक्षा ने उनका समन्वयन किया। बीजेएमसी प्रथम वर्ष के अनुराग, आयुषी, जानसी, श्रद्धा और विनय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह शो समाज की विविधता के प्रति मानवीय व्यवहार पर था।

## फास्ट फॉरवर्ड

### राज्य ग्राम्य विकास संस्थान में महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता कार्यशाला आज

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब लखनऊ द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण देकर सरकारी व गैर-सरकारी लोगों की कार्यक्षमता बढ़ाने व दक्षता संवर्धन का कार्य अनवरत रूप से किया जा रहा है। दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग भारत सरकार के सहयोग से 22 नवम्बर को विधिक साक्षरता द्वारा लिंग संवेदनशीलता एवं महिला सशक्तिकरण पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम विषयक राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन ग्राम्य विकास संस्थान में किया जा रहा है। इस कार्यशाला द्वारा सम्बन्धित हितग्राही महिलाओं को विधिक साक्षरता के अन्तर्गत ज्ञानवर्धन व जागरूकता से सम्बंधित विभिन्न विषयों,भारतीय समाज में लिंग भेदभाव एवं पितृसत्तात्मकता ,पारिवारिक कानून में महिलाओं के दाम्पत्यिक अधिकार,गरीबों व अक्षम लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करना ,राष्ट्रीय महिला आयोग- उद्देश्य एवं संस्थागत ढांचा , कार्य एवं शक्तियां, शिकायत निवारण तन्त्र लाभ तथा महिला सशक्तिकरण हेतु राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं।

### सड़क निर्माण में एफआईआर तकनीक ग्रीन टेक्नोलॉजी पर अन्तर्राज्यीय कार्यशाला आज

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। सड़कों के निर्माण में एफआईआर तकनीक ग्रीन टेक्नोलॉजी पर आधारित अन्तर्राज्यीय कार्यशाला का आयोजन 22नवम्बर को पूर्वान्ह9.30 बजे से यूपीआरआरडीए सभागार गन्ना विकास संस्थान,न्यू बेरी रोड, डालीबाग लखनऊ में किया जा रहा है। मिशन लाइफ कार्यक्रम के तहत आयोजित की जा रही इस कार्यशाला की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य करेंगे।इस कार्यशाला में 17 राज्यों के प्रतिनिधि प्रतिभाग कर रहे हैं। एनआरआईडीए ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के अधिकारी ,आईआईटी पटना, एचबीटीयू कानपुर, आईआईटी लखनऊ एवं केएनआईटी सुल्तानपुर के प्रतिनिधि प्रतिभाग कर रहे हैं।

### अन्नपूर्ति योजना हेतु 56478 लाख मंजूर

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अन्नपूर्ति योजना हेतु रूपये 56478 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग के निवर्तन पर रखने के निर्देश दिये हैं।इस सम्बन्ध में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा जारी शासनादेश में कहा गया है कि समस्त औपचारिकताओं और वित्तीय नियमों का अनुपालन आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

### प्रदेश मे 1.23 लाख मीट्रिक टन बाजरा की खरीद

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोटे अनाज के तहत समर्थन मूल्य 2500 रूपये प्रति कुन्तल की निर्धारित दर से 123186.58 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की है। इस योजना के तहत 23564 किसानों को लाभान्वित करते हुए 25464.38 लाख रूपये का भुगतान किया जा चुका है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाजरा की खरीद जनपद बुलन्दशहर, गौतमबुद्ध नगर, बरेली, बदायूँ, शाहजहाँपुर, मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल, अमरोहा, अलीगढ़, कासगंज, एटा, हाथरस, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, चन्दौली, बलिया, मिर्जापुर, सन्तरविदास नगर, जालौन, चित्रकूट, बाँदा, प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ में की जा रही है।



## कठवारा में बने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, कूड़ा प्रथक करण केंद्र, खगोल शाला का प्रधान व सचिव ने किया प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कठवारा में बने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र व कूड़ा प्रथक करण केंद्र एवं खगोल शाला का पंचायतीराज विभाग स्टेट कंसलटेंट मनीष मिश्रा व कई जिलों से आए ग्राम प्रधान व सचिव ने प्रशिक्षण किया। आपकों बता दें कि उत्तर प्रदेश के कई जिलों से ग्राम प्रधान व सचिव ने लखनऊ जिले बीकेटी ब्लॉक के ग्राम पंचायत कठवारा में बने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र व कूढ़ा प्रथक करण केंद्र एवं खगोल शाला में प्रशिक्षण किया। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने निधि कटियार को कानपुर में सम्मानित किया था श्री कटियार ने इस टीम के साथ कठवारा गांव में प्रशिक्षण किया। इस दौरान लखनऊ जिले के पंचायतीराज विभाग स्टेट कंसल्टेंट मनीष मिश्रा, बीकेटी ब्लॉक एडीओ पंचायत विवेक शुक्ला, सचिव दिनेश पांडेय, प्रधान अशोक, प्रधान प्रतिनिधि उदयभान सिंह अन्य अधिकारी ग्रामीण मौजूद रहें।

## बंजर में दर्ज जमीन को राजस्व टीम ने करवाई खाली, प्रधान के किया सुपुर्द



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मलूकपुर के मजरा गुरही में ग्राम पंचायत की बंजर की जमीन गाटा संख्या 389 लगभग 101 एरी जमीन जोकि छोटेलाल पुत्र सरजू से खाली करवाकर ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दिया। बता दें कि मंगलवार को नायब तहसीलदार बीकेटी रुचि गुप्ता, कानूनगो राजेंद्र प्रसाद लेखपाल दीपेंद्र ने मलूकपुर ग्राम पंचायत के मजरा गुरही में बंजर की जमीन को खाली करवाकर खाली कराई गई जमीन को ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दिया।

## रोजगार मेले में 150 युवाओं को मिला रोजगार

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। राजकीय आईटीआई लखनऊ में राजकीय आईटीआई अलीगंज लखनऊ एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन प्रधानाचार्य राज कुमार यादव एवं सहायक निदेशक, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ ने किया तथा अभ्यर्थियों को कम्पनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हिमांशु, जिला सेवायोजन अधिकारी ने अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की। एम ए खाँ ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि रोजगार मेले आईटीआई द्वारा बुलाई गयी 15कम्पनियों में 150 अभ्यर्थियों को रूपये 10,000 से 23,837 प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार, फी कैन्टीन एवं फी ट्रांसपोर्ट की सुविधा के साथ जॉब के आफर दिये गये। इस अवसर पर संस्थान केकार्यदेशक निर्भय कुमार सिंह एवं कामराज वर्मा उपस्थित रहे।

## जनप्रतिनिधियों के सुझाए मार्गों पर बसों का संचालन कराएं: दयाशंकर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने कहा कि निगम सड़क परिवहन सेवा देने वाला जनोपयोगी सेवा संस्थान है। अर्थव्यवस्था में सुधार तेजी से होता विकास, नवीन सड़कों का निर्माण व बदलते परिदृश्य में नागरिकों की गतिशीलता में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि इसी के दृष्टिगत निगम के सम्मुख नवीन क्षेत्रों में उपस्थिति दर्ज कराने सहित सेवा विस्तार करने के प्रचुर अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। निगम के व्यवसाय का अपेक्षित विस्तार दिया जाना है। उन्होंने परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नवीन अवसरों का लाभ उठाते हुए निगम की स्थिति व हित सुदृढ़ करें। परिवहन मंत्री ने कहा कि जन-प्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों का संज्ञान लें। जन-प्रतिनिधियों के स्तर से मुख्यालय में बस सेवाओं के संचालन विषयक प्राप्त होने वाले सर्वाधिक मांग पत्र सहारनपुर, मेरठ गाजियाबाद, झांसी, चित्रकूटधाम, देवीपाटन, आजमगढ़ व हरदोई क्षेत्रों से आये हैं। उन क्षेत्रों में यदि बस का संचालन नहीं है तो संचालन प्रारम्भ कराएं अथवा संचालन विगत कुछ वर्षों से किसी कारणवश बन्द हो गया है तो उसे पुनः जांचोपरान्त शुरू कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि प्रत्येक नगर, उपनगर, गाँव से विभिन्न नगरों को परिवहन सेवा से जोड़ने हेतु कदम उठाएं, जिससे कि अधिक से अधिक लोगों तक परिवहन सेवा पहुंचाया जा सके। परिवहन सेवा बहाल करने से निगम द्वारा संचित यात्रियों की संख्या में अपेक्षित वृद्धि होगी। विभिन्न नागरिकों व जन-प्रतिनिधियों द्वारा बस सेवा उपलब्ध कराने के अनुरोध पर तत्काल विचार करें, यह स्वागत योग्य अवसर व कार्य है। परिवहन मंत्री के निर्देशों के अनुपालन में प्रबंध निदेशक ने सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि संचालित सेवाओं को प्रधान प्रबन्धक संचालन की पूर्व अनुमति के बिना बन्द न किया जाय।

# नए वोटरों को जोड़ने, बोगस वोटों को हटाने के लिए भाजपा चलाएगी वोटर चेतना महाअभियान: विनय प्रताप सिंह





* बूथ व मंडल स्तर के सभी कार्यकर्ताओं को करना है काम: योगेश शुक्ला

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

**बीकेटी, लखनऊ।** युवाओं को मत के महत्व से अवगत करवाने तथा नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के उद्देश्य से भाजपा द्वारा चलाए जा रहे वोटर चेतना महाअभियान के तहत मंगलवार को लखनऊ भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक बीकेटी के अस्ती रोड स्थित मिलन लॉन में की गई। बता दें कि यह बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह व विधायक योगेश शुक्ला ने की। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए विनय प्रताप सिंह ने कहा कि वोटर चेतना महाअभियान के तहत प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा हैं जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को अपना शत-प्रतिशत देते हुए अधिक से अधिक मतदाता भाजपा से जोड़ना है ताकि एक बार फिर से देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का सुशासन लाया जा सकें। वहीं विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि इस अभियान में मंडल अध्यक्ष व बूथ अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रमुख की अहम भागीदारी होगी, क्योंकि मंडल अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष की अहम भूमिका होती है जोकि पार्टी व संगठन को मजबूती के साथ सफलता भी दिलाती है। इस मौके पर लखनऊ भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, मोहनलालगंज विधायक अमरीश रावत, आईटी सेल प्रमुख विवेक सिंह, अन्य भाजपा पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहें।

## जन एक्सप्रेस

### सम्पादकीय

# खत्म नहीं हुई है गहलोत और वसुंधरा की राजनीति

**कांग्रेस के तत्कालीन केंद्रीय पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खरगे और अजय माकन मुख्यमंत्री निवास पर पार्टी विधायक दल की बैठक होने का इंतजार करते रह गये और बैठक कहीं और हो गयी थी। यही नहीं अशोक गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने की बजाय राजस्थान का मुख्यमंत्री बने रहने को तवज्जो देकर गांधी परिवार को सकते में डाल दिया था। वहीं राजस्थान भाजपा में भी 2003 से वही होता रहा है जो वसुंधरा राजे चाहती रही हैं। वसुंधरा राजे के खिलाफ पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत और पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह जैसे दिग्गजों ने भी अभियान चलाया था।**

*राजस्थान विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी इस बात के लिए पूरी मेहनत कर रही है कि राज्य में हर पांच साल में सरकार बदलने का रिवाज इस बार टूट जाये। वहीं भाजपा का प्रयास है कि हर पांच साल में सरकार बदलने के रिवाज का उसे लाभ हो लेकिन सीटों की संख्या इतनी ज्यादा मिले जिससे यह प्रकट हो सके कि अशोक गहलोत सरकार से जनता कितनी नाराज थी। राजस्थान में रिवाज बदलेगा या राज यह तो तीन दिसंबर को पता चलेगा। लेकिन एक बात तो है कि राजस्थान का चुनावी रण इस बार हाल के कई चुनावों से बदला-बदला नजर आ रहा है। राजस्थान में अरसे बाद ऐसा हुआ है जब भाजपा और कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री कौन बनेगा, यह चुनाव से पहले तय नहीं है। लेकिन अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे यह मान कर बैठे हैं कि मुख्यमंत्री पद घूम फिरकर उनके पास आना ही है। कांग्रेस की ही बात करें तो अशोक गहलोत स्पष्ट कर चुके हैं कि वह तो मुख्यमंत्री पद छोड़ना चाहते हैं लेकिन यह पद उन्हें नहीं छोड़ता। यानि मतलब साफ है कि गहलोत मुख्यमंत्री पद की दौड़ में बने हुए हैं। वहीं सचिन पायलट कह रहे हैं कि उनके सारे मुद्दे कांग्रेस आलाकमान ने सुलझा दिये हैं। इससे यह प्रतीत होता है कि उन्हें यह आश्वासन मिल गया है कि यदि कांग्रेस की सरकार दोबारा बनती है तो मुख्यमंत्री पद उन्हें ही मिलेगा। टिकट वितरण के दौरान भी जिस तरह गहलोत समर्थकों की बजाय सचिन खेमे के लोगों को तरजीह दी गयी उससे भी भविष्य के संकेत मिल गये थे लेकिन गहलोत फिलहाल सबकुछ चुपचाप देख रहे हैं क्योंकि वह जानते हैं कि उन्हें कब कौन-सा कदम उठाना है। दूसरी ओर भाजपा की बात करें तो 2003 के बाद यह राजस्थान का पहला विधानसभा चुनाव है जिसमें भाजपा का नेतृत्व वसुंधरा राजे नहीं कर रही हैं। वसुंधरा राजे का नाम भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची में नहीं आना, परिवर्तन यात्राओं का नेतृत्व उन्हें नहीं दिया जाना, वसुंधरा समर्थक नेताओं कैलाश मेघवाल और युनूस खान जैसे वरिष्ठ नेताओं के टिकट काटना तथा वसुंधरा समर्थक कुछ विधायकों की सीटों में परिवर्तन कर भाजपा नेतृत्व ने संकेत दे दिया था कि मुख्यमंत्री की कुर्सी वसुंधरा राजे से दूर हो गयी है। यही नहीं, भाजपा की पहली सूची आने के बाद जिस तरह वसुंधरा राजे को खुद का टिकट हासिल करने के लिए मशक्कत करनी पड़ी और एक जनसभा में अपनी रिटायरमेंट की बात तक कहनी पड़ी, वह दर्शाता है कि अपने राजनीतिक भविष्य का वसुंधरा राजे को अहसास हो चुका है लेकिन वह हार मानने के लिए कतई तैयार नहीं हैं। देखा जाये तो राजस्थान की राजनीति के दिग्गज खिलाड़ी अशोक गहलोत को राजनीति का जादूगर माना जाता है तो दूसरी ओर वसुंधरा राजे के बारे में कहा जाता है कि भाजपा में आखिरकार वही होता है जो महारानी चाहती हैं। अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी भले हों लेकिन दोनों को अच्छा मित्र भी माना जाता है। चुनाव के दौरान दोनों भले एक दूसरे पर निशाना साधें और भ्रष्टाचार के तमाम आरोप लगायें लेकिन अपने मुख्यमंत्रित्वकाल के दौरान दोनों एक दूसरे के खिलाफ कोई जांच नहीं कराते। यही नहीं, जब वसुंधरा विपक्ष में हों तब वह सुनिश्चित करती हैं कि उनकी पार्टी की वजह से गहलोत की मुख्यमंत्री की कुर्सी पर कोई संकट नहीं आये। यही काम गहलोत विपक्ष में रहने के दौरान करते हैं। पिछले दिनों अशोक गहलोत ने खुद बताया था कि जब सचिन पायलट ने बगावत की थी तो वसुंधरा राजे ने भाजपा की ओर से उनकी सरकार गिराने की कोशिशों का विरोध किया था।*

---

### एक्सप्रेस आलेख

**परंपरागत केंद्रों पर आज भी चिकित्सक परामर्श देकर रोजाना योगा करवाते हैं। जिम, खेलकूद, भजन-कीर्तन, सत्संग आदि क्रियाकलापों में व्यस्त रखते हैं। ऐसा उन नशा मुक्ति केंद्रों में इसलिए नहीं किया जाता क्योंकि वहां के लोग प्रशिक्षित नहीं होते। सभी सेंटर एक ही रास्ते पर चलते हैं, आपस में मिलीभगत होती है। अमूमन 3 या 5 महीने का कोर्स निर्धारित करते हैं। डॉक्टर खुद ही बने होते हैं। परिजनों के सामने मरीजों की नाड़ी पकड़ते हैं, देशी तरीके से ईसीजी जांच का नाटक करते हैं। मुंह खुलवा कर तेजी से बुलवाते हैं। दरअसल ऐसा वो इसलिए करते हैं ताकि पीड़ित के परिजन संतुष्ट हो सकें कि उनका बंदा किसी निपुण चिकित्सक के हवाले है।**

# टॉर्चर सेंटर में क्यों बदल रहे हैं नशा मुक्ति केंद्र



डॉ. रमेश ठाकुर

**प्रताड़ना से जब वहां मौत हो जाती है, तो सेंटर वाले घटना को संदिग्ध परिस्थितियां बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं। नशा मुक्ति केंद्रों के भीतर घटती घटनाओं को ध्यान में रखकर केंद्र व राज्य सरकारों को सख्त से सख्त नियम बनाने चाहिए और समय-समय पर निगरानी हो, गाइडलाइन बने, एनजीओ से अलग सभी नशा मुक्ति केंद्र कानूनी रूप से पंजीकृत करने के प्रावधान बनाए जाएं।**

मध्य प्रदेश के रीवा में संचालित 'संकल्प नशा मुक्ति' नाम के एक सेंटर के भीतर से दिल दहला देनी वाली घटना ने बेलगाम नशा मुक्ति केंद्रों की हकीकत को सामने ला दिया है। वहां भर्ती नशे के आदी युवक के साथ केंद्र के कर्मचारियों ने सभी हदों को पार कर दिया। कर्मचारियों ने युवक के निजी पार्ट में गैस चूल्हा जलाने वाला लाइटर डाल दिया, जिससे युवक की आंत फट गई, हालत इतनी बिगड़ी कि अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। इलाज के एकाध दिन बाद जब उसने घटना की जानकारी परिजनों को दी तो सभी के होश उड़ गए। देशभर में फैले नशा मुक्ति केंद्रों के भीतर नशेड़ियों के साथ कैसी-कैसी बर्बरताएं की जाती है, रीवा की ये ताजा घटना बानगी मात्र है। इससे भी कहीं ज्यादा यातनाएं सेंटरों में दी जाती हैं। महिलाओं के साथ कैसा सलूक होता है, उसकी कल्पना तक नहीं कर सकते। नशा मुक्ति केंद्र केंद्रीय व राज्य सरकारों के समाज कल्याण विभाग द्वारा तय नियमों से संचालित किए जाते हैं। पर हकीकत ये है कि नशा मुक्ति केंद्रों में सरकारी नियमों को खूंटियों पर टांग दिया जाता है। सेंटर वाले न तो समाज कल्याण विभाग की कोई गाइडलाइन फॉलो करते हैं और न ही सरकार की ओर से कोई निगरानी करने जाता है। शिकायतों पर थोड़ी बहुत खलबली मचती है, वरना कुछ नहीं होता। जबकि, कागजों में देखरेख की व्यवस्थाएं बहुतेरी हैं। ऐसा लगता है कि जैसे सरकारी महकमे के लोग भी नशे के आदी मरीजों को उनकी किस्मत पर ही छोड़ देते हैं। नशा मुक्ति केंद्र ज्यादातर एनजीओ की आड़ लेकर संचालित होते हैं जिनका मकसद सिर्फ और सिर्फ पैसा कमाना होता है। भारत में आज नशा जिस तेजी से फैला है, उसका फायदा नशा मुक्ति केंद्र वाले ही उठा रहे हैं। कोई एक राज्य नहीं, बल्कि समूचे देश में 'नशा मुक्ति' के नाम पर संगठित धन वसूली का धंधा जोरों पर है। लोगों के लिए ये एक ऐसा व्यवसाय क्षेत्र बन गया है जिसमें आमदनी मनचाही है। क्या शहर, क्या गांव, देहात, कस्बे आदि जगहों पर नशा मुक्ति केंद्र खुले हैं। पंजाब के किसी भी शहर या गांव में जाइए, वहां शिक्षा सेंटरों से ज्यादा आपको नशा मुक्ति सेंटर दिखाई देंगे। पंजाब को ऐसे ही थोड़ी 'उड़ता पंजाब' कहा जाता है। वहां अभी हाल में एक बड़ा सफेदपोश नेता नशा तस्करी के आरोप में अंदर गया है। ये धंधा ज्यादातर समाजसेवा को बहाना बनाकर



**सेंटर वाले शुरुआत में एक स्टाम्प पेपर पर पीड़ित के परिजनों से लिखवाते हैं कि कुछ भी होने पर वो जिम्मेदार नहीं होंगे। नशा मुक्ति केंद्रों में होती मौत और बढ़ती दर्दनाक घटनाओं के बाद लोग सेंटरों से डरने लगे हैं।**

खोला जाता है। असल में 'नशा मुक्ति-पुनर्वास' की जगह 'यातना केंद्र' में ज्यादा तब्दील हो गए हैं। केंद्रों में नशेड़ियों के साथ कर्मचारी थर्ड डिग्री टॉर्चर, बिजली का शॉक्ड, भूखे रखना और बेहताशा काम करवाते हैं। सेंटर वाले प्रत्येक नशे के मरीज से नशा छुड़ाने का झूठा वादा करते हैं। इसके बदले वो उनके परिजनों से प्रति माह मोटी फीस वसूलते हैं। परिजन इस उम्मीद में अपनों को छोड़ जाते हैं कि लत छूट जाएगी। गौरतलब है कि इस गोरखधंधे की एक और काली सच्चाई है। सेंटरों में शराब छुड़ाने वाले विशेषज्ञ नहीं होते, वहां तकरीबन नौसिखियों की भरमार होती है। जबकि, बाहर लगे बोर्ड पर न्यूरो, मानसिक, ड्रग्स आदि के स्पेशलिस्ट चिकित्सकों व विशेषज्ञों के होने का दावा किया जाता है। वहां, अप्रशिक्षित, अनैतिक व्यवहार करने वाले ही ज्यादातर होते हैं। कई केंद्रों पर तो ये खुद रात के अंधेरे में शराब की बोतलों में घुस कर गोता लगाते हैं, पकड़े भी गए हैं। पंजाब के मानसा जिले में अभी कुछ दिन पहले ही स्थानीय एसडीएम ने एक शिकायत पर देर रात एक नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षक किया, जहां सेंटर का संचालक कर्ता खुद नशे में धुत्त मिला। एक वक्त था जब नशा मुक्ति केंद्र के संबंध में सुनने में ऐसा हुआ करता था कि इन केंद्रों में पहुंचने वाले प्रत्येक नशे के आदी नशे से मुक्ति पा जाते होंगे। पर, सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत होती है। ज्यादातर केंद्रो में नशे के शौकीनों को जेल से भी बदतर खाना परोसा जाता है। जब उन्हें भूख लगती है, खाना मांगते हैं तो सेंटर वाले मानसिक प्रताड़ना, मारपीट, गालियां देने के अलावा मुंह पर थूकना और सरेआम उनके शरीर पर पेशाब भी कर देते हैं। ऐसी ही एक घटना छत्तीसगढ़ के रायपुर से सामने आई है। जहां, पीड़िता की पत्नी ने ऐसे ही आरोप लगाकर केंद्र के संचालक पर मुकदमा दर्ज करवाया है। नशे के आदी के साथ केंद्र कर्मी जानवरों से भी बुरा व्यवहार करते हैं। जबकि, कई केंद्र आज भी ऐसे हैं जहां बाकायदा काउंसलिंग करके उपचार किया जाता है। दशक भर पहले सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने व्यापक स्तर पर राष्ट्रीय सर्वेक्षण के निष्कर्षों और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के इनपुट के आधार पर करीब 372 संवेदनशील विभिन्न राज्यों के जिलों जिसमें विशेषकर पंजाब में 'नशा मुक्त भारत अभियान' का शुभारंभ किया था। लेकिन परिणाम वैसे नहीं आए, जिसकी उम्मीद थी। परंपरागत केंद्रों पर आज भी चिकित्सक परामर्श देकर रोजाना योगा करवाते हैं। जिम, खेलकूद, भजन-कीर्तन, सत्संग आदि क्रियाकलापों में व्यस्त रखते हैं। समय-समय पर चिकित्सीय जांच होती है। ऐसा उन नशा मुक्ति केंद्रों में इसलिए नहीं किया जाता क्योंकि वहां के लोग प्रशिक्षित नहीं होते।

---

### एक्सप्रेस कविता

*रिश्ते अपने रिश्तों से दूर होने लगे है,*
*क्यों लोग इस कदर मजबूर होने लगे हैं*
*दुश्मनो से दोस्त कर रहें है गुजारिश,*
*भोले चेहरे कितने मगरूर होने लगे है।*
*ज़माने की कैसी हो गई फितरत,*
*भाई चारे कितने बेनूर होने लगे है।*

*आजमाँ कर देख,बेदर्द ज़माने को,*
*चेहरे पर कई चेहरे,जरूर होने लगे है।*
*नाते,रिश्ते सब अजब मायाजाल,*
*सिक्के ही चेहरों के नूर होने लगे है।*
*तमन्नाये न रख सुनहरे पंखों की अब,*
*सारे सपने अब चूर चूर होने लगें है।*
*फकीरी,शायरी हमारी हमसफर,*
*खुदा के करम,पुरनूर होने लगें हैं।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

***लंबा धागा और लंबी जुबान केवल समस्याएं ही देते हैं, इसलिए धागे को लपेट कर और ज़ुबान को समेटकर रखना ही उचित है।***

---

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 23:04 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वभाद्रपदा 18:28 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | हरषाना, 14:41 |
| सूर्योदयः | 06:52 |
| सूर्यास्तः | 17:20 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 12:06-13:25 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### रहना है विवादित !

*रह रह कर जिह्वा से ।*
*आते हैं बयान ।।*
*रहना है विवादित ।*
*इसी में सम्मान ।।*
*छोड़ कर सब काम ।*
*किए एजेंडा तय ।।*
*पकड़ लिए हैं अपनी ।*
*जो पुरानी लय ।।*
*है नज़दीक चुनाव ।*
*चर्चा में अब रहना ।।*
*बोल कर कुछ बोल ।*
*है आगे टहलना ।।*
*रोटी पानी बनी रहे ।*
*है उसका जुगाड़ ।।*
*हल्की फुल्की इसलिए ।*
*दिखती ये दहाड़ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# हमेशा फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं, तो फॉलो करें ट्रेडिशनल डांस और एक्सरसाइज रूटीन

सर्दी के मौसम में लोगों का कंबल और रजाई से निकलने का मन नहीं करता है, ऐसे में फिटनेस रूटीन बिल्कुल बिगड़ जाता है। दरअसल, बिजी लाइफस्टाइल के साथ घर और ऑफिस को मैनेज करते हुए लोग सुबह ही वर्कआउट के लिए समय निकाल पाते हैं और ठंड में वो मुश्किल हो जाता है। सर्दियों की आलस से भरी सुबह में अगर आपका वर्कआउट करने का मन नहीं करता है तो आप भारतीय ट्रेडिशनल डांस की मदद से भी अपना फिटनेस रूटीन फॉलो कर सकते हैं। आप डांस क्लास ज्वाइन कर सकते हैं, जिससे आप एक नया डांस फॉर्म भी सीखेंगे और खुद को मस्ती के साथ फिट भी रख सकेंगे।

**भरतनाट्यमः** दक्षिण भारत की लोकप्रिय नृत्य कला भरतनाट्यम एक प्राचीन नृत्य कला है। भरतनाट्यम करने से न सिर्फ आपको शारीरिक लाभ होगा बल्कि आपको मानसिक लाभ भी मिलेगा। भरतनाट्यम करते हुए लंबे डांस सीक्वेंस को याद करना होता है, जिससे आपकी मेमोरी पावर भी मजबूत होगी। भरतनाट्यम करने से आपके शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होगा और हड्डियां भी मजबूत होंगी।

**कथकः** कथक करने से आपके शरीर का निचला हिस्सा काफी मजबूत होता है, इसके साथ ही कथक में हाथ और



आंखों के हाव-भाव भी काफी होते हैं, जिससे आपके हाथ की मांसपेशियों की अच्छी एक्सरसाइज हो सकती है। कथक करने से आप दिनभर एक्टिव महसूस करें। हालांकि शुरुआत के कुछ दिन आपको कथक सीखते हुए शरीर में दर्द की शिकायत भी रह सकती है।

**ओडिसीः** फिटनेस गोल को पूरा करने के लिए आप सर्दियों में ओडिसी डांस भी सीख सकते हैं। इस डांस को सीखने से आपके शरीर की मांसपेशियां मजबूत होंगी और शरीर में लचीलापन आएगा। ओडिसी डांस आपको शारीरिक और मानसिक दोनों लाभ पहुंचाएगा।

#### एक्सरसाइज रूटीन

- अगर आप सर्दियों में फिट रहने के लिए ट्रेडिशनल डांस का सहारा ले रहे हैं तो इसके साथ लाइट एक्सरसाइज रूटीन भी फॉलो कर सकते हैं।
- वार्मआप एक्सरसाइज कर सकते हैं, इससे आपके शरीर की मांसपेशियां खुलेंगी।
- लंज एक्सरसाइज की प्रैक्टिस करें इससे आपका शरीर फ्लैक्सिबल होगा।
- लंज एक्सरसाइज से आपकी बॉडी का निचला हिस्सा मजबूत होगा।
- आप पुशअप्स कर सकते हैं, हालांकि जब आप पहली बार पुशअप्स करेंगे को कठिन लगेगा लेकिन 2 से 3 दिन करने के आप आप आराम से कर सकेंगे।
- पुशअप्स करने से शरीर का वजन कंट्रोल हो सकता है और मांसपेशियां मजबूत बनती हैं।
- फिट रहने के लिए रोजाना घर पर 5 से 10 पुशअप्स जरूर करने चाहिए।
- स्काट्स एक्सरसाइज करें इससे पेट, पैर और हिप्स की चर्बी कम हो सकती है।
- स्काट्स करने से पाचन क्रिया भी बेहतर होती है।

---

### एक्सप्रेस विशेष

# चुनावी पिटारा कितना सहारा!



गिरीश्वर मिश्र

**गौरतलब है कि संविधान की यह व्यवस्था अल्पकाल के लिए की गई थी। वोट बैंक की राजनीति को प्रश्रय देते हुए उसका विस्तार नाना प्रकार से बढ़ाया जाता रहा। भारत में जातिमुक्त समाज के लक्ष्य को जाति की सत्ता की तीव्र पुष्टि की नीतियों से प्राप्त करने की अनवरत चेष्टा के**

**चुनाव और सरकार बनाना लोकतंत्र के उपकरण हैं जिनका उपयोग लोकतंत्र को और लोक की गरिमा को सुरक्षित और संवर्धित करने के लिए होनी चाहिए। देश के हित में समाज के विधान का कोई विकल्प नहीं है। राजनीति एक सेवाधर्मी उपक्रम होना चाहिए जिसका दीर्घकालिक नियोजन आवश्यक है। सामान्य जीवन में इसके प्रति उदासीनता के भाव ने राजनीति में मूल्यहीनता को बढ़ावा दिया है।**

**चुनाव** को लोकतंत्र का पवित्र महोत्सव कहा जाता है। अब इसकी संस्कृति का पूरी तरह से कायाकल्प हो गया है। चुनाव आने के थोड़े दिन पहले गहमा-गहमी तेज होती है और अंतिम कुछ दिनों में हाईकमान अपने कंडिडेट का ऐलान करता है। साथ ही भूली बिसरी जनता की सुधि आती है। चुनाव आते ही सभी राजनीतिक दल अपना-अपना जादू का पिटारा खोलते है और उनकी सोई हुई जन-संवेदना जागती है। आहत जनता को राहत देने के लिए कमर कसते हुए सभी दल सुविधाओं की फेहरिस्त तैयार करने में जुट जाते हैं। रेल , सड़क , स्कूल , अस्पताल , नौकरी , कर्ज यानी जीने के लिए जो भी चाहिए उस सूची में शामिल किया जाता है। चुनावी राज्यों में पुलिस द्वारा करोड़ों रुपयों की जब्ती और शराब की आवाजाही आम बात हो गई है जिनका कोई दावेदार नहीं मिलता। यह सब इसलिए होता है ताकि जनता को अधिकाधिक मात्रा में लुभाया जा सके। जन-प्रलोभनों की यह अजीबोगरीब पेशकश यह सिद्ध करने के लिए मीडिया में खूब प्रचारित की जाती है कि वैसा लोक-शुभेच्छु कोई दूसरा नहीं है। इस सिलसिले में विभिन्न दल एक दूसरे से बढ-चढ़ कर जनसेवा की हुंकार भरते नहीं थकते और धन सम्पदा लुटाने की घोषणा



करते हैं। बोली लगने के माहौल जैसी यह कवायद चुनी सरकार के बजट की याद दिलाती है। अलादीन के चिराग न होने पर कमी सिर्फ यही रहती है कि नेतागण यह नहीं बताते कि इन खर्चों के लिए राजस्व और संसाधन का जुगाड़ कैसे होगा और यह सब कहां से आएगा। चुनाव की चर्चा में देश , देश का भविष्य और देश की नीतियों के सवाल ग़ायब रहते हैं और सभी दल एक दूसरे पर दोष मढ़ने को बेताब रहते हैं। तू- तू, मैं-मैं करते हुए बात बढ़ कर व्यक्तिगत अपमान और लांछन पर आ टिकती है। नेताओं पर भद्र अभद्र आरोप लगते हैं और सभ्य शिष्ट आचरण से भटक कर सही गलत प्रवाद फैक्टर जाते हैं। चुनावी दंगल में रैली , रोड शो और रेला के आयोजन करते हुए राजनीतिक दल अपना दम खम दिखाने का स्वांग करते हैं। उस दौरान यातायात और जनसुविधाएं जरूर ठप हो जाती हैं। गौरतलब है कि घोषित हो रही सुविधाओं का फौरी आकलन और आख्यान जनता को मुफ्तखोरी की राह दिखाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ता है। वंचित उपेक्षित समुदायों के लिए आरक्षण का ब्रह्मास्त्र चलाया जाता है और जातिगत आरक्षण का प्रावधान निरंतर व्यापक किया जा रहा है। गौरतलब है कि संविधान की यह व्यवस्था अल्पकाल के लिए की गई थी। वोट बैंक की राजनीति को प्रश्रय देते हुए उसका विस्तार नाना प्रकार से बढ़ाया जाता रहा। भारत में जातिमुक्त समाज के लक्ष्य को जाति की सत्ता की तीव्र पुष्टि की नीतियों से प्राप्त करने की अनवरत चेष्टा के अंतर्विरोध बार-बार सामने आते रहे हैं परंतु समाधान के लिए ध्यान देना नहीं हो सका। राजनीति की दृष्टि से यह मुफीद नहीं लगता और योग्यता और अवसर का तालमेल बिठाने की कोशिश धरी रह जाती है। चुनाव और सरकार बनाना लोकतंत्र के उपकरण हैं जिनका उपयोग लोकतंत्र को और लोक की गरिमा को सुरक्षित और संवर्धित करने के लिए होनी चाहिए। देश के हित में समाज के विधान का कोई विकल्प नहीं है। राजनीति एक सेवाधर्मी उपक्रम होना चाहिए जिसका दीर्घकालिक नियोजन आवश्यक है। सामान्य जीवन में इसके प्रति उदासीनता के भाव ने राजनीति में मूल्यहीनता को बढ़ावा दिया है। आज भारत एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। इस अवसर पर राजनीति में मूल्यों की पुनर्स्थापना जरूरी हो रही है।

# संघर्ष का दूसरा नाम है रितु वर्मा

## महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ खुद ही उतर आती हैं प्रशासन के सामने

* नौकरी छोड़कर समाज सेवा कर रही हैं रितु वर्मा

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** समाज सेवा का ऐसा जुनून की सब कुछ दावं पर लगा दिया और मुंबई छोड़कर उत्तर प्रदेश के तराई जनपद लखीमपुर में आकर लोगों की सेवा करने लगी। रितु वर्मा ने अब तक सैकड़ो घरों को बिखरने से बचाया है। महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ वक्त पड़ने पर सड़कों पर उतर जाती हैं और लोगों को हक दिलाने के लिए प्रशासन से भी टकराती दिखती हैं।फर्रुखाबाद जिले के महादेवरा गांव में जन्मी और प्रारंभिक शिक्षा इंदरगढ़ में लेने के बाद मानवाधिकार पर एचडी तक की डिग्री हासिल की। सपनों की नगरी मुंबई में ब्यूटीशियन की दुनियाँ में अपनी धाक जमाया। वह अपनी उंगलियों से बड़ी-बड़ी फिल्मी हस्तियों की सुंदरता में चार चांद लगती थी। ब्यूटीशियन रितु वर्मा को मुंबई नगरी ज़्यादा दिनों तक रास नहीं आई और 21 जून 2004 को मुंबई से वह लखीमपुर में आ गई। गरीबों के दुख दर्द में शामिल होकर उनके हक की लड़ाई करने वाली ऋतु वर्मा ने लोगों को उनका हक दिलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संघ का गठन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाते हुए रितु वर्मा ने लखीमपुर के हर उस मामले में अपनी भागीदारी निभाई जहां लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा था। खास करके महिला उत्पीड़न के मामले में हर वक्त सजक रहती हैं और पूरे जिले में कहीं भी महिलाओं का उत्पीड़न होता है खुद मौके पर पहुंचकर उन्हें इंसाफ दिलाने के लिए आवाज बुलंद करती हैं।मौका पड़ता है तो सड़कों पर भी उतरती दिखाई देती है। उनके किए गए संघर्षो को अगर याद किया जाए तो लखीमपुर शहर के कमलापुर में 3 साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में न सिर्फ संघर्ष करके रिपोर्ट दर्ज कराई, बल्कि मुलजिम को पकड़वाने से ले कर उसे सजा दिलवाने तक अपनी भूमिका निभाई।2022 में मितौली थाने में तैनात एक महिला सिपाही के मामले में भी पुलिस से टकराते हुए रात में पीड़ित महिला के क्वार्टर पर पहुंचकर न सिर्फ महिला सिपाही को बचाया, बल्कि उसे मामले में उनके संघर्ष पर ही एसओ मितौली, दो सिपाही व एसपी खीरी के पीआरओ के खिलाफ भी निलंबन की कार्रवाई हुई थी। लोगों के कोई इंसाफ दिलाने के लिए कभी लखीमपुर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करती, तो कभी प्रदेश के मुख्यालय लखनऊ में भी 15-15 दिनों तक अनशन, प्रदर्शन करती दिखाई देती है।बीते दिनों सुल्तानपुर में एक नौजवान के साथ हुई उत्पीड़न की घटना में भी सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट उनके संघर्ष की साक्षी है। उस मामले में भी पुलिस प्रशासन को अंतत फिर दर्ज करनी पड़ी थी।रितु वर्मा ने अपने जीवन यापन के लिए बैंक में नौकरी की लेकिन उसे नौकरी को भी अंततः समाज सेवा के कार्य के चलते छोड़ना पड़ा। रितु बीते दिनों लोकसभा चुनाव में धौरहरा लोकसभा से प्रत्याशी रही हैं और मौजूदा वक्त में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव रेखा वर्मा और भाजपा के ही मंत्री जितिन प्रसाद के खिलाफ ताल ठोक और निर्दलीय होते हुए भी हुए भी चौथे स्थान हासिल किया।

रितु वर्मा का लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष करना ही उनकी पहचान है और जिले में कद्दावर समाजसेवी के रूप में जानी पहचानी जाती है।

## निजी चिकित्सालय ने ले ली एक किशोर की जान

* परिजनों ने काटा जमकर हंगामा, पुलिस को दी तहरीर

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर के लखीमपुर मार्ग स्थित एक निजी चिकित्सालय ओम हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में हाथ टूटने के बाद भर्ती कराए गए एक किशोर की गलत इंजेक्शन लगाने के कारण मौत हो गई। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली गोला क्षेत्र के ग्राम बसलीपुर निवासी रजनीकांत चक्रवर्ती के 11 वर्षीय पुत्र मानव चक्रवर्ती का सोमवार को क्रिकेट खेलते समय बायां हाथ टूट गया था। रजनीकांत ने अपने पुत्र को इलाज के लिए लखीमपुर रोड स्थित ओम हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर आलोक वर्मा ने किशोर का इलाज शुरू किया और पहले एक्सरा करके कच्चा प्लास्टर कर दिया। बताते हैं कि कच्चे प्लास्टर के बाद डॉक्टर ने कहा बच्चे के हाथ का ऑपरेशन होगा। परिजन चिकित्सीय दांव पेंच से बाकी नहीं थे इसलिए उन्होंने हामी भर दी और बच्चे को ऑपरेशन के लिए डॉक्टर अंदर ले गए। परिजनो का आरोप है कि ऑपरेशन के पूर्व डॉक्टर ने कोई इंजेक्शन बच्चे को लगा दिया जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई और मुंह से झाग निकलने लगी। बच्चे की हालत बिगड़ते ही डॉक्टर व दो कंपाउंडरों उसे तुलसी हॉस्पिटल लखीमपुर ले गए। बताते हैं तुलसी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने इलाज करने से मना कर दिया और ट्रॉमा सेंटर ओयल ले जाने की सलाह दी। परिजन किशोर को लेकर ट्रामा सेंटर ओयल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने बच्चे की हालत नाजुक देखते ही उसे लखनऊ रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि जब वह बच्चे को लेकर लखनऊ जा रहे थे तो रास्ते में ही बच्चे की मौत हो गई।

बच्चे की मौत हो जाने के बाद रात में करीब एक बजे परिजन उसे ओम हॉस्पिटल गोला लेकर आए और जमकर हंगामा काटा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर सील कर दिया और मंगलवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेजा। बताते हैं एक चिकित्सक और दो कंपाउंडर पुलिस की हिरासत में है।

मंगलवार की देर शाम जब परिजनों को किशोर का शव पोस्टमार्टम के बाद मिला तो उन्होंने वसलीपुर गांव में बच्चे का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। परिजनों का कहना था पहले दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए तब अंतिम संस्कार करेंगे। बवाल देखकर कई थानों की पुलिस और प्रशासन मौके पर मौजूद हो गया। समाचार लिखे जाने तक दोनों बच्चों से रास्ताकशी जारी है परंतु कोई नतीजा सामने नहीं आ रहा है।गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर गणेश की लचर कार्य शैली के चलते और निजी चिकित्सालय को फर्जी निजी चिकित्सालय को सा दिए जाने के कारण आए दिन घटनाएं गोला में होती रहती हैं परंतु स्वास्थ्य महकमा कुंभ करनी नींद में सोया रहता है।

## उचक्का महिला के कुंडल नोच कर भागा

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

* जानकारी के अनुसार मीना देवी पत्नी राम प्रसाद त्रिलोकगिरी मार्ग रेलवे क्रॉसिंग के पास रहती है

नगर के त्रिलोक गिरी मार्ग रेलवे क्रॉसिंग के पास दो उचक्कों ने उसके दरवाजे पर ही कानों के कुंडल नोच लिए और भाग गए। महिला अपने मकान में छोटी सी चला रही परचून की दुकान पर खड़ी हुई थी। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। जानकारी के अनुसार मीना देवी पत्नी राम प्रसाद त्रिलोकगिरी मार्ग रेलवे क्रॉसिंग के पास रहती है। मकान में ही छोटी सी परचून की दुकान खोल रखी है। सायं काल वह अपनी दुकान पर खड़ी थी तभी पीछे से मोटरसाइकिल से दो लड़के आए और उतर कर दोनों कान पकड़े और कुंडल नोचकर भाग गए। जब तक महिला शोर मचाती और कुछ समझ पाती तब तक उचक्के बाइक पर बैठकर लक्ष्मणजती की तरफ भाग गए। महिला का कहना है रेलवे क्रॉसिंग के पास दिन ढलते ही लुच्चे, लफंगों, उचक्कों का जमघट लग जाता है परंतु पुलिस कभी इस तरफ गस्त नहीं करती।पुलिस को तहरीर दी है परंतु पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

## पराक्रम पदक से सम्मानित किये गये पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ के द्वारा पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा को साहस व पराक्रम के लिए पराक्रम पदक से सम्मानित किया गया है। 21 नवंबर 2023 को अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ के द्वारा पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा को साहस व पराक्रम के लिए पराक्रम पदक से सम्मानित किया।विवरण के अनुसार दिनांक 07 जून 2016 को जनपद इलाहाबाद से थाना झूसी क्षेत्र में एक घटना के विरुद्ध लगभग 200 से 300 लोगों की भीड़ द्वारा रोड जाम कर घेराबन्दी की गयी। इसमें कुछ अपराधिक प्रकृति के लोगों द्वारा जान से मारने की नीयत से लाठी, डण्डा से हमला करते हुए पथराव व फायरिंग शुरु कर दी गयी। ऐसी विषम परिस्थिति में कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु इस आन्तरिक सुरक्षा अभियान में गणेश प्रसाद साहा आईपीएस तत्कालीन सहायक पुलिस अधीक्षक तत्कालीन क्षेत्राधिकारी नगर पंचम इलाहाबाद शत्रु के विरुद्ध सीधी कार्यवाही के परिणामस्वरुप गम्भीर रुप से जख्मी हो गए थे।साहस और पराक्रम के क्रम मे भारत सरकार द्वारा प्रदत्त पराक्रम पदक मंगलवार को अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन, लखनऊ द्वारा पुलिस अधीक्षक खीरी,गणेश प्रसाद साहा को जोनल कार्यालय लखनऊ में वर्दी पर ससम्मान लगाकर सम्मानित किया गया।

## पुलिस द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस सहित अभियुक्त किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



मितौली कोतवाली प्रभारी मितौली आलोक कुमार धीमान अपने हमराही साथियों उप निरीक्षक अबलीश कुमार, हेड कांस्टेबल बृजपाल, कांस्टेबल संजीव कुमार ने पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा अवैध शस्त्रों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत एवं पुलिस उपाधीक्षक मितौली सुबोध जयसवाल के कुशल पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक मितौली के कुशल नेतृत्व में थाना मितौली पुलिस द्वारा एक नफर अभियुक्त लक्ष्मण सिंह उर्फ राहुल सिंह पुत्र नत्थू सिंह थाना मितौली जनपद खीरी को एक अदद देशी तमन्चा 315 बोर एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ संडिलवा मोड से गिरफ्तार किया गया । जिस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 532/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

## गाजे बाजे के साथ सौनहा व ध्यानपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, जोरदार स्वागत



* डीएसओ ने उपस्थित जनसमूहों को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

विकसित भारत संकल्प यात्रा सातवें दिन मंगलवार को नोडल अफसर डीएसओ अंजनी कुमार सिंह की अगुवाई में बाजे गाजे के साथ पलिया ब्लॉक के जनजातीय क्षेत्र सौनहा व ध्यानपुर पहुंची, जहा आईईसी रथ का पारंपरिक रूप से स्वागत,अभिनंदन हुआ। सौनहा व ध्यानपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में डीएसओ अंजनी कुमार सिंह व पीओ यूके सिंह ने जनजातीय गौरव और संघर्ष के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए आजादी के आंदोलन में जनजातीय समाज के संघर्ष को याद किया। डीएसओ ने उपस्थित जनसमूहों को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई।

### पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाने का सशक्त माध्यम संकल्प यात्रा: डीएसओ

डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थी तक पहुंचाने और देश के विकास में सक्रिय हितधारक बनने के लिए नागरिकों को सशक्त बनाने के उद्देश से रोस्टर के मुताबिक जनजाति क्षेत्र में यात्रा निकाली जा रही। यह संकल्प यात्रा, सैचुरेशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने का माध्यम बनेगी। यात्रा के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को दिलाना है। यात्रा के दौरान आम आदमी के जीवन में बदलाव लाने वाले केंद्र व राज्य सरकार के नवाचारी प्रयासों की भी जानकारी दी।

### परियोजना अधिकारी यूके सिंह ने कहा कि

विकसित भारत के संकल्प का एक प्रमुख आधार है पीएम जनमन...यानि पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान है। इस महाभियान के तहत सरकार उन जनजाति भाई-बहनों तक पहुंच रही है, जिनतक कभी नहीं पहुंचा गया। यात्रा में आमजन से सीधा संपर्क कर उन्हें जागरूक करने, स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर सुलभ कराने, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उपयुक्त पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए मिशन मोड में काम किया गया।

### एकलव्य विद्यालय के बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

जनजातीय गांव सौनहा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सांस्कृतिक मंच पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोहा। इस दौरान इस विद्यालय के पुरातन छात्र जिनका सिलेक्शन इंजीनियरिंग एवं चिकित्सीय शिक्षा के लिए हुआ। उन्होंने अपने विचार रखते हुए पीएम को थैंक यू कहा।

### यात्रा में इन योजनाओं पर खास फोकस

यात्रा के दौरान पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम विश्वकर्मा, पीएम आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिड कार्ड योजना, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जीवन मिशन, गांव का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नति प्राद्योगिकी के साथ मान चित्रण(स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वक, स्कील सेल एनिमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय में नामांकन, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकारी स्वामित्व इत्यादि योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर खास फोकस हैं। इन योजनाओं से अब तक वंचित पात्रों को यात्रा के दौरान ही लाभान्वित भी किया गया। साथ ही जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में नामांकन, छात्रवृत्ति योजनाओं का भी लाभ दिलाया गया।

## ओबीसी बेटियों की शादी अनुदान योजना में मिलेगा अनुदान, करें आवेदन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

मंगलवार को जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) गरीब व्यक्तियों की बेटियों की शादी के लिए अनुदान योजना संचालित है।शादी के लिए आवेदन करने को विभागीय वेबसाइट में आधार पर आधारित प्रमाणीकरण की नई व्यवस्था (ई-केवाईसी) में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं।उक्त जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अभय कुमार सागर ने दी।उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अपने आधार कार्ड,पुत्री का आधार कार्ड,आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर तथा जाति प्रमाण पत्र,आय प्रमाण पत्र,बैंक खाते की पासबुक एवं शादी का कार्ड आदि अभिलेख होना जरूरी है।आवेदक (माता-पिता/ अभिभावक ) शादी अनुदान पोर्टल पर अपने रजिस्ट्रेशन हेतु अपना आधार नंबर अंकित कर आधार अभिप्रमाणन की प्रक्रिया शुरू करेगा।शादी अनुदान पोर्टल पर आवेदक तथा पुत्री दोनों का आधार आधारित ई-केवाईसी सुनिश्चित किया जायेगा।

## 20 वर्षीय युवती से दुष्कर्म का एक आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश

* वारदात में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा भी पुलिस ने किया बरामद अभियुक्त के बयान पर नई कहानी आई सामने

जन एक्सप्रेस । बहराइच



पिछले गुरुवार की रात एक 20 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के एक आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपों की निशान देही पर वारदात में प्रयुक्त ई-रिक्शा तथा रक्त रंजित बिस्तर भी बरामद कर लिया है। अब पुलिस को वारदात में शामिल अन्य अभिक्तों की तलाश है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि वारदात के बाद बहराइच से लेकर कैसरगंज तक के सैकड़ो सीसीटीवी कैमरे खंगाले जाने तथा पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी तक पहुंचा जा सका है उन्होंने बताया कि इस मामले में एक आरोपी बबलू पुत्र अली अहमद को गिरफ्तार किया जा चुका है और अन्य की तलाश के लिए पुलिस टीम लगा दी गई है शीघ्र ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि पीड़िता ने बयान में भी कुछ हेरा फेरी की है वह हुजूरपुर से कैसरगंज पहुंचने के बाद रोडवेज की बस पर बैठकर रामनगर चली गई थी और रामनगर से वह वापस बहराइच रोडवेज पहुंची देर रात हो जाने पर उसने टेंपो चालक को बताया कि यहां उसका कोई नहीं है और वह जरवल उतरना चाहती थी लेकिन सो जाने के कारण नहीं उतर पाई इस पर टेंपो चालक उसे अपने घर ले गया जहां उसकी इच्छा के विरुद्ध उसके साथ दुष्कर्म किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस एक आरोपी की गिरफ्तारी के बाद से पूरे घटना का अनावरण हो गया है शेष आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## विश्व मात्स्यिकी दिवस पर पयागपुर विधायक और मत्स्य अधिकारी ने सरयू नदी में छोड़े मछली के बच्चे

जन एक्सप्रेस । बहराइच




जिले में मत्स्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत रिवर रैंचिंग उपयोजना के तहत ग्राम भंगहा के बाबाघाट सरयू नदी तट पर मत्स्य बीच संचय कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। मुख्य अतिथि पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी और जिला मत्स्य अधिकारी ने सरयू नदी में मछली के बच्चे छोडे। विश्व मात्स्यिकी दिवस पर विधायक ने सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार, जिला मंत्री हरेंद्र विक्रम सिंह, निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष मनोज कुमार निषाद, पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ निषाद, प्रधान सुनील निषाद और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ 55 हजार मत्स्य अंगुलिकाओं का संचय सरयू नदी तट बाबाघाट पर किया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत मत्स्य बीच हैचरी उपयोजना से अनुदानित हैचरी का उद्घाटन किया। विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार मछुआ समुदाय के व्यक्तियों के उत्थान के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं का लाभ पात्रों का पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक ने हैचरी स्वामी विद्यानन्द निषाद को प्रमाण पत्र प्रदान कर हैचरी के कुशल संचालन की बात कही और शुभाकामनाएं दीं।

मछुआ दुर्घटना बीमा योजना के 10 बीमाधारकों को 5 लाख के बीमा पत्रक तथा मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के 3 लाभार्थी, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत बैकयार्ड री-सर्कुलेटरी सिस्टम उपयोजना के 10 लाभार्थियों को योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश पांडेय, संजय गुप्ता, भाजपा सेक्टर संयोजक सुधीर निषाद भाजपा एवं निषाद पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बलहा ब्लॉक में आयोजित हुआ बीडीसी का प्रशिक्षण

* भाजपा शीर्ष नेतृत्व की ओर से चलाया जा रहा अभियान

जन एक्सप्रेस । बहराइच



**नानपारा।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रशिक्षण वर्ग के अंतर्गत बलहा विकासखंड में क्षेत्र पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सांसद अक्षयवर लाल गोंड़ रहे। प्रशिक्षण चार सत्रों में आयोजित किया गया। प्रत्येक सत्र में विभिन्न वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सत्र की अध्यक्षता की। प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए सांसद बहराइच ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार चरम पर था। चाहे वह भर्ती घोटाला हो या फिर अन्य भ्रष्टाचार। युवाओं की दिशा भी तय नहीं थी। लेकिन 2014 के बाद भारत में जो बदलाव देखने को मिला वह किसी से छुपा नहीं है। चाहे युवाओं को रोजगार, नारी सशक्तिकरण, किसानों का सम्मान, भ्रष्टाचार मुक्त भारत सभी दिशाओं में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अमूल परिवर्तन कर एक नए भारत की परिकल्पना साकार की है। सांसद ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए अपने विषय को रखा। द्वितीय सत्र के वक्त पूर्व अध्यक्ष घनश्याम सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का इतिहास जनसंघ काल से लेकर अब तक एक नए आयाम के रूप में नये भारत का निर्माण कर रहा है। जब से केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है सभी क्षेत्र में विकास कार्य जोरों पर है। तृतीय सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में जिला महामंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह व पूर्व महामंत्री आनंद गोंड ने अपने विचार रखे। चतुर्थ सत्र में संबोधन करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह ने कहा कि देश और प्रदेश विकास की ओर आए दिन बढ़ रहे हैं। बेरोजगारी का संकट दूर हो रहा है। इस अवसर पर सभी ब्लॉक प्रमुख बलहा विजय कुमार वर्मा ने अपना विचार रखते हुए कहा कि भाजपा सरकार का मकसद बेरोजगारी को समाप्त कर देश और प्रदेश का विकास करना है। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य अशोक वर्मा,मोहम्मद अहमद, बाबादीन, रामदीन, रिक्खीराम, रामकुमार, रऊफ खां, बरकत अली, विजय कश्यप, अर्जुन पटेल, सोनू सिंह, नंकुन्ना,अंग्रेज, जुबेर खां, ओमप्रकाश, राजेश, राकेश ,विश्वनाथ, आशीष सिंह, भूलन खां, तीरथ राम, कुलेराज यादव, संगीता देवी, ग्राम प्रधान गण एवं पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सीएचसी नानपारा पहुंच दबंगों ने लाठी और डंडे से बोला धावा, आधा दर्जन घायल

जन एक्सप्रेस । बहराइच

* हमले से डर कर भागे चिकित्सक और कर्मचारी
* पुलिस ने मामला दर्ज कर दो लोगों को हिरासत में लिया
* चिकित्सक ने लगाया विधायक और समर्थकों पर पीटने का आरोप

**नानपारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा में सोमवार रात को कुछ दबंग लाठी डंडे से लैस होकर पहुंच गए। हमलावरों ने ठेलिया चालक और बचाने दौड़े परिवार के लोगों को पीटना शुरू कर दिया। अस्पताल में अफरा तफरी मच गई। डॉक्टर सीएचसी से फरार हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। अस्पताल की आकस्मिक ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने विधायक नानपारा और उनके समर्थकों पर मारने पीटने का आरोप लगाया है। चिकित्सक का कहना है कि विधायक और उनके समर्थक फर्जी मेडिकल रिपोर्ट तैयार करवाना चाहते थे। मना करने पर उनके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। मामला कोतवाली नानपारा के भोपतपुर गांव का है। थेलिया चालक दिनेश पुत्र कामता प्रसाद सोमवार रात घर जा रहा था। अचानक सामने से बाइक सवार आए और टक्कर मार दी। हादसे में बाइक और ठेलिया चला रहा दिनेश कुमार पुत्र कामता प्रसाद घायल हो गया। दिनेश को आसपास के लोगों की मदद से सीएचसी नानपारा में भर्ती कराया गया। वहीं हादसे से नाराज बाइक सवार तीन लोग गांव के अन्य लोगों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। सभी ने घायल दिनेश की बेल्ट, लाठी और डंडे से पिटाई शुरू कर दी। बचाने दौड़ी पत्नी, छोटे भाई और माता को भी सभी ने पीटा। अस्पताल परिसर में दबंगों की दबंगई से डरे चिकित्सक भी फरार हो गए। किसी तरह सभी ने कोतवाली में सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक मिथलेश कुमार राय के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर मारपीट कर रहे दो लोगों को हिरासत में ले लिया। जबकि अन्य की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के आने की सूचना पर दबंग अस्पताल से फरार हो गए। इस मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय ने बताया कि अस्पताल परिसर में कुछ लोगों ने मारपीट की है। उन सभी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि फरार अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। उधर अस्पताल में आकस्मिक ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर आरपी गौंड ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में विधायक और उनके समर्थक भी पहुंच गए सभी लोग फर्जी मेडिकल रिपोर्ट बनाने का दबाव डालने लगे जिस पर मेरी ओर से मना कर दिया गया। इसके बाद नानपारा विधायक और उनके समर्थकों ने उन्हें भी जमकर मारा पीटा। चिकित्सक ने इस संबंध में कोतवाली नानपारा में तहरीर देने के साथ, पुलिस अधीक्षक, जिला अधिकारी, सीएमओ समेत आयोग को भी पत्र लिखा है।

# दबंगों के कब्जे से चकरोड को शीघ्र मुक्त न कराया तो कृषक कलेक्ट्रेट प्रांगण मे करेगा आत्मदाह

## कृषक ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में आत्मदाह की दी धमकी

**जन एक्सप्रेस । महोबा**


दबंगो ने चकरोड को किया जमींदोज जिससे अन्य कृषको का कृषि भूमि मे पहुँचना दुश्वार हो रहा है। ग्रामीणों के विरोध करने पर चकरोड के अवैध कब्जाधारी लड़ने- झगड़ने पर आमादा है। उक्त आशय का प्रार्थना पत्र थाना महोबकण्ठ क्षेत्र के ग्राम टपरन निवासी वीरेन्द्र पुत्र बिहारी ने जिलाधिकारी महोबा को दबंगो के कब्जे से चकरोड मुक्त कराये जाने की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र सौपा है।

कृषक वीरेन्द्र पुत्र बिहारी द्वारा मंगलवार के रोज जिलाधिकारी मृदुल चैधरी को सौपे गये प्रार्थना पत्र मे कहा है कि प्रार्थी की भूमि ग्राम लिलवा मौजा स्थित है।

कृषि भूमि पर आने जाने के लिए चकरोड संख्या 680/652 को ग्राम टपरन निवासी मुन्ना यादव, ब्रजलाल यादव, बालकिशुन यादव पुत्रगण धूराम यादव तथा जगदीश पुत्र हल्काई ने चकरोड को टैक्टरों से जोतकर अपने खेतो मे मिला लिया है। अनेकों बार उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ तथा तथा तहसीलदार कुलपहाड़ से शिकायत करने के बावजूद दबंगो के कब्जे से चकरोड को मुक्त नही कराया जा रहा है। जिस कारण प्रार्थी अपनी कृषि भूमि पर जुताई बुबाई के लिए नही पहुँच पा रहा है और चकरोड से निकलने पर दबंग लड़ाई झगड़ा पर आमादा रहते है। दबंगो को मौजा लेखपाल का संरक्षण प्राप्त होना बताया है। जिलाधिकारी को लिखे गये पत्र मे कृषक वीरेन्द्र ने यह भी उल्लेख किया है कि प्रार्थी के परिवार के पालन पोषण का एक मात्र जरियां कृषि भूमि है और बुबाई का समय चल रहा है।

पहुँच मार्ग दबंगो के कब्जे से मुक्त न कराया गया तो प्रार्थी खेत की बुबाई करने से वंचित रह जायेगा इस कारण पालन पोषण कर पाना प्रार्थी के लिए दूभर होगा।

चकरोड को दबंगो के कब्जे से शीघ्र मुक्त न कराये जाने से कृषक वीरेन्द्र ने परिवार सहित कलेक्ट्रेट प्रांगण मे धरना तथा आत्मदाह किये जाने की धमकी दी है। जिलाधिकारी मृदुल ने कृषक वीरेन्द्र के प्रार्थना को गम्भीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी



कुलपहाड़ को घटनास्थल पर पहुँचकर तत्काल दबंगो के कब्जे से चकरोड को मुक्त कराये जाने बावत आदेशित किया है।

## अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, एक की मौत दूसरा गंभीर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रेंढ़र थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक बल्ली से टकराकर अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे बाइक पर सवार दो लोगों में एक की मौत हो गई। जबकि दूसरे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वही पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को देने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रेंढ़र थाना क्षेत्र के बाबुलपुरा गांव निवासी राजू 42 वर्ष सोमवार की शाम अपने साथी महाराज सिंह 45 वर्ष के साथ बाइक से पड़ोसी गांव भगवंतपुरा गया था। जब वह देर रात वहां से लौट रहा था तभी उसकी बाइक सड़क पर पड़ी बल्ली से टकरा गई। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, और बाइक पर पीछे बैठे राजू की सड़क पर गिरकर घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा उसका साथी महाराज सिंह घायल हो गया। राहगीरों ने मामले की खबर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहीं पुलिस ने घटना की खबर मृतक के परिजनों को देने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# एटीएम बदलकर लोगों को चूना लगाने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । कुठौंद**

✻ 70 एटीएम कार्ड, लग्जरी कार व असलहे किए बरामद, मौके से भागे अन्य सदस्यों की खोजबीन शुरू

थानाध्यक्ष ने एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के अकाउंट से कैश उड़ाने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि उनके अन्य साथी पुलिस को चकमा देकर मौके से भागने में सफल हो गए। इस दौरान पुलिस ने दोनों लोगों के पास से एटीएम कार्ड, लग्जरी कार व अवैध असलहा बरामद किए। वहीं पुलिस ने मौके से फरार हुए अन्य लोगों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देशन में थानाध्यक्ष कमलेश कुमार मंगलवार को अपने अधीनस्थों के साथ क्षेत्र में चोर, लुटेरे, टप्पेबाज, वंछित व वारंटियों के अलावा नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले लोगों की तलाश में भ्रमण करने में लगे हुए थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर द्वारा भोले भाले लोगों के एटीएम कार्ड बदलकर उनके अकाउंट से रुपए उड़ाने वाली गैंग की क्षेत्र में घूमने की भनक लगी। भनक लगते ही थानाध्यक्ष ने मुखबिर के बताए ठिकाने पर दविश डालते हुए ग्राम गोरा राठौर के पास एक खंडहर की घेराबंदी कर



दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसके अन्य साथी मौके से भागने में सफल हो गए। पुलिस के पूछे जाने पर पकड़े गए शातिर बदमाशों ने अपना नाम समोद सिंह निवासी ग्राम मढ़ा थाना अछल्दा जिला औरैया और दूसरे ने अंश कुमार निवासी ग्राम टिकरी मुस्तकिल थाना सिरसा कलार बताया। इस दौरान पुलिस ने शातिर बदमाशों के पास से 70 एटीएम कार्ड, एक लग्जरी कार व अवैध असलहे बरामद हुए। सीओ रविन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि उक्त बदमाशों को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया है। इतना ही नहीं बल्कि पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हुए अन्य साथियों की भी तलाश जारी कर दी गई है, जिन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## मीटर संटं करने वाले गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । उरई**

विधुत विभाग के अधिशाषी अभियंता व एसडीओ ने टीम सहित दबिश देकर मीटर सटं करने वाले गिरोह के एक सदस्य को पकड़ कर पुलिस को सौंपा दिया।

विधुत विभाग के अधिशाषी अभियंता राधे श्याम सोमवार को विभागीय बैठक ले रहे थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि शहर के कालपी रोड पर दीपक कुशवाहा नाम का युवक एक घर में संट मीटर लगा रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने एसडीओ सहित टीम के साथ मुखबिर के बताए ठिकाने पर दविश डाल दी। जहां पर उन्होंने दीपक को संट मीटर लगाते समय रंगे हाथ पकड़ लिया।

बताया गया कि अधिशाषी अभियंता ने आरोपी दीपक को तत्काल कोतवाली पुलिस के हबाले कर दिया और तहरीर देकर उसके विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करा दिया है। बताया गया कि पकड़ा गया मीटर सटं करने वाला युवक विभागीय या विभाग के कर्मचारियों से इसका कोई लेना देना नहीं है। यह अपनी टीम बनाकर लोगों को कम बिल आने का प्रलोभन देकर ऐसा घिनौना काम किया करता था। फिलहाल अधिशाषी अभियंता का कहना है कि वह शासन की मनसा के अनुसार अपने कार्यों को सही ढंग से अमली जामा पहनाएंगे।

इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि विद्युत चोरी करने वाले लोगों व इस तरीके से शातिरो को वह किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# डीएम ने 200 होमगार्ड जवानों को राजस्थान चुनाव ड्यूटी के लिए किया रवाना

**जन एक्सप्रेस । उरई**

गांधी इण्टर कॉलेज से होमगार्ड विभाग द्वारा राजस्थान विधानसभा निर्वाचन ड्यूटी में जनपद से भेजे जा रहे 200 होमगाड्र्स के संचरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने चुनाव ड्यूटी पर भेजे जा रहे होमगाड्र्स को ब्रीफ करते हुए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि होमगाड्र्स बल एक बहुत ही क्षमतावान बल है। जिसने विभिन्न महत्वपूर्ण अवसरों अपनी उपयोगिता सिद्ध की है। डीएम ने उपस्थित जबानों को अपनी पूर्ण निष्ठा, लगन व




ईमानदारी के साथ ड्यूटी का निर्वान्ह करते हुए जनपद का नाम रोशन करने हेतु उत्साहवर्धन किया। एसडीएम सदर अभिषेक कुमार ने होमगाड्र्स जबानों का मनोबल बढाते हुए उन्हें अपना उच्च कोटी का प्रर्दशन प्रस्तुत करने हुए प्रेरित किया। साथ ही निर्वाचन ड्यूटी के दौरान ध्यान रखी जाने वाली विशेष चीजों से जबानों को अवगत कराया। जिला कामण्डेन्ट होमगाड्र्स राजेश कुमार सिंह ने कहा कि जनपद से 200 होमगाड्र्स निर्वाचन ड्यूटी हेतु राजस्थान के जयपुर भेजे जा रहे है, जो 26 नवंबर तक चुनाव ड्यूटी पर नियोजित रहेगे। उन्होंने कहा कि अभी हाल में सम्पन्न मध्य प्रदेश विधान सभा निर्वाचन ड्यूटी में जनपद जालौन के होमगाड्र्स का उच्च कोटि का प्रर्दशन रहा है। जिसकी भूरी-भूरी प्रशंशा हुई है। अपने उत्कृष्ठ प्रदर्शन द्वारा होमगाड्र्स विभाग की छवि उज्जवल करते हुए जनपद जालौन का नाम रोशन करें।

कार्यकम में जनपद के होमगाड्र्स विभाग के कमल सिंह सचान, बृजेश कुमार सिंह, दिनेश सिंह सचान, पवेज अन्सारी, सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम बस से कुचलकर बीएससी फाइनल की छात्रा की मौत

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

आटा थाना क्षेत्र में बस स्टैंड के समीप बीएससी फाइनल की छात्रा की बस से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटनास्थल पर खड़ी बस को हिरासत में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया।

कानपुर देहात के भोगनीपुर निवासी मोना आटा क्षेत्र के ग्राम बीजापुर में स्थित एमजेएच महाविद्यालय में बीएससी फाइनल की छात्रा है। वह मंगलवार को कानपुर से उरई जा रही रोडवेज बस में अपनी सहेलियों के साथ कॉलेज जा रही थी। जैसे ही नेशनल हाईवे स्थित थाने के समीप बस रुकी, और छात्रा बस से उतरने



लगी। तभी चालक ने लापरवाही व अनदेखी कर बस आगे बढ़ा दी। जिससे बस से नीचे उतर रही छात्रा बस के पिछले पहिए के नीचे आ गई। हादसा देखकर बस में बैठी सवारियां जोरों पर चीखने चिल्लाने लगीं। जब तक बस रुकती, छात्रा की कुचलकर मौत हो चुकी थी। वहीं घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रा के शव को कब्जे में लिया। वहीं पुलिस ने घटना स्थल पर खड़ी बस को हिरासत में लिया और चालक को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस ने घटना की जानकारी छात्रा के परिजनों को दी।

# उधारी का पैसा मांगने पर दबंगों ने पीटा

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

दुकान की उधारी मांगने पर दबंगों का कहर देखने को मिला है। दबंगों ने घर में घुसकर पूरे परिवार के साथ मारपीट की है। लाठी डंडों से मारपीट कर दुकान में रखी नगदी भी लेकर दबंग फरार हो गए और इस मामले में स्थानीय पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि मारपीट से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल है और अन्य लोग चुटहिल हैं। यही नहीं कोतवाली में शिकायत लेकर पहुंचे पीड़ितों को मौजूद दो सिपाहियों ने जातिसूचक शब्दों से अभद्रता और अपमानित कर भगा दिया। शिकायत के बाद दबंग आरोपियों पर कार्यवाही तो दूर पीड़ितों का मेडिकल तक पुलिस ने नही कराया है, ऐसे में पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लगाता अधिकारियों की चौखट के चक्कर लगा रहा है।

दरअसल आपको बता दें कि यह घटना जनपद के शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत काली पहाड़ी इलाके की है। जहां दुकान की उधारी मांगने पर दबंगों ने दुकानदार सहित पूरे परिवार के साथ घर में घुसकर मारपीट की है। पीड़िता परिवार ने अपर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मामले



में न्याय की गुहार लगाई है। काली पहाड़ी गांव में रहने वाली संगीता वर्मा बताती है कि घर में उसका बड़ा भाई कल्लू किराने की दुकान चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है आरोप है कि गांव में रहने वाले रूपा किराने की दुकान से उधारी का सामान लेता रहा और जब पीड़िता के भाई कल्लू ने उससे उधारी के पैसे वापस मांगे तो दबंग रूपा भड़क उठा। पैसे के लेनदेन में हुए विवाद के बाद आरोप है कि दबंग रूपा अपने भाई खूबचंद्र सहित अन्य लोगो के साथ घर पर हमलावर हो गया। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता किराने की दुकान में तोड़फोड़ की गई और पूरे परिवार को मारा पीटा गया है। दुकान के बाहर बैठे पीड़िता के वृद्ध पिता हक्कू वर्मा को भी लाठियों से पीटा है। दुकान में तोड़फोड़ कर रखी 9050 रुपए की नगदी लेकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पीड़ितों ने डायल 112 में की जिस पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायल वृद्ध को लेकर परिजन शहर कोतवाली पहुंचे जहां पर नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की गई लेकिन आरोप है कि कोतवाली में मौजूद दो सिपाही द्वारा पीड़ितों के साथ अभद्रता करते हुए जाति सूचक शब्दों के साथ सम्मानित कर भगा दिया गया और कोई कार्यवाही नहीं की गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों से रुपए ले लिए हैं और कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। यही नहीं पुलिस से शिकायत करने से भड़के आरोपी रूपा के भाई दीपक ने संगीता को फोन पर जान से मारने की धमकी के साथ-साथ पूरे परिवार को झूठे मुकदमे फसाने की धमकी दी डाली। इसलिए पूरे मामले की शिकायत लेकर पीड़ित परिवार अपर पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचे है।

इस मामले को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम ने कहा है कि काली पहाड़ी गांव से मिली शिकायत के आधार पर जांच और कार्रवाई के निर्देश शहर कोतवाली पुलिस को दिए गए हैं।

## पत्नी से हुए विवाद में पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुटरा में पत्नी से हुए विवाद के चलते पति ने पशुबाड़े में फांसी लगा ली। जिसमे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुटरा निवासी कुंदन पाल 40 वर्ष व पत्नी रजनी से किसी बात को लेकर सोमवार रात वाद-विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई। पत्नी से हुए विवाद के बाद पति कुंदन ने देर रात पशुवाड़ा में बनी दीवाल में लगे हुक से रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रोज की तरह परिजन मंगलवार की सुबह पशुओं को चारा डालने पहुंचे। जहां पर उन्होंने फांसी पर लटक रहे शव को देखा तो उनमें कोहराम मच गया। वहीं परिजनों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाल अखिलेश द्विवेदी दलबल सहित मौके पर पहुंच गए। फिलहाल पुलिस ने पूरे मामले की बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# दबंगो ने किशोरी को बुरी तरह पीटा

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

महिलाओं तथा युवतियो के साथ मारपीट की घटनाएं पुलिस की तमाम कवायद के बाद भी रूकने का नाम नही ले रही है। आये दिन किसी न किसी युवती और महिला की मारपीट की घटनाएं घटित होना आम बात हो गयी है। गरीबी से जूझ रही श्रीमति सावित्री पत्नी ब्रजभान दोनो दो जून की रोटी की तलाश मे दिल्ली गये हुए थे तथा घर पर उनकी युवा पुत्री शोभा रह रही थी। गांव के ही सतीश पुत्र करन तथा प्रीति पुत्री करन हेमा पत्नी देवी, मातादीन पुत्र खजुआ ने मामूली वाद विवाद को लेकर घर पर अकेली कुमारी शोभा को लात घूसो से बुरी तरह मारपीट किये जाने का सनसनीखेज समाचार प्रकाश मे आया है। घटना की सूचना पर शोभा की मॉ सावित्री तथा पिता ब्रजभान ने निवासी ग्राम अमानपुरा थाना महोबकण्ठ ने दिल्ली से गांव आकर आज मंगलवार के रोज पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पुत्री के हमलावरो के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। श्रीमति सावित्री द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र मे कहा है कि दिनांक



19.11.2023 को अपरान्ह 12 बजे घर मे घुसकर गांव के ही सतीश पुत्र करन, प्रीति पुत्री करन हेमा पत्नी देवी मातादीन पुत्र खजुवा ने घर पर अकेली पुत्री को बुरी तरह लात घूसो से मारा पीटा तथा घटना की रिपोर्ट थाना महोबकण्ठ दर्ज कराने पहूँची तो थाना महोबकण्ठ पुलिस ने यह कहकर भगा दिया कि सतीश को बुलाकर समझा देंगे। महिला द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र मे उपरोक्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## अवैध असलहा सहित युवक बंदी

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** थाना महोबकण्ठ पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को 12 बोर के अवैध असलहा सहित बंदी बनाकर जेल भेजा है। थाना महोबकण्ठ पुलिस ने बताया कि पनवाड़ी हरपालपुर मार्ग पर संदिग्धो की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान आशीष पुत्र नरेन्द्र कुमार शर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम रावतपुरा कला थाना महोबकण्ठ के पास से 12 बोर के असलहा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद होने पर युवक के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकद्मा पंजीकृत कर जेल भेजा है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

जिलाधिकारी मृदुल चैधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन के द्वारा निर्धारित करों के लक्ष्यों की पूर्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली करने तथा रजिस्ट्रेशन बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने नगर पालिका, नगर पंचायतों को निर्देशित करते हुए कहा कि दुकानों का अग्रीमेंट कराकर ही किराये पर दें तथा लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करें। जिलाधिकारी नें विद्युत् विभाग की वसूली लक्ष्य के सापेक्ष कम होने तथा एक मुश्त समाधान योजना में कम रजिस्ट्रेशन होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एक मुश्त समाधान योजना का प्रचार-प्रसार कराकर तथा कैम्प लगाकर वसूली शत-प्रतिशत कराएं। इसके अतिरिक्त सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारिओं को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभागों की वसूली शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत कराएं।

# स्वतंत्रता संग्राम की प्रथम दीप शिखा वीरांगना झलकारी बाई जयंती पर काव्य गोष्ठी आयोजित हुई

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

झलकारी विश्व विद्यालय खुलाने बिटियन खॉ खूब पढ़ाने है, जन- जन खॉ समझाने है। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की प्रथम दीपशिखा वीरांगना झलकारी बाई जंयती की पूर्व संध्या पर डॉ0एल0सी0 अनुरागी के आवास पर सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन शिवकुमार गोस्वामी की अध्यक्षता व राजकीय बालिका इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या सरगम खरे के आतिथ्य मे वीरांगना झलकारी बाई सेवा समिति के तत्वाधान मे हुआ। साहित्यकार प्रमोद सक्सेना ने सरस्वती वंदना मॉ जगदम्ब करो न विलम्ब, सुधारस ज्ञान बहाती रहो, मॉ से कायक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होने शानदार रचना करूण दया व प्रेम जगाती है बेटियां सदभाव संस्कार निभाती है बेटियां प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य सरगम खरे ने सुनो,- सुनो ओ भारतवासी झलकारी की अमर कहानी, रण मे रणचण्डी बन गरजी, ऐसी थी वो मर्दानी प्रस्तुत की। लखनलाल चैरसिया ने झलकारी की वीरता पर पंक्तियां रण मे दुर्गा रूप बनाया दुश्मन को ललकारा प्रस्तुत की। कोआपरेटिव बैंक के मैनेजर संतोष कुमार ने कहा लड़ी सभलकर झलकारी घोड़े पर असवार हैं संचालन करते हुए वीरभूमि राजकीय डिग्री कालेज के प्रोफेसर डॉ0 एलसी अनुरागी की रचना थी- झलकारी विश्व विद्यालय खुलाने, बिटियन खॉ खूब पढाने है- जन जन खॉ समझाने है प्रस्तुत की। पं0 हरीशंकर नायक की रचना थी मातृभूमि बुंदेलखण्ड की वीरांगना झलकारी थी, शत्रु को रण मे सबक सिखाने की उसने ठानी थी। वरिष्ठ कवि हरिश्चन्द्र वर्मा की रचना, झलकारी की बहादुरी पर बुंदेलो को नाज है, खूब सराही गई। आकाशवाणी छतरपुर के लघु



कथाकार बलवीर वैश्य ने लघु कथा भितरघात के माध्यम से झलकारी की वीरता पर प्रकाश डाला।

साध्वी सुनीता अनुरागी एडवोकेट ने अपनी रचना मे झलकारी के साहस व वीरता पर प्रकाश डाला। दयाशंकर राठौर एड0 ने कहा समरभूमि झॉसी की धरा पर रण मेब नी चिंगारी थी। और कोई नही बुंदेलखण्ड की झलकारी थी। पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी ने कहा कि वीरांगना झलकारी के सम्मान मे बेटियों की शिक्षा के लिए निःशुल्क पुस्तकालय खुलना चाहिए। रामस्वरूप राजपूत एड0 दुर्गाप्रसाद अग्रवाल एड0, इंजीनियर सुरेश सोनी, मुन्नलाल धुरिया एड0, शिक्षक विश्वजीत सिंह, विपिन घनघौरिया, योगेन्द्र अनुरागी, सुमित वर्मा, आदि ने भी रचनाएँ प्रस्तुत की। बार एसोसिएशन महोबा के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता ईरेन्द्र बाबू अनुरागी वीरांगना झलकारी बाई सेवा समिति के प्रबंधक ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई ने 1857 की क्रांति मे महारानी लक्ष्मीबाई का साथ देकर उनके प्राण और अपना मातृभूमि के प्रति कर्तव्य निभाया। उन्होने कहा कि झलकारी की स्मृति मे कीरत सागर तिराहे पर झलकारी गेट बनना चाहिए और यहॉ की बेटियो की शिक्षा के लिए पुस्तकालय और झलकारी डिग्री कालेज की स्थापना होना चाहिए। डॉ0 एलसी अनुरागी ने सभी कवियों के प्रति आभार व्यक्त किया और बताया कि इस कवि गोष्ठी का प्रसारण आकाशवाणी छतरपुर से 22 नवम्बर 2023 को प्रातः 9:30 बजे से होगा।

कार्यक्रम मे गौरीशंकर कोष्ठा, बैजनाथ मुनीम, छतरपुर से आये राजेन्द्र अहिरवार आदि उपस्थित थे।

# महोबा के साहित्यकारन ने वीरभूमि का नाम किया रोशन

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

विगत दिवस महारानी लक्ष्मीबाई के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे नोएडा मे एक बुंदेली कवि सम्मेलन के अवसर पर महोबा से साहित्यकार संतोष कुमार पटैरिया तथा सरस्वती विद्या मंदिर इ0का0 के संगीताचार्य पं0 जगतप्रसाद तिवारी तथा कुलपहाड़ से रफीकनीर ने बुंदेली कवि सम्मेलन नोएडा मे अपनो बुंदेलखण्ड चैनल द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन मे अपनी बुंदेली रचनाओं से महोबा जनपद तथा बुंदेलखण्ड का गौरव बढाया। इस बुंदेली कवि सम्मेलन मे उक्त तीनो साहित्यकारों ने बुंदेलखण्ड के गौरव पर तथा यहॉ की परम्पराओं तथा रीति रिवाजों पर रचना सुनाकर



श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अभिनेता राजा बुंदेला तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मे उ0प्र0 शासन के पूर्व मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी, तथा दूसरे पूर्व मुख्य सचिव पी0के0 मित्र कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप मे पूरे कार्यक्रम मे उपस्थित रहे तथा साहित्यकारों का सम्मान भी किया गया। देश के अनेक कवियों ने भी बुंदेली मे रचना पढ़ते हुए महारानी लक्ष्मी बाई की वीरता का बखान किया। इस अवसर पर दतिया राजवंश के महाराजा तथा महारानी की उपस्थिति प्रमुख रूप से थी। बुंदेली कवि सम्मेलन सुनने के लिए नोएडा मे सैकड़ों की संख्या मे श्रोता उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण अपना बुंदेलखण्ड चैनल द्वारा किया गया।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 14 कोसी परिक्रमा संपन्न

**जय श्रीराम के उद्घोष के साथ लाखों श्रद्धालुओं ने की परिक्रमा**



जन एक्सप्रेस | अयोध्या

अक्षय नवमी पर अयोध्या की 24 घंटे चलने वाली 14 कोसी परिक्रमा सोमवार रात्रि 2:09 मिनट पर शुरू हुई जो मंगलवार रात 11:38 पर समाप्त हो गई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चल रही परिक्रमा में लाखों श्रद्धालु उमड़े। जोन और सेक्टरों में बंटे चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर परिक्रमार्थियों के लिए तमाम व्यवस्थाएं की गईं थीं। सरयू में स्नान और मंदिरों में दर्शनों के लिए भी तांता लगा रहा है ।14 कोसी परिक्रमा परिधि में नया घाट, नाका हनुमानगढ़ी, सहादतगंज हनुमानगढ़ी और गुप्तार घाट से होते हुए परिक्रमार्थी पुनः नया घाट पहुंच रहे हैं। बता दें कि अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा शुरू होने के बाद 24 घंटे चलती है। इसके पीछे मान्यता है कि परिक्रमा मार्ग पर एक पग चलने भर से पूर्व जन्म के तमाम पाप धुल जाते हैं। इसे वांछित संख्या के अनुसार पूरा करने पर लोगों की मनौतियां भी पूरी होती हैं। अयोध्या की परिक्रमा का महत्व और भी ज्यादा है। यहां की परिक्रमा का अर्थ अयोध्या के पांच हजार से अधिक मंदिरों में विराजमान ठाकुरजी व ऋषियों-मुनियों के स्थलों की परिक्रमा एक ही बार में पूरी कर लेना है। मान्यता है कि अक्षय नवमी पर किया गया पुण्य अक्षय हो जाता है।

मंडलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी नीतीश कुमार, एसएसपी राजकरण नैय्यर लगातार परिक्रमा पथ पर भ्रमणशील हैं।

# 14 कोसी परिक्रमा में ट्रस्ट ने लगाया कैंप शुभारंभ महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने किया



जन एक्सप्रेस | अयोध्या

क्लीं साधना पीठ ट्रस्ट द्वारा जमथरा पर लगाया गया कैंप, कैंप का शुभारंभ महापौर गिरीशपति त्रिपाठी के द्वारा किया गया इस अवसर पर महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि शिविर के माध्यम से श्रद्धालुओं की सेवा पुण्य का कार्य है।

कैंप के द्वारा 14 कोसी परिक्रमा मार्ग में आए हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया और स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों को चिकित्सा भी डॉक्टर सुषमा त्रिवेदी द्वारा बीमार लोगों का इलाज भी किया गया उनके द्वारा परिक्रमा में आए किसी भी प्रकार से बीमारी से ग्रसित पुरुष महिला की सेवा की गई है ट्रस्ट की अध्यक्ष अवधूतनी गुरु मां हेमा भारती गिरी ने बताया कि यह कैंप कई वर्षों से 14 कोसी परिक्रमा में लगाया जाता है जिसमें आए हुए श्रद्धालुओं की सेवा की जाती है श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा इस अवसर पर करुणा पांडेय, गुड़िया त्रिपाठी अखिलेश पांडेय, सूर्य प्रताप सिंह, पंडित संतोष, शीतलनाथ अघोरी उपस्थित रहे।

# राम भक्तों की सेवा करने से होती है आनंद की अनुभूति : राजेश महाराज



जन एक्सप्रेस | अयोध्या

परिक्रमा मेले को देखते हुए श्री अयोध्या धाम तीर्थ धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य और चाय का वितरण किया गया। तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष राजेश महाराज ने कहा कि राम भक्तों की सेवा करने से बड़े ही आनंद की अनुभूति होती है द्य वैसे तो हम सभी अयोध्या में बहुत से सेवा भरे कार्य करते है किन्तु जो सुख अयोध्या में परिक्रमा करने आने लोगों की सेवा में आता है उसकी बात और है द्य इस अवसर पर राजेश महाराज, महेश दास घनश्याम दास पहलवान, सुनील, मनोज पाल नवीन शर्मा, महामंत्री महंगू लाल पांडेय, शुभम पांडेय, जैन पुजारी अजय सहित बहुत से संत मौजूद रहे।

# मानवता की सेवा करना हमारा सौभाग्य : अशोक दुबे

**परिक्रमा में निशुल्क जल एवं सूक्ष्म स्वास्थ्य परीक्षण अंचल शिविर का हुआ आयोजन**

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

भगवान श्री राम की नगरी में सेवा भाव के साथ निशुल्क जल एवं सूक्ष्म स्वास्थ्य परीक्षण अंचल कार्यालय अयोध्या अक्षय तृतीया के साथ परिक्रमा में आए हुए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत एवं अभिनंदन अयोध्या यूको बैंक की शाखा करता है सुश्री मिलन दुबे अंचल प्रमुख नीरज कुमार उप अंचल प्रमुख श्रीमन नारायन शाखा प्रमुख शाखा, फैजाबाद अशोक दुबे , अशोक सिंह शाखा प्रमुख शाखा यूको बैंक के संयुक्त तत्त्वाधान में शिविर का आयोजन किया गया द्य जिसमें निशुल्क चाय एवं विश्राम स्थल की व्यवस्था युको बैंक के शाखा प्रबंधक अशोक दूबे के सौजन्य से अयोध्या में आयोजित किया गया द्य श्रद्धालुओ की सेवा में समर्पित यूको बैंक शाखा के सभी कर्मचारी समर्पित रहे जिसमे अंचल प्रमुख मिलन दूबे अंचल कार्यालय अयोध्या ,उपंचल प्रमुख नीरज अंचल कार्यालय अयोध्या शाखा प्रबंधक अशोक दूबे अयोध्या शाखा शाखा प्रबंधक संदीप अयोध्या शाखा स्टाफ हरिशंकर पांडेय, पुष्पेंद्र पटेल, अतुल वर्मा, नरेंद्र वर्मा, श्री राम मिश्रा, शंभू नाथ सिंह, साक्षी शुक्ला, सीनियर मैनेजर मनोज कुमार सिंह सीनियर मैनेजर शंकर पांडे, प्रणव दीक्षित, आकाश सिन्हा , लोकपति तिवारी आदि लोगों ने 14 कोसी परिक्रमा मार्ग बूथ नंबर 4 निकट जय मां बाराही ट्रेडर्स,अयोध्या धाम में निःशुल्क कैंप लगाकर निशुल्क स्वास्थ्य व्यवस्था एवं सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई। शाखा प्रबंधक अशोक दूबे ने बताया कि बैंक श्रद्धालुओं की सेवा में समस्त स्टाफ सहित समर्पित है एवं भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र बनाना है एवं भ्रष्टाचार को मिटाना है एवं भ्रष्टाचार के प्रति लोगों को जागरुक कर रहे हैं।

# 14 कोसी परिक्रमा में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद द्वारा सेवा शिविर का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

भगवान श्री राम की पावन नगरी अयोध्या में कार्तिक शुक्ल अक्षय नवमी 14 कोसी परिक्रमा में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के तत्वावधान में अचारी का सगरा पर विशाल सेवा शिविर लगाया गया। जिसमें परिक्रमा में आए हुए श्रद्धालुओं को निशुल्क चाय, प्राथमिक चिकित्सा, दवा वितरण तथा विश्राम करने की सुविधाएं प्रदान की गई। 20 नवंबर को रात्रि 9 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगतगुरू रामानंदाचार्य अवधेशाचार्य जी महाराज, पूर्व मंत्री पंडित तेज नारायण पांडेय (पवन) विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता प. अभिषेक मिश्र तथा महंत अजय दास ने भगवान परशुराम तथा आचार्य चाणक्य के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया। उद्घाटन के पावन अवसर पर अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित रामअनुज तिवारी राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्र, पंडित जय प्रकाश तिवारी सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महंत क्षीरेश्वरदत्त मिश्र, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा अयोध्या, पंडित राम जी पांडेय, पंडित मुकेश तिवारी महानगर अध्यक्ष अयोध्या, पंडित घनश्याम मिश्र, पंडित सुरेश पांडेय वरिष्ठ सदस्य, पंडित मंगला प्रसाद मिश्रा वरिष्ठ सदस्य, पंडित अनिल तिवारी, पंडित वीरेंद्र पाठक, पंडित संतोष पांडेय ब्लॉक अध्यक्ष मसौधा, पंडित अर्श दुबे, पंडित सूर्यकांत पांडेय, पंडित प्रमोद नारायण तिवारी, पंडित शुभम पांडेय, पंडित अनिल मिश्रा, पंडित विजयकांत उपाध्याय, पंडित राजमणि तिवारी, पंडित राजेश चौबे, पंडित रोहित पांडेय, पंडित राकेश पाठक, पंडित राम नयन पाठक, ब्लाक अध्यक्ष पूरा पंडित धीरेन्द्र पांडेय पंडित मानस तिवारी, पंडित लोकेश द्विवेदी, पंडित राम सेवक मिश्र, पंडित अजित शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# रामनगरी अयोध्या ने विश्व को मर्यादा व अनुशासन की शिक्षा प्रदान की है : सांसद लल्लू सिंह

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

चौदह कोसी परिक्रमा में सांसद लल्लू सिंह द्वारा अयोध्या में मानस भवन के पास, जनौरा व ककरही बाजार में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु शिविर लगाया गया। सूर्यकुंड में चाणक्य परिषद द्वारा लगाये गए शिविर की सांसद ने शुरुआत की। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद सांसद का स्थानीय लोगो ने स्वागत किया।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि रामनगरी अयोध्या ने विश्व को मर्यादा व अनुशासन की शिक्षा प्रदान की है। राम के आदर्शों को आत्मसात करके व्यक्ति अपने जीवन को आनंदमय कर सकता है। अयोध्या में परिक्रमा करने से शरीर में आध्यात्मिक उर्जा का संचार होता है। यह आध्यात्मिक उर्जा जीवन के हर मोड़ पर हमें प्रगति की ओर अग्रसर करती है। उन्होने कहा कि श्रद्धालुओं की अपेक्षा पूरी करने के लिए चौदह व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण सरकार के द्वारा किया जा रहा है। रामनगरी को विकसित करने के लिए योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की गई है। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को वैश्विक मानकों के अनुसार सुविधाए प्रदान करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। भाजपा मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि मानस भवन व ककरही बाजार के शिविर का उद्घाटन पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, जनौरा के शिविर का उद्घाटन पूर्व जिलाध्यक्ष कमलाशंकर पाण्डेय ने किया। मौके पर रवि सोनकर, मनमोहन जायसवाल, राकेश सिंह, बालकृष्ण वैश्य, विकास कुमार, धर्मेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# एकल गायन प्रतियोगिता में अंशिका उपाध्याय रही अव्वल




जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में मंगलवार को पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत विद्यार्थियों के सांस्कृतिक विकास हेतु एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अंशिका उपाध्याय ने पहला स्थान प्राप्त किया।

जानकारी के अनुसार 21 नवंबर को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय के निर्देशन व मुख्य नियंता प्रो0 पी के सिंह की निगरानी में एकल गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में स्वर, ताल व लय के मध्य जबरदस्त मुकाबला हुआ। प्रतियोगिता के दौरान एम ए प्रथम सेमेस्टर की अंशिका उपाध्याय ने **मिलती है जिंदगी में मोहब्बत कभी कभी** गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं बीएससी तृतीय सेमेस्टर के सौम्य पाण्डेय को दूसरा तथा एमएससी प्रथम सेमेस्टर की अवनीत कौर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता की प्रथम निर्णायक व अध्यक्षता कर रही प्रो0 वीणा सिंह ने सभी के उज्वल भविष्य की कामना की। सांस्कृतिक निदेशक व द्वितीय निर्णायक डॉ अनामिका सिंह ने प्रतिभागियों को गायन की बारीकियों से परिचित कराया। एकल गायन प्रतियोगिता के संयोजक व निर्णायक लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने कहा कि गायन प्रतियोगिता मन की भावनाओं को प्रकट करने का सबसे सशक्त माध्यम है।यह बालको को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहन देती है। कठिनाइयों से आगे बढ़ने के साथ साथ अपने कार्य को तन्मयता से करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ आनंद कुमार वाजपेयी ने किया। इस अवसर पर प्रो0 रेखा विश्वकर्मा, डॉ दिनेश मौर्य, डॉ पूजा मिश्रा, डॉ बी एल गुप्त, डॉ अभयनाथ ठाकुर, डॉ प्रखर त्रिपाठी, डॉ अवनींद्र दीक्षित,डॉ शकुंतला, मणिका मिश्र,सीमा पाण्डेय, डॉ के के सिंह, डॉ सुनील मिश्र, डॉ बसंत कुमार, डॉ अरुण कुमार व शिवम सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# 56 बीएलओ पर लटकी कार्रवाई की तलवार

जन एक्सप्रेस | अंबेडकरनगर

आलापुर तहसील के 56 बीएलओ पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। दरअसल इनमें से 32 बीएलओ के बूथों पर अब तक नाम बढ़ाने के एक भी फार्म नहीं मिले। 24 बूथों पर सिर्फ एक-एक फार्म पाया गया। डीएम अविनाश सिंह ने ऐसे सभी बीएलओ के साथ ही सुपरवाइजर व सेक्टर ऑफीसर को कड़ी चेतावनी दी है। डीएम ने कार्रवाई के लिए भी चेताया है। सोमवार को आलापुर तहसील के वसुधासिंह सभागार में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा बैठक में डीएम अविनाश सिंह ने बीएलओ के अलावा कई अधिकारियों को जमकर फटकार लगायी। डीएम ने कहा कि यदि जल्द सुधार न हुआ तो कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि सुपरवाइजर प्रतिदिन बीएलओ से बात करें। जो भी फॉर्म बीएलओ को प्राप्त होते हैं उसको दो से तीन दिन के भीतर फीड कर दिया जाए। सुपरवाइजर व अन्य जिम्मेदारों को निर्देश दिया कि वे अपने बीएलओ के संपर्क में रहें। उनसे नाम बढ़ाने, घटाने व संशोधन से जुड़े फॉर्म एकत्र करें।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा प्रधानों के प्रशिक्षण में खाली रही कुर्सियां

जन एक्सप्रेस | महराजगंज तराई



प्रदेश व केंद्र सरकार ने ग्राम पंचायत के विकास को एक नया आयाम देने के लिए ग्राम प्रधानों का प्रशिक्षण करने का कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है की महिला स्वयं सहायता समूह व ग्राम प्रधानों का राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत आर जी एस एस प्रशिक्षण प्रशिक्षण कराकर ग्राम पंचायत के विकासन को आगे बढ़ाया जाए लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव में प्रशिक्षण सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूह महिला व ग्राम प्रधानों के लिए सुबह का नाश्ता व भोजन भी व्यवस्था कराई गई। लेकिन सभागार की अधिकांश कुर्सियां खाली पड़ी रह गई।

तुलसीपुर विकासखंड की कौवापुर सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत पी आर आई एंव एस एच जी कन्वजेसत्र हेतु ग्राम प्रधान व एक सक्रिय महिला स्वयं सहायता समूह की एक सदस्य का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें दो दिवसीय प्रशिक्षण सिर्फ खाना पूर्ति बनकर रह गया।

प्रचार प्रसार के अभाव में कुर्सियां खाली पड़ी रह गई।

प्रशिक्षण में तीन न्याय पंचायत के ग्राम प्रधानों को पहुंचना था लेकिन कोई भी प्रधान प्रशिक्षण कार्यक्रम में नहीं पहुंचा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिर्फ एक दर्जन स्वयं सहायता की महिला प् पहुंची। लेकिन ग्राम प्रधान नदारत रहे।

प्रचार प्रसार के अभाव के कारण कुर्सियां खाली पड़ी रह गई। प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षकों के लिए सुबह का चाय नाश्ता दोपहर के लिए भोजन की व्यवस्था भी कराई गई।

लेकिन भोजन व नाश्ता में भी बंदरबाट कर दिया गया। इस संबंध में एडीओ पंचायत कृष्ण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रचार प्रसार के लिए ग्राम पंचायत सचिव को अवगत कराया गया था।

ग्राम प्रधानों को न पहुंचने पर भी स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

# 32 करोड़ से होगी 170 सड़कों की मरम्मत

जन एक्सप्रेस | अंबेडकरनगर

करीब 32 करोड़ की लागत से जल्द ही 170 सड़कों के नवीनीकरण का काम शुरू हो जाएगा। इससे करीब पांच लाख की आबादी को सुचारू आवागमन का सीधा लाभ मिलेगा। लोक निर्माण विभाग ने ठेकेदारों से अनुबंध पत्र लेने के साथ ही नवीनीकरण का काम शुरू करने का निर्देश दिया है। अब तक छह दर्जन से अधिक ठेकेदारों ने अपना अनुबंध पत्र जमा कर दिया है। ऐसे में जल्द ही सड़कों के निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा।

बताते चलें कि लोक निर्माण विभाग ने प्रथम चरण में 280 सड़कों के नवीनीकरण की स्वीकृत शासन से प्राप्त की थी। इसके बाद दूसरे चरण में अब 170 सड़कों के नवीनीकरण कराने के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है। प्रथम चरण के तहत कई सड़कों पर काम चल रहा है। इस बीच अब दूसरे चरण के लिए स्वीकृति मिलने के बाद विभाग सड़कों की मरम्मत के लिए जुट गया है। 32 करोड़ रुपये की लागत से इन सड़कों की मरम्मत की जानी है। विभाग ने इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है।

# केमिकल डिवीजन में रामचरित मानस सुंदरकांड पाठ का आयोजन

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के बलरामपुर चीनी मिल की इकाई केमिकल डिविजन में मंगलवार को उत्पादन कार्य शुरू होने से पूर्व श्री रामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया । मिल के प्रधान मुख्य महाप्रबंधक निष्काम गुप्ता पूजन कार्य में सम्मिलित हुए। जानकारी के अनुसार 21 नवंबर को पूजा अर्चन के साथ बलरामपुर चीनी मिल के केमिकल डिविजन में उत्पादन कार्य प्रारंभ होने से पूर्व मंगलवार सुबह सुंदरकांड पाठ के साथ पूजन अर्चन हवन किया गया। इसके साथ ही उत्पादन कार्य भी प्रारंभ हो गया। केमिकल डिविजन शिव मंदिर के पुरोहित पंडित बलराम मिश्र द्वारा विधि विधान से पूजा कराया गया। मुख्य जजमान सहायक प्रबंधक प्रोडक्शन ओमपाल सिंह यादव ने पूजन कार्य किया। सुंदरकांड पाठ एवं पूजन कार्यक्रम में केमिकल डिविजन के आबकारी आयुक्त कमल कुमार शुक्ल एवं अधिकारी प्रद्युम्न वर्मा, अमरजीत, अभिमन मल्ल, संदीप कुमार मनीष झा, मनोज कुमार दुबे अभिजीत दुबे, विश्व बंधु, राजेश यादव, सुरेंद्र यादव, अनीश शर्मा, डीपी पांडे, सुधाकर मिश्रा, प्रभाकर मिश्र, एसपी सिंह, सतीश यादव, समीर कुमार सिंह, सुनील कुमार सहित तमाम कर्मचारी सम्मिलित रहे। पूजन कार्यक्रम में चीनी मिल के प्रधान मुख्य महाप्रबंधक निष्काम गुप्ता ने भाग लेकर सभी अधिकारियों कर्मचारियों को सुरक्षा के साथ कार्य करने को कहा एवं उत्पादन कार्य शुरू होने पर बधाई दी।

# आभा एप दरकिनार, पर्चे के लिए लंबी कतार

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जिला अस्पताल व राजकीय मेडिकल कॉलेज में मोबाइल पर आभा एप के जरिए मरीजों के रजिस्ट्रेशन की सुविधा बेमायने साबित हो रही है। मरीज अभी भी कतार में लगकर पर्चा बनवाने की चुनौतियों से जूझ रहे हैं। एप का प्रचार-प्रसार न होने से मरीज व तीमारदार अभी भी लाइन में लगने को विवश हैं। जिला अस्पताल में बीते दो माह के भीतर सिर्फ 60 मरीजों ने ही आभा एप के जरिए अपना पंजीयन कराया है। जिला अस्पताल में इस समय प्रतिदिन 800 से अधिक मरीज ओपीडी इलाज कराने पहुंच रहे हैं। वहीं मेडिकल कॉलेज में हर रोज करीब 1500 मरीजों की ओपीडी होती है। यहां पर्चा बनवाने के लिए सुबह से ही लंबी कतारें लग जाती हैं।

# जनपद में 100 करोड़ की लागत से बन रहे सीबीजी प्लांट का डीएम ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद के सदर विकासखंड के गांव सिरसिया में 100 करोड़ की लागत से 11 एकड़ में कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट बनाया जा रहा है। इस प्लांट का मंगलवार को जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्लांट के संचालन की मेकैनिज्म तथा प्लांट में प्रयुक्त होने वाले रॉ मैटेरियल, निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ, विभिन्न गैसों के उत्सर्जन आदि की जानकारी प्राप्त की। सीबीजी प्लांट के अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि संचालन के पश्चात प्रतिदिन 10 टन गैस के प्रोडक्शन का लक्ष्य रखा गया है। प्लांट से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ का प्रयोग बायोफ़र्टिलाइज़र के रूप में किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्लांट के संचालन प्रारंभ होने के बाद पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी दशा में वायु प्रदूषण ना हो, प्लांट से निकलने वाले गैस के उत्सर्जन को रोकने के लिए विभिन्न तकनीकियों का अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। प्लांट में प्रयुक्त होने वाले कचरे या अन्य सामग्रियों को ढक के रखा जाए जिससे कि वायु में दुर्गंध ना फैले।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार एसडीएम बलरामपुर सदर राजेंद्र बहादुर व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### डाइट में चल रहा पांच दिवसीय प्रशिक्षण



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित का पांच दिवसीय संदर्भदाताओं का प्रशिक्षण डायट परिसर में दिनांक 20 11 23 से प्रारंभ हैद्य आज प्रशिक्षण का दूसरा दिन रहा, प्रशिक्षण में भाषा के संदर्भ में विशेष चर्चा हुई, संदर्शिका, कार्य पुस्तिका, आकलन एवं उपचारात्मक पर प्रकाश डाला गया। एआरपी एवं केआरपी ने दिए गए बिंदुओं पर अपने समूह के साथ पटल पर अपने अनुभवों को साझा किया। प्रशिक्षण वरिष्ठ प्रवक्ता डाइट आर एन यादव, प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा सहित डाइट की टीम, एस आर जी, कमलेश यादव, अखिलेश सिंह, अजय मौर्य की द्वारा दिया गया।ए आर पी, गिरीश सिंह, सुजीत सोनकर, सुशील उपाध्यक्ष, रूद्र सेन सिंह, विनोद कुमार सिंह, मनोज सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, विकास सिंह, अखिलेश, धर्मेन्द्र सिंह, सुभाष चंद्र यादव सहित सभी ए आर पी उपस्थित रहे। ए आर पी प्रशांत मिश्र ने बताया कि यह प्रशिक्षण रोचक ढंग से कराया जा रहा है, और बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा।

### समाजसेवी लाल बहादुर यादव नेपाली को आत्मदाह करने के प्रयास से पूर्व पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** विगत 15 वर्षों से अधिक अवधि बितने के बाद भी अचला घाट मार्ग न बनने के कारण समाजसेवी लाल बहादुर यादव आज से ठीक 1 वर्ष पूर्व अचला घाट पर भूख हड़ताल किया था। तत्कालीन जिलाधिकारी के आदेश पर सिटी मजिस्ट्रेट ने आकर समाजसेवी लाल बहादुर यादव से वार्ता किया एवं दो माह के अंदर सड़क बनाने के लिए कहा उसके बावजूद सड़क का निर्माण नहीं हो सका। इसी समय से नेपाली अन्य का त्याग किये जो अभी तक अनवरत जारी है। सड़क नाली का निर्माण न होने से छुब्द होकर समाजसेवी ने छठ पूजन के उपरांत घाट पर ही आत्मदा हा करने का प्रयास किया उससे पहले ही सिपाह चौकी इंचार्ज नेहा राय, एल, आई, यू, पुलिस के जवान ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली ले आए और वार्ता कर रहे हैं। ज्ञात हो सड़क निर्माण हेतु मोहल्ले के काफी लोग सभासद, अधिवक्ता, पत्रकार, जिलाधिकारी, मंत्री विधायक, सांसद, नगर पालिका अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका। सभी को कई बार अवगत कराया गया मगर किसी के कान में आज तक जू नहीं रेंग रहा। अब देखना है की कब तक नाली और सड़क का निर्माण होता है।

### सुदामा चरित के साथ ही सम्पन्न हुई भागवत कथा



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर/सुइथाकला।** क्षेत्र के सुइथाकला गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन मंगलवार को कथा वाचक द्वारा सुदामा चरित के साथ किया गया। श्रद्धालु स्रोता भाव विभोर होकर कथा वाचक और आयोजक के प्रति आभार जताते दिखे । गांव निवासी राम चन्दर लाल श्रीवास्तव के आवास पर 15 नवम्बर से चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन मंगलवार को कथावाचक पं. हरिचयन सांडिल्य जी महाराज द्वारा सुदामा चरित के साथ किया गया। इस दौरान उन्होंने व्यास गद्दी से कथा के माध्यम से समाज में निःस्वार्थ भाव से मैत्री सम्बन्धों को निर्वहन करने पर बल दिया । उन्होंने कृष्ण सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए समाज में समता और बन्धुत्व के भाव को जगाने का संदेश दिया। इसके पूर्व आयोजक द्वारा परम्परागत ढंग से भागवत पुराण और व्यास गद्दी का पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात आरती और प्रसाद वितरण कर कथा का समापन हुआ। इस दौरान श्रद्धालु स्रोता भाव विभोर होकर कथा वाचक और आयोजक के प्रति आभार जताते दिखे। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी जयसिंह पुर शिवशंकर मिश्र, पूर्व प्रधानाचार्य डॉ रणजीत सिंह, डॉ रणंजय सिंह, सुधाकर सिंह व विनय कुमार श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### नमामि गंगे योजना के तहत आयोजित हुई प्रतियोगिता



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर/सुइथाकला।** क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय रामनगर में मंगलवार को बच्चों के बीच नमामि गंगे योजना के तहत प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान कक्षा 3 से लेकर के कक्षा 8 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय रामनगर में मंगलवार को उक्त योजना के तहत स्वच्छता एवं स्वच्छ जल विषय पर बच्चों के बीच निबंध और चित्रण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा 3से लेकर कक्षा 8के बच्चों ने प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता में जहां जूनियर से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः सच्ची तिवारी, आर्यन तिवारी व आदर्श तो वहीं प्राथमिक से अनिकेत, प्रिया शर्मा व शुभम तिवारी ने कब्जा जमा कर बाजी मार ली। प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार सिंह प्रतियोगिता में सहयोगी शिक्षकों मुन्नीलाल नाविक, बेचन राम व संतोष कुमार यादव के प्रति आभार प्रकट करते हुए सफल प्रतिभागियों की जमकर सराहना करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामना व्यक्त की। प्रभारी द्वारा बच्चों के बीच नमामि गंगे पर एक गीत भी प्रस्तुत की गई।इस दौरान अमरनाथ, पूनम तिवारी व विद्या मौर्य समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### हाथी का दाँत बना बस्ती का सामुदायिक शौचालय




**जन एक्सप्रेस। जौनपुर/बदलापुर।** एक तरफ सरकार जहां ग्राम पंचायतों को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिये हजारों करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है। वहीं बदलापुर विकास खंड कर्मियों के बदौलत आज भी विकास खंड के कयी ग्राम पंचायतों में लाखों की लागत से बनाये गये सामुदायिक शौचालय अक्सर बंद पड़े हैं।जिससे आज भी ग्रामीणों को शौच के लिये बाहर जाना पड़ रहा है। इसका जीता-जागता उदाहरण विकास खंड बदलापुर के रैभानी पुर गांव से देखा जा सकता है। जहां पिछली पंच वर्षीय योजना में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बना सामुदायिक शौचालय भ्रष्टा चार की भेंट चढ़ा हुआ है। आलम यह है कि शौचालय बाहर से तो रंग रोगन से कम्प्लीट कर दिया गया किन्तु भीतर सीट, टाइल्स व रनिंग वाटर सप्लाई तक का का म नहीं हुआ है। इस संबंध में जब पूर्व प्रधान,सचिव से जानकारी मांगी गयी तो दोनों कन्नीकाट गए। फिलहाल सामुदायिक शौचालय चालू नहीं होने के चलते दलित बस्ती के लोगों को शौच के लिए बाहर जाना पड़ रहा है।

### जिलाधिकारी ने की बैठक समीक्षा संबंधित को दिया निर्देश



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों की योजनाओ की प्रगति व जनपद में चल रही 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सोमवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कृषि, श्रम, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, सहित सभी विभागों की योजनाओ की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागो से लंबित आवेदनों की जानकारी लेते हुए सूचनाओं को पोर्टल पर अपडेट करने, एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के संदर्भ में भी जानकारी ली। सीएम डैशबोर्ड पर जिन भी विभागो यथा ऊर्जा विभाग, एनआरएलएम में ग्राम्य विकास विभाग, दवाओ की उपलब्धता में स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज विभाग, जल जीवन मिशन, सड़कों के अनुरक्षण में पीडब्ल्यूडी आदि द्वारा खराब रैंकिंग प्राप्त हुई थी जिसके कारण जनपद की रैंकिंग प्रभावित हुई उनके प्रति नाराजगी व्यक्त हुए कार्यशैली में बदलाव लाने एवं गंभीरतापूर्वक कार्य करने हेतु निर्देश दिए। जिला प्रोबेशन अधिकारी को कन्या सुमंगला योजना के सभी लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निस्तारित कराने, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा बायोमेडिकल उपकरणों के रखरखाव को ठीक करने, पंचायतीराज विभाग को आरआरसी सेंटर निर्माण एवं भुगतान हेतु एक अभियान चलाने सहित अन्य सभी विभागों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने जनपद में चल रही 50 लाख से अधिक के बजट की परियोजनाओं की समीक्षा की।

# आबादी के निकट बाघ ने गोवंश को बनाया निवाला

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

* गन्ने के खेत में बाघ की मौजूदगी होने से दहशत में लोग
* पिपरिया संतोष में देर शाम बाघ ने दी दस्तक, ग्रामीणों ने शोर मचाकर भगाया

**पूरनपुर।** ढकिया केसरपुर में बाघ ने मंगलवार को एक और छुट्टा पशु को मारकर निवाला बनाया। तीन दिन के भीतर बाघ द्वारा दो पशु मारे जाने से ग्रामीणों में दहशत और बढ़ गई। वहीं गांव पिपरिया संतोष में देर शाम बाघ ने दस्तक दी। उसे गांव की तरफ आता देख ग्रामीणों में खलबली मच गई। उन्होंने हिम्मत जुटाकर हो-हल्ला मचाया। इसपर बाघ वापस खेतों की तरफ चला गया। बाघ की दहशत से लोग परेशान हैं। उनमें वन विभाग के खिलाफ रोष बढ़ रहा है। कलीनगर तहसील क्षेत्र के कई गांवों में करीब छह माह से पीटीआर के बाघ चहल कदमी कर रहे हैं। गांव पिपरिया संतोष में तो पखबाड़ा भर से बाघ आबादी क्षेत्र में डेरा डाले हैं। उसके डर से लोग खेतों पर नहीं जा रहे हैं। हर वक्त अनहोनी की आशंका बनी रहती है। एक दिन पहले बाघ गांव के भगवान दास के घर के सामने पहुंच गया था। गनीमत रही कि घर के बाहर घूम रहे अन्य लोगों की उसपर नजर पड़ गई। शोर-शराबा पर बाघ चला गया। मंगलवार की देर शाम फिर बाघ ने गांव की तरफ रुख किया। उसको आता देख लोगों ने हो हल्ला मचाना शुरू कर दिया। इसपर बाघ वापस गन्ने के खेतों की तरफ चला गया। ग्रामीणों का कहना है कि बाघ ने गन्ने के खेत में डेरा डाल रखा है। उधर, गांव ढकिया केसरपुर में भी बाघ की मौजूदगी बरकरार है। तीन दिन पहले बाघ ने आबादी से कुछ दूर स्थित एक गन्ने के खेत के पास छुट्टा पशु को मार दिया था। मंगलवार तड़के फिर बाघ ने एक और छुट्टा पशु का शिकार किया। दोपहर के वक्त खेतों की ओर गए लोगों की नजर अधखाए पशु के शव पर पड़ी तो उनमें बाघ की दहशत और बढ़ गई। ग्रामीणों का आरोप है कि आबादी क्षेत्र में घूम रहे बाघ को पकड़ने की बजाए वन महकमा सिर्फ निगरानी करा रहा है। इसमें भी खानापूरी की जा रही है। अगर जल्द आबादी से बाघ नहीं पकड़ा गया तो मजबूरन ग्रामीणों को आंदोलन करना पड़ेगा। लोगों में वन विभाग के खिलाफ खासा आक्रोश देखा जा रहा है।

## जैविक खेती से दोगुनी होगी किसानों की आय

* गन्ना महाविद्यालय में चल रही दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन
* कृषि वैज्ञानिकों ने गन्ना फसल की उपज आदि के संबंध में दी जानकारी



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का मंगलवार को समापन हो गया। इसका शीर्षक भारतीय कृषि में गन्ने का महत्व एवं विकास की स्थिति पर एक विश्लेषण रहा। अंतिम दिन भी वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक खेती के लाभ बताए बताए। किसानों को जैविक खेती करने को प्रेरित किया। गन्ना फसल को तमाम प्रकार की जानकारियां दीं।

मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, प्रोफ़ेसर केएन भट्ट, महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा, संगोष्ठी समन्वयक डा. वीके शर्मा आदि ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। प्रिंसी चौहान ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। प्राचार्य ने मुख्य अतिथि को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर और प्रयागराज से आए प्रोफ़ेसर केएन भट्ट को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि भारतीय कृषि में गन्ने के महत्व पर संगोष्ठी हुई। इस देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा शीघ्र ही गोमती स्थल पर प्राकृतिक खेती पर संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। उसमें गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ व छात्रों को बुलाया गया है। यह सौभाग्य की बात है। मुख्य अतिथि ने कहा कि पीलीभीत कृषि प्रधान क्षेत्र है और कृषि के क्षेत्र में उन्नति की संभावनाएं अधिक है। थोड़े प्रयास की आवश्यकता है। उन्होने महाविद्यालय की प्रगति में अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एडीएन वाजपेई और जितेंद्र कुमार मिश्र जिला गन्ना अधिकारी शाहजहांपुर ने ऑनलाइन जुड़कर कई जानकारियां दीं। मां शाकुंभरी देवी राज्य विश्वविद्यालय सहारनपुर के कुलपति प्रोफेसर एसएन सिंह ने लहसुन और गन्ने की उत्पत्ति व उपाधि महाविद्यालय के प्रोफेसर विनय गर्ग ने द्वारा बाजारीकरण पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी के अंत में प्रोफेसर केएन भट्ट ने गन्ने की उत्पत्ति, बाजार में किस तरह से उससे अधिक मूल्य प्राप्त किया जा सकता है इसके संबंध में जानकारी दी। संचालन डा. पिंदर सिंह ने किया। प्रमुख रूप से प्राचार्य डा. सुधीर शर्मा, मोहन सिंह पूर्व प्रबंधक, डा. अर्निका दीक्षित, शोभना मिश्रा, डा. रेखा सिंह, मधुर मिश्रा, सौरभ सक्सेना, विनोद सिंह, अंकित गुप्ता, अनूप शुक्ला, तहमीना समसी, अरविंद दीक्षित, अंशिका शर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

## हिन्दुस्तान ऐसा बने, जहां हर कोई अपने सपने साकार कर सके: सांसद वरुण गांधी

* अमरिया क्षेत्र में जनसंवाद कार्यक्रम में बोले सांसद वरुण गांधी, दो दिवसीय दौरे पर आए थे सांसद



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद भ्रमण के दूसरे दिन सांसद वरुण गांधी ने मंगलवार को मरौरी ब्लॉक के ग्राम कल्यानपुर, टाह व अमरिया ब्लॉक क्षेत्र के रोहतनिया, रफियापुर, भिंडारा, हरदासपुर, भूड़ा कैमोर, देवरनिया तुर्कपुर बड़वार आदि गांवों में जनसंवाद कार्यक्रमों को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने सुबह आठ बजे शहर के असम चौराहा स्थित शंकर सॉल्वेंट में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और जनसमस्याएं सुनी। जनसंवाद के दौरान सांसद वरुण गांधी ने कहा कि देश में ऐसा हिन्दुस्तान बनना चाहिए, जिसमें किसी को यह न लगे कि वह अपने सपने साकार नहीं कर पाएगा। लेकिन अफसोस की बात यह है कि आज हमारे देश में करोड़ों लोग हैं, जिनके अंदर हुनर, प्रतिभा, मेहनत और हिम्मत है, लेकिन उनकी कहीं कोई पहुंच नहीं है। कई साल पहले जब वह पहली बार पीलीभीत से चुनाव लड़ने आए थे, तो एक बुजुर्ग ने कहा था कि आप ऐसे पहले नेता हैं जो राजनीति में ईमानदारी की बात करते हैं। बुजुर्ग ने कहा था कि जब वह छोटे थे तब महात्मा गांधी को देखा था कि वह बिना कपड़े फकीर देश की सेवा में लगे थे। कहा कि उस दौरान मां ने अपना मंगलसूत्र बापू के चरणों देश के ?लिए दे दिया ?था। उन्होंने सच्चाई के दम पर देश को आजादी दिलाई है। आजादी तो मिल गई है, लेकिन लोग अभी भी गुलाम हैं। देश में न तो नैतिकता और न ही सच्चाई बची है। बुजुर्ग ने कहा कि हड्डिया तोड़कर आजादी दिलाई। इसको हल्के में मत देना। देश में आजादी तो मिल गई, लेकिन अफसोस आज भी परिवार का कोई भी सदस्य पुलिस या अधिकारी के पास अपने हक बात करने जाता है तो उसको दबना पड़ता है। इज्जत का रास्ता बहुत कठिन है। गरीबों को लोन लेना बहुत कठिन है, बिना रिश्वत के लोन नहीं मिलता। सांसद के मझोला पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जनसंवाद आदि कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से सांसद सचिव कमलकांत, अमित गंगवार, रमेश लोधी, जगजीत सिंह जग्गू, अजय गोयल, दीपक पांडेय, सूरज शुक्ला, प्रमोद पटेल, बबलू वर्मा, सर्वजीत सिंह छब्बा, जगदीश लोधी, सतनाम सिंह, चरनजीत सिंह, पंकज शर्मा, बालकराम वर्मा, नन्हेंलाल, बंटी मिश्रा, निर्दोष गंगवार, रूपेश गंगवार, राधे गंगवार, प्रदीप वर्मा, भूपराम आदि मौजूद रहे।

## शारदा नदी में पेंटून पुल निर्माण न होने से लोग आक्रोश

* लम्बी लाइन में लगकर लोग होते है परेशान
* शासन के आदेश के बाद भी पुल का नहीं हो सका निर्माण

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



**पूरनपुर।** धनाराघाट शारदा नदी में पेंटून पुल निर्माण न होने से लोगों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाइकों की लगी लम्बी कतार का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के धनाराघाट शारदा नदी पर हर बर्ष बनने बाले पेंटुन पुल एक बार फिर से महीनों देरी के बाद भी नहीं बन सका। विभागीय अधिकारी इसी माह में पेंटून पुल निर्माण का दावा कर रहे रहे है। पेंटून पुल न बनने से हजारा क्षेत्र क लोग नाव पर जोखिम के साथ सफर करने को मजबूर हैं।शासन के निर्देश अनुसार 15 अक्टूबर को पुल से आवागमन शुरू करने के आदेश हैं। लेकिन इसके बाद भी अक्टूबर माह के बाद नवंबर माह शुरू हो गया है। फिर भी पुल निर्माण के लिए अभी तक किसी तरह का कोई समान नहीं पहुंचा। जबकि हजारा क्षेत्र से तहसील मुख्यालय आने के लिए ग्रामीणों को नाव सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीण जान हथेली पर रखकर नाव से आवागमन करने को मजबूर है।हजारों लोग नाव से तहसील मुख्यालय पहुंच रहे हैं।नाव से पार करने के लिए ग्रामीणों को 2 से 3 घंटा धनाराघाट पर खड़ा होना पड़ रहा है। मंगलवार समय लगभग 11 बजे जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## पूरनपुर दि किसान सहकारी चीनी मिल में भाकियू ने जीएम के साथ की वार्ता

* 25 नवंबर से पहले चीनी मिल चालू कराने की मांग
* 25 नवंबर तक चीनी मिल चालू ना होने पर धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

**जन एक्सप्रेस । प्रशांत शर्मा**



**पूरनपुर।** दि किसान सहकारी चीनी मिल में भाकियू ने चीनी मिल चलाने को लेकर जीएम के साथ की वार्ता की । 25 नवंबर तक चीनी मिल चालू ना होने पर धरना प्रदर्शन करने चेतावनी दी है । पूरनपुर दि किसान सहकारी चीनी मिल चालू ना होने की वजह से किसनों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। चीनी चालू कराने को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने ज्ञापन सौंपा था। और 25 नवंबर तक चीनी मिल चालू ना होने पर धरना प्रदर्शन की चेतवानी दी थी। इसी को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के मंडल उपाध्यक्ष लालू मिश्रा सहित पदाधिकारी पूरनपुर दि किसान सहकारी चीनी मिल में पहुंचे, जीएम रमाकान्त वर्मा से चीनी मिल चलाने को लेकर वार्ता की और समय पर चीनी मिल ना चलाने पर 25 नवंबर को चीनी मिल में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। वही जीएम रमाकान्त वर्मा ने इस महीने के लास्ट तक चीनी मिल चालू कराने को लेकर भाकियू को आश्वासन दिया है।

### 20 दिन में 3579 टन धान की हुई खरीद

**जौनपुर।** जिले में धान खरीद के लिए कुल 153 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों से अब तक 563 किसानों से 3579 टन धान की खरीद हो गई है। शासन ने इस बार 1.80 लाख टन खरीद का लक्ष्य तय किया है। हालांकि धान की खरीद के पहले दिन ही तीन किसानों से 134 क्विंटल धान की खरीद हो गई थी।

## पुलिस बदमाशों के बीच हुई गोलीबारी, बाल बाल बचे थानेदार, एक बदमाश घायल

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



**मछलीशहर।** बीती रात में पुलिस और बदमाशो के बीच जमकर गोलियां दागी गई, दोनों तरफ से हुई गोलीबारी की घटना में थानाध्यक्ष मछली शहर की जान बच गई जबकि पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया तथा दो अरोपी अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गए। घायल बदमाश और फरार हुए आरोपियों ने बीते 15 नवम्बर को मछलीशहर इलाके में एक सराफा व्यापारी को गोली मारकर लूटपाट किया था। गिरफ्तार अरोपी के कब्जे से तमन्चा कारतूस, लूट की नकदी, ज्वेलरी व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुआ है।

पुलिस मीडिया सेल के अनुसार एसपी डा0 अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष मछलीशहर, थानाध्यक्ष पवारा व थानाध्यक्ष मुगराबादशाहपुर मय हमराह द्वारा सघन वाहन/संदिग्धों की चेकिंग की जा रही थी, दौरान चेकिंग अचानक एक पल्सर मोटर साइकिल पर सवार तीन व्यक्ति खाखोपुर की तरफ से आते हुए दिखाई दिये, जो पुलिस बल को देखकर तेज रफ्तार से मुड़कर भागने लगे, जिसपर पुलिस बल अपने अपने वाहनों से उनका पीछा किये, बदमाश तेजी से चलाते हुए पूराफगुई नहर पुलिया से उतर कर नहर की दाहिने पटरी वाली पिच रोड जो निकामुद्दीनपुर की तरफ जाती है, पर मुड़कर भागने लगे कि पीछा कर रही पुलिस टीम पर बदमाशों द्वारा जान से मारने की नियत से लक्ष्य बनाकर फायर कियें। पुलिस बल द्वारा घेराबन्दी कर बदमाशों को आत्मसमर्पण हेतु बार बार कहने पर भी बदमाशों द्वारा चेतावनी अनसुनी करते रहे और पुनः पुलिस वालों पर जान से मारने की नियत से लक्ष्य बनाकर फायर कर दिये जो थानाध्यक्ष मछलीशहर की बुलेट प्रूफ जैकेट पर बायें सीने की तरफ लगा। आत्मरक्षार्थ में थानाध्यक्ष मछलीशहर एवं थानाध्यक्ष मुगराबादशाहपुर तथा थानाध्यक्ष पवारा द्वारा अपनी अपनी सर्विस पिस्टल से एक-एक राउण्ड फायर किया गया। कुछ देर बाद बदमाशों की तरफ से फायर आना बन्द हुआ, इस पर हिकमत अमली अख्तियार करते हुए आगे बढ़े तो देखा गया कि एक बदमाश कराह रहा है तथा जिसके बायें पैर में गोली लगी है, शेष दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहें ।

## पुरानी पेंशन को लेकर हड़ताल पर जाने के लिए भरवाये सहमति पत्र

**जन एक्सप्रेस । राजकुमार**



**पीलीभीत।** मंगलवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद एवं पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के संयुक्त तत्वाधान में उत्तर प्रदेश राज्य के अंदर विभिन्न सरकारी विभागों में कर्मचारियों द्वारा पुरानी पेंशन बहाली के लिए हड़ताल पर जाने हेतु सहमति पत्र भरवा गए। जनपद में 40 विभिन्न सरकारी कार्यालयों में सहमति पत्र भरवाए गए। जिले में अनूप कुमार, विनोद कुमार, मुकेश कुमार, अशोक कुमार, अतहर हुसैन, सदाकत उल्लाह, मुरारी लाल गंगवार, मनोहर सिंह यादव, अश्वनी राजा, के पी सिंह आदि कर्मचारियों ने सहमति पत्र भरवाने में सहयोग किया। इस मौके पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद पीलीभीत के जिला मंत्री हरिओम चौधरी एवं नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन पीलीभीत के जिला अध्यक्ष दिलीप यादव द्वारा सहमति पत्र भरने हेतु कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया।

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने पेश किए बेहतरीन मॉडल

* सिटी पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी, मेडिकल कैंप एवं प्रतिभा प्रदर्शन आयोजन

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



**मुंगराबादशाहपुर।** सिटी पब्लिक स्कूल मुंगरा बादशाहपुर में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी,नागरिक शास्त्र प्रदर्शनी, वैदिक विज्ञान, क्षेत्र अर्थव्यवस्था, आधुनिक भारत, कंप्यूटर, आधुनिक व भविष्य में मुंगराबादशाहपुर मॉडल, महापुरुषों का इतिहास, न्याय प्रणाली पद्धति व मेडिकल कैंप आदि का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी त्रिवेणी सिंह व विद्यालय प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शनी में कक्षा 6 से लेकर कक्षा 12 तक की छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं में करिश्मा गुप्ता, सोनाक्षी सिंह, समृद्धि, अनुष्का, सुहाना, नीतिका, आकांक्षा चौरसिया,प्रिया, तृषा,करिश्मा गुप्ता ,आयुषी ,अंकित व शिवांगी ने विजयनगर रियासत, प्राकृतिक आपदा, मानव संरचना, यूरोपियन ट्रेडर्स, न्याय प्रणाली पद्धति, पवन चक्की, बेस्ट मैनेजमेंट, चंद्रयान 3, मुंगराबादशाहपुर का आधुनिक व भविष्य विकास, वैदिक विज्ञान, हिस्ट्री ऑफ इंग्लिश लिटरेचर, परमाणु विकास संरचना, डिजिटल इंडिया, प्रदूषण रहित स्मार्ट सिटी, भारत की अर्थ-व्यवस्था , सौरमंडल जल व ऊर्जा संरक्षण,अंतरिक्ष व पाचन तंत्र आदि मॉडल पेश किया। कक्षा 12 की छात्राओं द्वारा मुंगरा बादशाहपुर का आधुनिक व भविष्य विकास मॉडल आकर्षण का केंद्र बना रहा।मुख्य अतिथि थाना प्रभारी त्रिवेणी सिंह ने छात्र-छात्राओं के मॉडल की सराहना की उन्होंने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी में बच्चों एवं लोगों के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्र विशेषज्ञ डॉअमित गुप्ता, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील पांडेय व दंत चिकित्सक डॉ निधि जायसवाल ने निशुल्क कुल 255 छात्र-छात्राओं का परामर्श दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्रा व शिवचंद तिवारी, पूजा गुप्ता, सीता गुप्ता, पल्लवी जायसवाल, राजकुमार गुप्ता, नीरज मिश्रा, प्रियंका गुप्ता, अभिषेक तिवारी, बबीता दुबे, सतीश सोनी, इंद्रजीत यादव, रंजीत गुप्ता व सुभाष मिश्रा आदि लोग ने प्रदर्शनी सफल होने में सहयोग किया।

# चार बच्चों की मौत में आया नया मोड़, पिता ने निगला कीट नाशक

- पत्नी व परिजन पिता पर बच्चों को जहर देने की जता रहे थे शंका
- पोस्टमार्टम में बच्चों के पेट में जहरीला तरल, बिसरा किया गया सुरक्षित
- जिला अस्पताल में भर्ती मृतक बच्चों का पिता वीरेंद्र

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



बारासगवर क्षेत्र के लालमनखेड़ा गांव में चार बच्चों की करंट से मौत होने के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पोस्टमार्टम में बच्चों के पेट से जहरीला तरल मिलने पर बिसरा सुरक्षित किया गया। पत्नी समेत परिजनों ने मृतक बच्चों के पिता पर शंका जताई तो उसने मंगलवार को कीटनाशक खा लिया। उल्टियां होने पर घरवालों को जानकारी हुई तो खलबली मच गई। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि बीते रविवार की शाम बरासगवर थाना लालमनखेड़ा गांव निवासी वीरेंद्र के चार मासूम बच्चे मयंक, हिमांशी, हिमांक व मानसी के शव कोठरी में पड़े मिले थे। बच्चों पर फर्राटा पंखा पड़े होने से पंखे करंट से मौत की आशंका जताई गई थी। सोमवार को हसनगंज सीएचसी के डॉ. रुद्रांश मिश्र और अचलगंज सीएचसी के डॉ. आशुतोष वार्ष्णेय ने वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम किया। रिपोर्ट के अनुसार एक बच्चे पैर और गले में करंट लगने के निशान मिले। बाकी तीन बच्चों के पेट में जहरीला पदार्थ जैसा तरल मिला है। इसके चलते विसरा सुरक्षित किया गया है। इसके बाद से परिवार की ओर से आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। बच्चों की मां शिवदेवी व मामा के अलावा चचेरे बाबा ने दिवंगत बच्चों के पिता वीरेंद्र पर ही हत्या का शक जताया। इसी के बाद मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे वीरेंद्र ने कीटनाशक खा लिया। उल्टियां कराने पर गोली पेट से बाहर निकल गई। चारपाई के पास एक डिब्बी पड़ी मिली। छह गोली वाली डिब्बी में दो ही गोलियां मिली हैं। जब पिता वीरेंद्र ने डेढ़ माह पहले बारासगवर के धानीखेड़ा स्थित एक बीज भंडार से कीटनाशक खरीदने की बात कही है। तीन गोली कहां गई, यह बात पूछे जाने पर वीरेंद्र चुप्पी साध गया। अंदेशा जताया जा रहा है कि यही गोलियां बच्चों को किसी चीज में मिला कर दी गई हैं। अंदेशा जताया जा रहा है कि राज खुलने और आत्मग्लानि के चलते वीरेंद्र ने यह आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल वीरेंद्र को बीघापुर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। उधर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट का हवाला देते हुए बच्चों की मौत करंट से होने की बात कही है। उन्होंने बताया कि एहतियातन बिसरा सुरक्षित कर उसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

## खुशहाल परिवार दिवस पर दी गई सुरक्षित गर्भ समापन की जानकारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



बीते दिन मगंलवार को महिला जिला अस्पताल डफरिन में खुशहाल परिवार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभांरभ सर्व प्रथम महिला जिला अस्पताल डफरिन की सी.एम.एस. डॉक्टर सीमा श्रीवास्तव, मेनेजर दरक्षा, ओ.पी.डी. इन्चार्ज राजकपूर, फैमली प्लानिंग की काउंसलर रजनी प्रभा, सांझा प्रयास से मंजूलता दुबे ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों के स्वाथ्य की कामना करते हुए किया, इसी क्रम में उपस्थित गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया बच्चों का टीकाकरण किया गया, आयोजित कार्यक्रम में आने जाने वाले प्रतिभागियो को सुभाष चिल्ड्रेन सोसाइटी के तत्वाधान में चल रहे कार्यक्रम सांझा प्रयास की मंजूलता दुबे द्वारा सुरक्षित गर्भ समापन की जानकारी दी गई, प्रतिभागी महिलाओं को काउंसलर रजनी प्रभा तथा मंजूलता दुबे द्वारा गर्भनिरोधक साधनों की विस्तृत जानकारी देते हुए गर्भ निरोधक साधनों का वितरण किया गया ताकि बच्चों में अन्तर रखा जा सके और परिवार को खुशहाल बनाया जा सके कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला जिला अस्पताल डफरिन की सी.एम .एम डॉक्टर सीमा श्रीवास्तव, मेनेजर दरक्षा, काउंसलर रजनी प्रभा, सीनियर ए एन एम रमाकान्ती, किरन, ओपीडी इन्चार्ज राजकपूर सांझा प्रयास नेटवर्क से मंजू लता दुबे सहित 305 से अधिक प्रतिभागी महिलाएं उपस्थित रहे।

## पानी भरी खंती में डूबते बची छात्रा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

मंगलवार को स्कूल से लौटते समय साईकिल अनियंत्रित होने से 12 वर्षीया छात्रा पानी भरे खंती में डूबने लगी। जिसे राहगीरों बाहर निकल परिजनों की मदद से फौरन पुरवा सीएचसी में भर्ती कराया है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मकदूमखेड़ा गांव निवासी विजय कुमार की 12 वर्षीया पुत्री अंशिका कक्षा 7 की छात्रा है। मंगलवार की सुबह वह साईकिल से क्षेत्र के गांव बाजारखेड़ा स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज गई थी। जहां से दोपहर 2 बजे वापस घर लौट रही थी। जहां पुरवा-सोहरामऊ मार्ग पर स्थित अभूसा गांव के पास पहुंचते ही उसकी अचानक साईकिल अनियंत्रित हो गई। जिससे वह साईकिल समेत सड़क के नीचे पानी भरी खंती में जा गिरने से वह पानी में डूबने लगी। तभी साथ के छात्रों ने राहगीरों की मदद से अंशिका को पानी से बाहर निकाला।सूचना पर पहुंचे स्वजन अंशिका को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां उसे भर्ती कर उपचार जारी है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार किशोरी घायल, गंभीर

- जिला अस्पताल में घायल का इलाज करते स्वास्थ्य कर्मी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



ट्रक की टक्कर से बाइक सवार किशोरी गम्भीर रूप से घायल हो गई जिसे आनन फ़ानन में उपचार के लिए सीएचसी बिछिया भेजा गया। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के ग्यारह मील गंदा नाला पेट्रोल टंकी के पास बाइक सवार किशोरी लक्ष्मी देवी (17) पुत्री मैकू लाल निवासी रसीद पुर थाना पुरवा अपनी बाइक से दीदी के घर दरोगा खेड़ा के लिए जा रही थी। अभी असोखर खेड़ा के पास पहुंची ही थी कि दही चौकी की तरफ से आलू लादकर आ रहे ट्रक का पिछला टायर फ़ट जाने से अनियंत्रित हो गया। ट्रक की चपेट में आने से लक्ष्मी गम्भीर रुप से घायल हो गई। मौके पर राहगीरो और पुलिस की सहायता से ट्रक के नीचे से किशोरी को बाहर निकाला गया और एम्बुलेंस की सहायता से बिछिया सीएससी भेजा गया। जहाँ हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने जिला अस्पताल के लिए भेज दिया है। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला पुलिस से ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

## पीएमजेवाई के सुपरवाइजर की पीटीआर मशीन की चपेट में आकर मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना में काम कर रहा सुपरवाइजर पीटीआर मशीन की चपेट में आकर घायल हो गया। साथी कर्मचारी उसे लेकर सीएचसी पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत असोहा क्षेत्र के रायपुर नहर पुल से मिर्रीकला तक करीब छह किलोमीटर तक सड़क का निर्माण चल रहा है। मंगलवार डामरीकरण के दौरान दोपहर करीब तीन बजे आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के गांव त्रीलंगे निवासी सुपरवाइजर एसराजशेखर (24) पुत्र रामाराव अचानक डामर डाल रही पीटीआर मशीन के नीचे आकर दब गया। काम कर रहे साथी मजदूरों ने उसे मशीन से बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के साथी विजय कुमार ने बताया कि एस राजशेखर के परिजनों को फोन से सूचना दी गई है। बेटे की मौत से मां कुंवारी और पिता रामाराव सहित अन्य परिजन बेहाल हैं। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि सीएचसी से जानकारी के बाद शव पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया गया है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## जिला कारागार में बन्दियों को बाँटे गये कम्बल





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन मंगल को शुभम गोल्डी मसाले प्राइवेट लि0, 194 बी दादा नगर इण्डस्ट्रियल इस्टेट, कानपुर नगर द्वारा जिला कारागार, कानपुर नगर में निरूद्ध बन्दियों के उपयोग हेतु 700 नग ऊनी कम्बल प्रदान किये गये। इस अवसर पर शुभम गोल्डी मसाले प्राइवेट लि0 के डायरेक्टर सुदीप गोयनका तथा शुभम गुप्ता, डायरेक्टर उपस्थित रहे। कारागार अधीक्षक डॉ0 बी0डी0 पाण्डेय द्वारा बताया गया कि शुभम गोल्डी मसाले प्राइवेट लि0 द्वारा बन्दियों के उपयोगार्थ दिये गये कम्बल अच्छी गुणवत्ता के हैं। इन्हें आवश्यकतानुसार बन्दियों को वितरित किया जा रहा है। कारागार अधीक्षक द्वारा शुभम गोल्डी मसाले प्राइवेट लि0 के इस सराहनीय कार्य के लिये एक प्रशंसा-पत्र निर्गत करते हुये हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर जेलर अनिल कुमार पाण्डेय व राजेश कुमार एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## यात्री जन कल्याण समिति ने यात्रियों को जागरुक करने के साथ बांटे लंच पैकेट



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन शहर में मंगलवार को यात्री जन कल्याण समिति द्वारा कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर सफाई योद्धा, कुली व स्टेशन के बाहर गरीब असहाय जनों को 500 लंच पैकेट का वितरण किया गया साथ ही समिति के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय जितेंद्र कुमार पाण्डेय एडवोकेट के द्वारा स्टेशन निदेशक आशुतोष सिंह तथा उपनिदेशक संतोष चंद्र त्रिपाठी सहित स्टेशन मास्टर अनिल कुमार तिवारी जी को समिति की एक स्मारिका भेंट की गई, इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने का आवाहन किया तथा उपस्थित सभी यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा की यात्रा के दौरान यात्री गण ज्वलनशील पदार्थ जैसे गैस सिलेंडर केरोसिन तेल आदि साथ लेकर यात्रा न करें इस प्रकार सुरक्षित यात्रा करने का निवेदन भी किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति की सचिव श्रीमती मंजू पांडे संरक्षक विकास अग्रवाल नगर अध्यक्ष शेषनारायण मिश्रा महामंत्री रामानुज तिवारी उपाध्यक्ष दाताराम प्रेम कुमार मिश्रा सहित स्मिता शुक्ला प्रियांशु दुबे उर्मिला बबली रजनी केसर रूबी संतोष पांडे बृजेश मिश्रा सहित समिति के समस्त सदस्य व पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## कर्ज के बोझ तले दबे युवक ने लगाई गंगा में छलांग

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर निवासी श्रेयांश मिश्रा ब्रेड का काम करता है। उसके ऊपर पचास हजार रूपये का कर्ज हो गया था। जिससे वह काफी दिनों से परेशान चल रहा था। सोमवार रात लगभग साढ़े आठ बजे वह नवीन गंगा पुल पर पहुंचा। जहां बाइक सड़क पर खड़ी कर गंगा में छलांग लगा दी। गंगा में कूदने की आवाज सुन तट पर मौजूद नविको ने किसी तरह उसे बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा है।

### आज से स्पेशल ओपीडी कक्ष का होगा आरम्भ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

लाला लाजपत राय चिकित्सालय कानपुर में 22 नवंबर से एक स्पेशल ओपीडी कक्ष संख्या 24 मे आरंभ किया जाएगा। जिसमें विशेषज्ञों और चिकित्सकों द्वारा सोमवार से शनिवार तक प्रत्येक दिन विभिन्न रोगों का उपचार किया जाएगा।

## न्यू आजाद नगर और सतबरी में खराब बिजली सप्लाई से जनता बेहाल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के न्यू आजाद नगर सतबरी क्षेत्र में दीपावली के एक दिन पहले से खराब बिजली सप्लाई की जा रही है। बिजली सप्लाई में एक हलचल बनी रहती है जैसे जनरेटर के माध्यम से बिजली दी जा रही हो। इतने दिनों बात भी समस्या का हल नही निकल पाया है और लोगों के घरों के इलेक्ट्रानिक सामान खराब हो रहे है। कानपुर नगर का बाहरी क्षेत्र जो बाईपास के पार है न्यू आजाद नगर, सतबरी, यहां दीपावली के एक दिन पहले से खराब बिजली सप्लाई हो रही है, जिसके कारण लोगो के घरों में समर सिंबल पंप, टीवी, वॉशिंग मशीन आदि अन्य उपकरण नही चल पा रहे हैं। लोगों की मानें तो बिजली में लगातार हलचल बनी हुई है। लो-हाई करंट लगातार आ रहा है और दीपावली बीतने के इतने दिन बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों द्वारा यह भी बताया गया कि इसकी शिकायत भी की गयी है लेकिन अभी तक कोई निराकरण नही किया गया, ऐसे में घर के इलेकट्रिक्स सामान खराब हो सकते है।

## पोनी रोड में हुआ श्री राम कथा का आयोजन

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

श्री मां गंगा सेवा समिति एवं सनातन परिवार के तत्वावधान में पोनी रोड में श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जहां मंगलवार को पहले दिन सुबह वैदिक मंत्रों के बीच गणेश पूजन के साथ ही ध्वज पूजन हुआ। जिसके बाद कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें क्षेत्र की महिलाएं मौजूद रहीं। कलश यात्रा गंगातट पहुंची और वहां से जल लेकर दुर्गा मंदिर होते हुए वापस मंदिर स्थल पहुंची। यात्रा के समापन के बाद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर श्रीकांत पांडे, वासुदेव शुक्ला, संदीप पांडे, मौजूद रहे।

## खेत की रखवाली करने गए किसान की संदिग्ध हालात में मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सदर कोतवाली के मासवासी गांव में खेत में फसल की रखवाली करने गए किसान का शव मंगलवार सुबह चारपाई पर पड़ा मिला। परिजनों ने शव देख साड़ के हमले से मौत की आशंका जताते हुए सूचना पुलिस को दी। पोस्टमार्टम में दो चोटें मिली हैं। सदर कोतवाली के मसवासी गांव निवासी किसान राजबहादुर गौतम (57) खेती कर परिवार का पालन पोषण करता था। सोमवार रात वह खेत में गाजर की फसल की रखवाली करने गया था। मंगलवार को घर न लौटने पर बेटा शिवम खेत पहुंचा तो पिता का शव पड़ा देख घर वालों को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच में साड़ के हमले से मौत का अंदेशा जताया। पोस्टमार्टम में सिर और सीने में अंदरूनी दो चोटें मिली हैं। इसमें सिर की चोट से मौत की पुष्टि हुई है। पति की मौत से पत्नी रूपरानी और पांच बच्चों में चार बेटी और एक बेटा है। इसमें कंचन और महिमा की शादी हो चुकी है। कोतवाल पीके मिश्र ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## जीव माया के वशीभूत हो ईश्वर की परम सत्ता को भूल जाता है: शिवाकांत महाराज

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात







जनकपुरी मैदान अकबरपुर में चल रही साप्ताहिक श्रीमद् भागवत महापुराण की पावन कथा एवं सनातन सत्संग महोत्सव के समापन के दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास पं0 शिवा कान्त महाराज द्वारा श्रोता समाज को समझाया कि सुदामा ही जीव है सुशीला ही बुद्धि है बुद्धि रूपी सुशीला से जीव रूपी सुदामा प्रेरित होकर के जब परमात्मा की शरणागति ग्रहण करता है तो उसे परम गति प्राप्त होती है सुदामा जी को भगवान ने द्वारिका जैसी संपत्ति प्रदान कर दी लेकिन सुदामा जी ने उसका उपभोग नहीं किया और अंत में परमधाम को प्राप्त किया कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण के 16108 विवाह के विषय में विस्तार पूर्वक श्रोता समाज को समझाया एवं बेटियों के विषय में वर्णन किया समाज से अपील करते हुए कथा व्यास ने बताया कि बेटियों को मारना नहीं चाहिए बल्कि बेटियों को जन्म देने की जरूरत है बेटियां घर की लक्ष्मी होती है जो कि हर किसी को प्राप्त नहीं होती है बहुत सौभाग्यशाली वह व्यक्ति होते हैं जिनके यहां पर बेटियां जन्म लेती हैं यही बेटियां आगे चलकर दो परिवारों के मिलन का अहम हिस्सा बनती हैं इसलिए आप सभी लोग बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ आज की कथा में सुदामा जी की झांकी दिखाई गई एवं राधा कृष्ण के साथ में श्रोता समाज ने फूलों की होली खेली गई फूलों की होली कार्यक्रम में श्रोता समाज झूमते एवं नाचते हुए दिखाई दिए फूलों की होली के साथ में कथा का विराम हुआ कथा के विराम में कथा व्यास को चांदी का मुकुट पहनाया सम्मानित किया सह यजमान अंजू मिश्रा, ऋषभ गुप्ता अक्षय मुंबई से आए कथा सुनने फिल्म इंडस्ट्रीज में काम करते हैं, कथा के प्रधान यजमान रामचंद्र गुप्ता, अंजू मिश्रा, जितेंद्र गुप्ता, अमरीश, राजेश गुप्ता, डॉक्टर राजेंद्र सिंह, शिखा सिंह, आदि भक्त कथा में यजमान रहे आज की कथा में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए डॉक्टर नरेंद्र द्विवेदी, उदय सिंह, महेश त्रिवेदी, राहुल अग्निहोत्री, मनीष गुप्ता औरैया, तिलक सिंह चौहान, पूर्व फौजी धर्मेंद्र सिंह पाल पूर्व किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कानपुर ग्रामीण, बृजेश मिश्रा आदि बड़ी संख्या में कानपुर देहात के श्रोता गण कथा में उपस्थित रहे कथा की पूरी विस्तार पूर्वक जानकारी महाराज के पीआरओ पं0 उत्तम शुक्ल द्वारा दी गई कथा के दौरान यहां के बड़े बुजुर्ग भावुक दिखे जिन्होंने व्यास पीठ पर पहुंचकर व्यास जी का सम्मान करते हुए बताया कि व्यास जी के द्वारा बहुत सुंदर तरीके से हम सभी को भारतीय सनातन संस्कृति के बारे में बताया एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की पावन पवित्र कथा सुनाई गई महाराज ने बताया कि सनातन का दूसरा नाम है सदातन जो सदैव तना रहेगा सनातन का मूल्य उद्देश्य है भगवान विष्णु विश्व की धरा पर जब तक एक भी मनुष्य जीवित है तब तक सनातन जीवित हैं विश्व में सनातन के अलावा जो भी पंत मजब है विश्व में केवल एक ही धर्म है जोकि सनातन ही है और रहेगा प्रत्येक विश्व के नागरिक को सनातन मय होना चाहिए और सनातन संस्कृति को मनाना चाहिए महाराज श्री के द्वारा बताया गया महाराज ने श्रोता समाज से को बताया की प्रत्येक मनुष्य को एक वृक्ष लगाना ही चाहिए क्योंकि एक वृक्ष अपने पुत्र के समान होता है प्रत्येक मनुष्य को पानी भी बचना चाहिए प्रत्येक मनुष्य को धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए भारतीय सनातन संस्कृति कभी भी लड़ाई झगड़ा आपसी मतभेद नहीं सिखाती है आदि उक्त बातें महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण की पावन कथा में बताई गई।

## सास और जेठानी को कोर्ट ने सुनाई उम्र कैद की सजा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



जनपद की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में दहेज हत्या मामले में सास और जेठानी को उम्र कैद की सजा सुनाने के साथ-साथ जेठ और ससुर को बरी कर दिया गया है, सजा पाई आरोपी महिलाओं पर 52000 का जुर्माना भी लगाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा चौकी निवासी गफ्फार अली ने 1 फरवरी 2019 को उनकी बहन को जलाकर मार डालने के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, आरोप था कि उसकी बहन मोमिना पत्नी असलम अपनी ससुराल में थी। सास मेहरुन्निशा, ननद आशिदा, जेठानी अजीजून निशा, ससुर अकबर अली, जेठ अली मोहम्मद ने बहन को मारा पीटा और उसके ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी, भाई सूचना पर जब बहन की ससुराल पहुंचा तो उसकी हालत गंभीर थी, कोतवाली पुलिस ने सास, ननद, जेठानी, ससुर और जेठ के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की थी। इलाज के दौरान मोमिना की जिला अस्पताल में मौत होने पर विवेचक ने दहेज हत्या की धारा की बढ़ोत्तरी करके आरोपियों के खिलाफ कोर्ट मे चार्ज शीट दाखिल की थी। फास्ट ट्रैक प्रथम की कोर्ट में मुकदमा की सुनवाई चली, इस दौरान विशेष लोक अभियोजक दीपक मिश्रा की दलीलों व पुलिस पेश के द्वारा किए गए साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश रवि प्रकाश साहू ने सास मेहरुन्निशा व जेठानी अजीजून निशा को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही साथ 52000 का जुर्माना भी लगाया है।न्यायाधीश ने जेठ व ससुर को बरी किया है

## 23 नवंबर से बढ़ेगी सर्दी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि 23 नवंबर को एक ताज़ा कमजोर पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय के पास पहुँच सकता है। जिससे सर्दी बढ़ने की संभावना है। हालांकि आने वाले पांच दिनों में आसमान साफ रहने के कारण वर्षा की कोई संभावना नहीं है। यह जानकारी मंगलवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने दी।

## शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी का विरोध करना किया आरंभ

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जनपद में बेसिक शिक्षा परिषद के द्वारा संचालित विद्यालयों को पूरी तरह से डिजिटलाइज करने की तैयारी को शुरू किया जा चुका है इस बाबत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जिलों में नई व्यवस्था लागू हो गई है। टाइम एंड मोशन स्टडी के संबंध में शासन की तरफ से जारी निर्देश के अनुसार शिक्षक डायरी को छोड़कर आय-व्यय पंजिका समेत सभी चीजों को डिजिटलाइज किया जाना है। इस प्रणाली से स्कूलों में होने वाले सभी क्रियाकलापों और पंजिकाओं की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा सके, परंतु जनपद में बीते दिन इसका शिक्षकों के द्वारा विरोध जताकर हंगामा जमकर काटा गया। ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में एक सैकड़ा से अधिक शिक्षक सड़कों पर उतरे हैं। लगभग सभी ब्लॉकों में सैकड़ों शिक्षकों ने ऑनलाइन हस्ताक्षर का विरोध करना आरंभ किया है। छह ब्लाकों से शिक्षकों का विरोध सामने आया है। ब्लॉकों के शिक्षकों का कहना है कि ऑनलाइन हाजिरी या टैबलेट से हाजिरी नहीं करेंगे, विरोध प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों को समझाने का प्रयास भी किया गया और काफी देर तक शिक्षकों को समझने में जुटे रहे बावजूद शिक्षक इसका विरोध करते रहे। जनपद के गंजमुरादाबाद और हसनगंज में बीते दिन पूरी तरह से शिक्षण कार्य बाधित रहा इसके पीछे की वजह है कि शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी या टैबलेट से हाजिरी करने से शिक्षक नाराज हैं,शिक्षकों का कहना है जिस तरह से हाजिरी का सिस्टम चल रहा है वही लागू रखा जाए।

## मेले का ठेका देने के लिए खुली बोली का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज

कार्तिक मेले को लेकर गंगा के किनारे लगने वाले मेले के लिए ठेके के लिए पालिका कार्यालय में खुली बोली का आयोजन किया गया। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक ठेकेदार पहुंचे और बोली लगाई गई, तालमेल के चलते पुरानी बोली का ठेका लगभग डेढ़ लाख में उठा दिया गया है। गंगाघाट नगर पालिका पालिका कार्यालय में कार्तिक मेले के ठेका को लेकर बोली का आयोजन किया गया। ईओ मुकेश मिश्रा की अध्यक्षता में बोली का शुभारम्भ हुआ। इस दौरान प्रतिमा त्रिवेदी, मीना शर्मा, सत्येन्द्र सिंह, गीतांजलि अवस्थी, नरमा देवी, वीरेन्द्र उपाध्याय, राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने पंजीकरण करा बोली में हिस्सा लिया। सरकारी बोली 1 लाख 45 हजार 200 रुपए से शुरू की गई लेकिन ठेकेदारों में आपसी तालमेल बैठाकर पहली बोली एक लाख से शुरू की गई, जो आखिर में 1 लाख 48 हजार पर प्रतिमा त्रिवेदी के नाम छूटी। दूसरे स्थान पर 1 लाख 47 हजार पर राजेन्द्र प्रसाद की बोली रही। बोली के दौरान सभासद अभिषेक शुक्ला, विशाल त्रिपाठी, रोहित कटारिया, संजय, फुरकान खान, धमेन्द्र सिंह चौहान, योगेश मिश्रा, प्रद्युम्न मिश्रा, अरविंद कुमार, धर्मेन्द सोनकर के अलावा पालिका कर्मी मौजूद रहे।

